सुविचार
असली धैर्य तब है जब हालात कठिन और रोशनी शून्य हो, फिर भी आप चलते रहें।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16, मूल्य ₹6.00 | वर्ष 19, अंक 18

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,599.91 | ↓ | -585.67 |
| डॉलर | 87.53 | ↓ | -0.12 |

देश में मानसून औसत बारिश 479.9 मिमी
आपके शहर में अब तक 337.7 मिमी | कम/ज्यादा +78.8 मिमी

नई दिल्ली, शनिवार 2 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण


## पॉजिटिव न्यूज

### झारखंडः पढ़ाई का 24X7 मॉडल, सरकारी स्कूलों की रैंकिंग सुधरी

रांची | झारखंड में 24×7 मॉडल से पढ़ाई वाले सरकारी स्कूलों में स्टूडेंट जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं। दुमका जिले से शुरू तकनीक-संचालित शिक्षण कार्यक्रम अब कक्षा 9 से 12 के लिए पूरे राज्य में लागू किया जा रहा है।

**क्या है खासियतेंः** पर्सनल 'क्लास' के एआई आधारित ऑनलाइन मॉडल से हर छात्र को रात-दिन कभी भी शिक्षक से जुड़ने की सुविधा है।

**सिलेबस पर फोकसः** विषय विशेषज्ञों की कमी हो, तो स्कूलों में 'लाइव' ऑनलाइन क्लास के जरिए सिलेबस समय पर पूरा किया जाता है।

**एआई से निगरानीः** कमजोर प्रदर्शन वाले छात्रों की पहचान कर उन्हें अतिरिक्त सहायता दी जाती है। रोजाना मूल्यांकन के जरिए उनके सुधार की निगरानी की जाती है।

**करियर काउंसिलिंगः** नोट्स, फार्मूला शीट्स, मॉक टेस्ट के सवाल देते हैं। मासिक करियर काउंसलिंग की सुविधा दी है।

**नतीजाः** कई स्कूल राज्य रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। दुमका में 12वीं विज्ञान में पास प्रतिशत 2023 के 74.7% से बढ़कर 2025 में 88.4% तक पहुंच गया। इसमें सुपर 30 प्रोग्राम से कई छात्र जेईई, नीट में भी पास हुए हैं।

**ट्रम्प की चाल** • दक्षिण एशिया में दोहरी नीति अपना रहे हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

# भारत पर ट्रम्प टैरिफ अब 7 से, चीन को मोहलत दी, पाक को मिली राहत

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

वॉशिंगटन | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को लगभग 70 देशों के लिए टैरिफ की फाइनल लिस्ट के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किए। भारत पर टैरिफ अब 7 अगस्त से लागू होंगे। ट्रम्प ने दक्षिण एशिया में दोहरी नीति अपना भारत पर सर्वाधिक 25% जबकि सबसे कम पाकिस्तान पर 19% टैरिफ रखा है। हालांकि ट्रम्प के ऑर्डर में भारत पर पैनल्टी का कोई जिक्र नहीं किया गया है। जबकि दो दिन पहले ट्रम्प ने कहा था कि रूस से हथियार और तेल आयात करने पर भारत पर पैनल्टी लगाई जाएगी।



टैरिफ लिस्ट में चीन को मोहलत देते हुए कोई जिक्र नहीं किया है। सूत्रों के अनुसार चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड डील के बाद ही टैरिफ तय किया जाएगा। ट्रम्प ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला पर पूर्व राष्ट्रपति बोल्सेनारो के साथ बुरा बर्ताव करने पर सर्वाधिक 50% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। फेंटेनाइल ड्रग्स पर रोक नहीं लगाने पर कनाडा पर 35% टैरिफ लगाया है। मैक्सिको को 90 दिन की मोहलत दी गई है।

**भास्कर नॉलेज**

### असर कम... क्योंकि 42 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक, फार्मा एक्सपोर्ट अमेरिकी कानून से टैरिफ मुक्त हैं

**पड़ोस में ट्रम्प टैरिफ**

| देश | टैरिफ | पूर्व टैरिफ |
|---|---|---|
| भारत | 25% | 26% |
| बांग्लादेश | 20% | 37% |
| श्रीलंका | 20% | 44% |
| पाकिस्तान | 19% | 29% |
| नेपाल | 10% | - |
| मालदीव | 10% | - |
| भूटान | 10% | - |

**अन्य प्रमुख देशों पर टैरिफ**

| देश | टैरिफ | पूर्व टैरिफ |
|---|---|---|
| जापान | 15% | 24% |
| द. कोरिया | 15% | 25% |
| ब्राजील | 50% | 40% |
| ईयू | 15% | 25% |
| इंडोनेशिया | 19% | 32% |
| ब्रिटेन | 10% | 10% |
| जर्मनी | 15% | 20% |

नई दिल्ली | थिंक टैंक जीटीआरआई (ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव) के अनुसार ट्रम्प द्वारा भारत के निर्यात पर लगाए गए टैरिफ का असर कम ही पड़ने वाला है। उनका कहना है कि अमेरिकी व्यापार कानून के अनुच्छेद 232 के अनुसार फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट पर टैरिफ नहीं लग सकता है। अमेरिका को निर्यात होने वाले लगभग 85 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक और फार्मा का शेयर लगभग आधा है। साथ ही जीटीआरआई का मानना है कि भारत ट्रेड डील में अमेरिका को एग्री, डेयरी और जीएम फूड में रियायत नहीं देने वाला है।

- **क्या है अनु. 232ः** अमेरिकी राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर आयातित सामान पर टैरिफ में छूट का प्रावधान है। फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक इसमें शामिल हैं। ट्रम्प भारत पर टैरिफ लगा चुके हैं, पर अनु. 232 कायम है।
- **ट्रम्प को सबक सिखा सकते हैंः** पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा ने कहा है कि भारत का एक छोटा व्यापारी या गरीब किसान भी गरिमा, ईमानदारी और मानवता के साथ काम करता है। वे सभी मिलकर ट्रम्प को सबक सिखा सकते हैं।

### भारत की दो टूक... रूस से रिश्ते समय की कसौटी पर खरे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रूस के साथ भारत के रिश्ते समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। द्विपक्षीय रिश्तों को कोई भी देश किसी अन्य नजरिए से नहीं देखे। हालांकि जायसवाल ने कहा कि अमेरिका के साथ भी भारत के संबंधों ने कई चुनौतियों का समाना किया है। लेकिन दोनों देश संबंधों की मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत हैं। भारत-अमेरिका एजेंडे पर आधारित बातचीत जारी रखे हैं।

- **पाक से ऑयल लेने के ट्रम्प के बयान पर विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया से इनकार किया**

### अमेरिकी बाजार पर असर... नैस्डैक 2.1%, एसएंडपी 1.6% की गिरावट से खुले

ट्रम्प टैरिफ का असर अमेरिका बाजार पर भी पलटवार साबित हुआ है। शुक्रवार सुबह अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ खुले। नैस्डैक 2.1%, एसएंडपी 500 1.6% और डाऊ जोंस 1.4% की गिरावट के साथ खुले। अमेरिकी बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि टैरिफ और अमेरिका में 74 हजार जॉब में कमी के कारण ये गिरावट देखने को मिली है। ये अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। उनका कहना है कि प्रमुख देशों पर अधिक टैरिफ के कारण आने वाले दिनों में महंगाई दर में तेजी आने की आशंका भी है।

**कर्नाटक** • मेड का आरोप- रेवन्ना ने दो बार दुष्कर्म किया, वीडियो भी बनाए

# पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल दुष्कर्म का दोषी, कोर्ट से रोते हुए निकला, सजा आज

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरु

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवे गौड़ा के पोते और पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु की विशेष कोर्ट ने दुष्कर्म का दोषी ठहराया है। फैसला आने के बाद रेवन्ना कोर्ट से रोते हुए बाहर निकला।



शनिवार को विशेष जज संतोष गजानन भट सजा सुनाएंगे। यह चार मामलों में से पहला केस है, जिसमें 48 वर्षीया मेड ने प्रज्ज्वल पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मेड का आरोप है कि पूर्व सांसद ने 2021 में हासन स्थित फार्महाउस और बेंगलुरु में उससे दुष्कर्म किया। रेवन्ना ने न सिर्फ पीड़िता पर अत्याचार किया, बल्कि पूरे कृत्य का वीडियो रिकॉर्ड किया। यही वीडियो अभियोजन के लिए सबसे बड़ा सबूत बना। कोर्ट ने पीड़िता की गवाही और डिजिटल फॉरेंसिक रिपोर्ट को निर्णायक माना है।

### 70 पीड़ित महिलाओं की पहचान, रेवन्ना के 2900 से ज्यादा वीडियो सामने आए

- **प्रज्ज्वल** के खिलाफ 6 केस हैं। जांच एसआईटी कर रही है। विशेष कोर्ट में 38 सुनवाई हुई। 26 ने गवाही दी, 180 दस्तावेज पेश हुए।
- **अप्रैल** 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रज्ज्वल से जुड़े पेन ड्राइव मिले। इसमें प्रज्ज्वल के 2900 से ज्यादा अश्लील वीडियो थे।
- **प्रज्ज्वल** हासन से जेडीएस के उम्मीदवार थे। कर्नाटक के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल में नाम आने पर वोटिंग के अगले ही दिन 27 अप्रैल को जर्मनी भाग गए। चुनाव भी हारे। 31 मई को भारत लौटते ही बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया।
- **2019 में** हासन से जेडीएस से जीते प्रज्ज्वल के पिता एचडी रेवन्ना राज्य के पूर्व मंत्री और चाचा एचडी कुमारस्वामी कर्नाटक के सीएम थे। प्रज्ज्वल जेडीएस से निष्कासित हैं।
- **वीडियो** में अलग-अलग 70 पीड़ित महिलाओं की पहचान हुई। इनमें से चार ने केस किया। बाकी डर और सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण चुप रहीं। कुछ पीड़ित प्रतिष्ठित परिवारों से जुड़ी हुई हैं।
- **प्रज्ज्वल ने** यौन शोषण करते हुए कुछ वीडियो खुद शूट किए। उसके पिता एचडी रेवन्ना पीड़िता को अगवा करने पर गिरफ्तार किए गए।

### बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की अब लॉस एंजेलिस में इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी | लॉस एंजेलिस

अहमदाबाद हादसे में एअर इंडिया के बोइंग विमान में तकनीकी खराबी जैसा एक और मामला अमेरिका में सामने आया है। सैंटियागो जा रहे लाटम एयरलाइंस के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान को तकनीकी दिक्कत के बाद लॉस एंजेलिस एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इससे पहले, विमान करीब एक घंटे तक प्रशांत महासागर के ऊपर चक्कर लगाता रहा। इस बीच, लैंडिंग के दौरान विमान का रैम एयर टर्बाइन (रैट) सिस्टम एक्टिव हो गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

रैट सिस्टम एक्टिव होने का मतलब होता है कि विमान की सामान्य पावर सप्लाई में बड़ी गड़बड़ी आई है। यह तब एक्टिव होता है जब इंजन फेल हो जाए या इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी आ जाए। ऐसे मामलों में फ्यूल सप्लाई रुकना एक वजह हो सकती है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि इंजन को फ्यूल सप्लाई बंद हुई या नहीं। खबरों के मुताबिक विमान ने अपनी खुद की पावर से गेट तक टैक्सी किया।

**घोषणा** • धनखड़ के इस्तीफे से खाली हुआ था पद

# उपराष्ट्रपति पद का नामांकन 21 तक, चुनाव 9 सितंबर को

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से खाली उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कार्यक्रम की घोषणा की। इसके मुताबिक उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अधिसूचना 7 अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त होगी।

नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त, नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 25 अगस्त को होगी। एक से अधिक प्रत्याशी होने पर 9 सितंबर को संसद भवन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन नतीजे घोषित हो जाएंगे। राज्यसभा के महासचिव चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। इसके अलावा दो अधिकारियों को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। अब तक एनडीए या विपक्षी गठबंधन ने अपने प्रत्याशी तय नहीं किए हैं।

**भास्कर नॉलेज**

### जीत 391 वोट पर होगी... एनडीए के पास 422 हैं

उप राष्ट्रपति के लिए लोकसभा और राज्यसभा सदस्य वोट डालेंगे। लोस में 543, रास में 233 निर्वाचित तथा 12 नामित सदस्य होते हैं। रास की 5 व लोस की 1 सीट रिक्त है। कुल मतदाता 782 हैं। ऐसे में जीत के लिए 391 वोट जरूरी।

**किस गठबंधन के कितने सांसद...**

| गठबंधन | लोकसभा | राज्यसभा | कुल |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 293 | 129 | 422 |
| इंडिया | 234 | 78 | 312 |
| अन्य | 15 | 33 | 48 |
| कुल | 542 | 240 | 782 |

**धनखड़ को 528 वोट मिले थे...**

अगस्त 2022 में एनडीए उम्मीदवार रहे जगदीप धनखड़ को 528 मत मिले थे। वहीं, विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को सिर्फ 182 वोट मिले थे। तब 55 सांसदों ने वोट नहीं डाला था।

**सख्ती** • 17 हजार करोड़ का लोन फ्रॉड केस

# अनिल अंबानी को ईडी का समन, फर्जी गारंटी में भी जांच

एजेंसी | नई दिल्ली

रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को ईडी ने 5 अगस्त को दिल्ली मुख्यालय में पेश होने का समन भेजा है। समन 17,000 करोड़ रु. से ज्यादा के कथित बैंक लोन फ्रॉड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में है। कंपनी के कुछ अधिकारियों को भी तलब किया गया है। मामला रिलायंस इंफ्रा. व उनकी कई कंपनियों द्वारा बैंकों से लिए कर्ज की हेराफेरी और इंटर कॉर्पोरेट डिपॉजिट के नाम पर फंड डायवर्जन से जुड़ा है।



ईडी ने पिछले हफ्ते अनिल समूह की कई कंपनियों और अधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे थे। 24 जुलाई को शुरू छापेमारी 5 दिन चली। मुंबई में 35 से अधिक स्थान पर तलाशी ली गई। ये परिसर 50 कंपनियों और 25 लोगों के थे। शेष पेज 10 पर

### ये आरोप पुराने, अनिल बोर्ड में नहीं हैंः कंपनी

रिलायंस इन्फ्रा ने कहा, आरोप 10 साल पुराने केस पर है, जिसमें 10,000 करोड़ के कथित फंड डायवर्जन की बात है। वास्तविक एक्सपोजर 6,500 करोड़ रु. का था। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की देखरेख में सुलह के बाद कंपनी ने वसूली का सेटलमेंट किया है। अनिल मार्च 2022 से कंपनी के बोर्ड में नहीं हैं।

### फर्जी बैंक गारंटी मामले में ईडी की ओडिशा में छापेमारी

ईडी ने शुक्रवार को ओडिशा की बिस्वाल ट्रेडलिंक पर छापा मारा है। इस पर फर्जी बैंक गारंटी देने का आरोप है। जांच के दायरे में रिलायंस पावर की सहायक कंपनी 'रिलायंस एनयू बीईएसएस' भी है, जिसके लिए कंपनी ने 68.2 करोड़ रु. की कथित फर्जी बैंक गारंटी दी थी।

### यह गलतफहमी कि राजनीति में झूठ बोलना जरूरीः गडकरी

एजेंसी | पुणे

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि यह गलतफहमी है कि राजनीति में झूठ बोलना और चापलूसी करना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि नेताओं को आत्मविश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। गडकरी पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार भी मौजूद थे। गडकरी ने कहा, यह धारणा गलत है कि राजनीति झूठ और चापलूसी पर टिकी होती है। आम लोग भी अच्छी बातों को समझते हैं। इसलिए नेताओं को सकारात्मक रहना चाहिए और आत्मविश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय में फंड की कोई कमी नहीं है, लेकिन ईमानदारी से काम करने वाले लोगों की कमी है।

दुबई से दिल्ली लाया, सीबीआई की हिरासत में

# 4.55 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का आरोपी खुल्लर भारत डिपोर्ट

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सीबीआई ने दिल्ली में हुए करोड़ों रुपए के बैंक धोखाधड़ी से संबंधित मामले में भगोड़े आरोपी उदित खुल्लर को दुबई (यूएई) से प्रत्यर्पित कर वापस भारत ले आई। खुल्लर ने आपराधिक साजिश रच जालसाजी करते हुए बैंक से 4.55 करोड़ रुपए का फर्जी होम लोन लिया था, जिसके बाद से ही दिल्ली पुलिस को उसकी तलाश थी। खुल्लर को शुक्रवार को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट लाया गया, जहां उसे हिरासत में ले लिया गया। सीबीआई ने इंटरपोल के सहयोग से इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया।

सीबीआई के अनुसार, दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा को आपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में खुल्लर की तलाश थी। आरोपों के अनुसार उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक सुनियोजित आपराधिक साजिश रचकर राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों से 4.55 करोड़ रुपए के 3 फर्जी होम लोन हासिल किए थे। इन तीनों लोन को हासिल करने के लिए उसने बैंकों को ऐसी संपत्तियों के जाली दस्तावेज सौंपे थे, जिनका वह मालिक ही नहीं था।

दिल्ली पुलिस को इसी मामले में खुल्लर की तलाश थी। सीबीआई ने बताया कि आरोपी खुल्लर को यूएई में गिरफ्तार किया गया। बाद में सीबीआई ने यूएई के अधिकारियों से आरोपी को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया। इससे पहले सीबीआई द्वारा इंटरपोल के माध्यम से एनबीसी अबू धाबी के साथ मिलकर की गई जांच के दौरान आरोपी के यूएई में होने का पता चला था।









**तापमान / मौसम**

दिन 34.0° अधिकतम | रात 24.0° न्यूनतम

आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। गरज/बिजली के साथ हल्की से बहुत हल्की बारिश हो सकती है।

**शहर में आज**

- -चर्चाएं: पुस्तक चर्चा समूह
  कहां: आईआईसी मुख्य भवन, 6.00 बजे से
- फ़िल्में और प्रदर्शनियां: सुनहरा धागा
  कहां: सीडी देशमुख सभागार, 6.30 बजे से

## इग्नू: प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली** | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिले की अंतिम तिथि 31 जुलाई को एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब छात्र 15 अगस्त तक ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन मोड में विभिन्न कोर्सों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इग्नू की तरफ से डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, सर्टिफिकेट और पीजी डिप्लोमा जैसे कई तरह के कोर्स ऑफर किए जाते हैं। छात्र अब बढ़ी हुई समय सीमा का फायदा उठाकर इन कोर्सों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इग्नू में जनवरी और जुलाई सत्र में एडमिशन की प्रक्रिया चलाई जाती है।

## दिल्ली पुस्तक मेला की तैयारियां तेज, पहली बार एकीकृत स्टॉल

**नई दिल्ली** | दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने आगामी दिल्ली पुस्तक मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग (एसीएल) के सचिव, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, संस्कृत और मैथिली-भोजपुरी सहित विभिन्न भाषा अकादमियों के सचिवों के साथ-साथ फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स और इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि पहली बार दिल्ली सरकार एक एकीकृत और साझा स्टॉल स्थापित करेगी, जिसमें सभी भाषा अकादमियां एक ही मंच पर अपने स्टॉल लगाएंगी।

## संपत्ति कर भुगतान पर 10% छूट की अवधि 31 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली** | मेयर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए देय संपत्ति कर पर 10 प्रतिशत छूट की समय सीमा को 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। यह निर्णय करदाताओं की सुविधा, कर आधार को व्यापक बनाने और राजस्व संग्रहण में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में करदाता आगे आ रहे हैं और निगम को कर भुगतान को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। छूट की अवधि को 31 जुलाई तक और अब करदाताओं के रुख को देखते हुए इस छूट अवधि को और एक माह बढ़ाया गया है।

**डीयू •** नया शैक्षणिक सत्र शुरू, नॉर्थ और साउथ कैंपस में रही भरपूर चहल-पहल

# छात्रों का तिलक से स्वागत, कैंपस की संस्कृति से भी परिचित कराया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई। इस दौरान 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) के तहत प्रथम वर्ष के छात्रों और चौथे वर्ष में प्रवेश करने वाले छात्रों, दोनों का स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम पहली बार पूर्ण रूप से लागू किया जा रहा है। विभिन्न कॉलेजों और विभागों की ओर से पहले दिन वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नए छात्र-छात्राओं का चंदन से तिलक लगाकर और मिश्री से मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। यूनिवर्सिटी के नॉर्थ और साउथ कैंपस में सुबह से ही छात्र-छात्राओं की चहल-पहल और भरपूर उत्साह देखने को मिला। नए छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, क्लब समितियों और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। सीनियर छात्रों ने नए साथियों का स्वागत करते हुए उन्हें कैंपस की संस्कृति से परिचित कराया। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सुरक्षा, परिवहन और हेल्प डेस्क जैसी सुविधाओं को चुस्त-दुरुस्त रखा गया है। कई कॉलेजों ने छात्रों के लिए एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन और गाइडलाइन जारी की हैं, ताकि नया सत्र सौहार्दपूर्ण माहौल में शुरू हो सके।

डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा, इस बार पात्र छात्रों में से 55 प्रतिशत से अधिक ने नए शुरू किए गए चौथे वर्ष की पढ़ाई करने का विकल्प चुना है। चौथे वर्ष के लिए पात्र लगभग 71 हजार छात्रों में से 31,004 ने इस कार्यक्रम से बाहर होने का विकल्प चुना है, जिससे पता चलता है कि 55 प्रतिशत से अधिक ने एफवाईयूपी के तहत वैकल्पिक अंतिम वर्ष की पढ़ाई करने का फैसला किया है। हमने नए छात्रों के साथ-साथ पहली बार चौथे वर्ष में प्रवेश करने वाले छात्रों के लिए हर संभव व्यवस्था की है। इस वर्ष डीयू में 69 कॉलेजों के 79 कार्यक्रमों में 71,624 स्नातक सीट हैं।

### मिरांडा हाउस में हुआ संवाद सत्र आयोजित

मिरांडा हाउस ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत प्रेरणादायी परिचय कार्यक्रम से की। प्राचार्या प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा ने कहा, हर महिला को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनना चाहिए, जो कि नई शिक्षा नीति की पहचान है। उन्होंने छात्राओं को स्व-मूल्यांकन और नेतृत्व की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में संकाय, वरिष्ठ छात्राओं और छात्र संघ के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए। पौधा लगाओ अभियान के तहत छात्राओं को उनके घर में लगाने के लिए पौधा भी दिया गया। सबसे पहले कॉलेज पहुंचने वाली छात्रा को 'द मिरांडा क्रॉनिकल-डॉटर्स ऑफ इंडिपेंडेंस' पुस्तक भेंट की गई।

### आंबेडकर कॉलेज में ओरिएंटेशन

डॉ. भीमराव आंबेडकर कॉलेज में नए सत्र में विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन और परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल नए विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक माहौल से परिचित कराना था, बल्कि उन्हें और उनके अभिभावकों को विभागीय शिक्षकों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर भी देना था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सदानंद प्रसाद ने कहा, विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने और संस्कारों की उन्नति के लिए प्रयास करना चाहिए।

### अरबिंदो की उपलिब्धयां बताईं

श्री अरबिंदो कॉलेज में फर्स्ट ईयर के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन सेमिनार हॉल व वाचनालय में किया गया। छात्रों ने रंग-बिरंगी पोशाक पहनी हुई थीं। प्रिंसिपल प्रो. अरुण चौधरी ने कॉलेज जीवन के महत्व और अरबिंदो कॉलेज की विशेषता एवं उसकी उपलब्धियों से अवगत कराया तथा छात्रों को उनके दायित्व व भविष्य में बेहतर लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। प्रो. चौधरी ने महर्षि अरविंद के व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. हंसराज सुमन ने अकादमिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का उद्घाटन

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और इसके सभी परिसरों में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत में दीक्षारंभ समारोह का उद्घाटन हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संस्कृति, संस्कृत की गौरवशाली परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना से परिचित कराना था। कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने विद्यार्थियों को सप्त संकल्प दिलवाए। उन्होंने भगवद्गीता के श्लोक का उल्लेख करते हुए मदनमोहन मालवीय के आदर्शों के बारे में बताया। प्रो. मदन मोहन झा ने 10 अगस्त तक चलने वाले दीक्षारंभ प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की घोषणा

# दिल्ली में एक छत के नीचे होंगे सभी विभाग



कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर से 'दिल्ली को कूड़े से आजादी- स्वच्छता अभियान' की शुरुआत

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर से 'दिल्ली को कूड़े से आजादी- स्वच्छता अभियान' की शुरुआत करते हुए कार्यालय की जर्जर स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि यहां की हालत देखकर वह बेहद व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब दिल्ली के सभी विभागों के लिए एक नया, सुव्यवस्थित और एकीकृत सचिवालय बनाया जाए।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा, यह सोचकर आश्चर्य होता है कि जिन अधिकारियों पर दिल्ली की सुशासन व्यवस्था की जिम्मेदारी है, वे खुद इतनी बदहाल स्थिति में कैसे प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं? कार्यालय की छतों से पानी टपक रहा है, फर्नीचर जर्जर हैं, बैठने के लिए ठीक से कुर्सी नहीं हैं, अलमारियां टूटी हुई हैं, पंखे किसी भी समय गिर सकते हैं।

उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि जिस बिल्डिंग में 2021 में आग लग चुकी है, वहां आज तक पूरी तरह मरम्मत तक नहीं हुई। क्या हम अपने अधिकारियों को जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर कर रहे हैं? मुख्यमंत्री गुप्ता ने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना पर साधते हुए कहा, जो खुद को 'पढ़ी-लिखी सरकार' कहते थे, वे अपने लिए आलीशान भवन बनाने में लगे रहे, लेकिन अधिकारियों के कामकाज के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा सके। अपने कार्यालय पर 70 करोड़ रुपए खर्च करने वालों ने इन विभागों पर 2-4 करोड़ रुपए भी नहीं लगाए।

## पक्का घर मिलने तक झुग्गी नहीं टूटेगी: सीएम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली में किसी भी झुग्गी को तब तक नहीं तोड़ा जाएगा जब तक कि उसमें रहने वालों को पक्का घर न मिल जाए। उन्होंने कहा कि हम हर एक को मकान देंगे और एक भी झुग्गी नहीं टूटने देंगे। जरूरत पड़ने पर हमारी सरकार सभी के लिए सम्मानपूर्वक जीवन और आवास सुनिश्चित करने के लिए नीतियों में संशोधन करने को भी तैयार है। उन्होंने यह घोषणा शहर में 'ग्रोथ भी, ग्रीन भी' शीर्षक से आयोजित सेमिनार के दौरान कही, जिसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सतत विकास और दिल्ली की सूरत बदलने के लिए व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना था।






युद्ध, भूकंप और आगजनी की स्थिति से निपटने का अभ्यास

# मॉक ड्रिल... एक साथ 55 जगह रेस्क्यू

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के 11 जिलों में 55 स्थानों पर एक साथ शुक्रवार को आपदा प्रबंधन को लेकर एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग ने युद्ध, भूकंप और आगजनी जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस, फायर, एंबुलेंस, सीआईएसएफ, दिल्ली सिविल डिफेंस, बीएसईएस और अन्य एजेंसियों के वॉलेंटियर्स के साथ इस विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के विवेक विहार स्थित ईस्ट कैंपस पर भी मॉक ऑपरेशन का अभ्यास किया गया। मॉक ऑपरेशन की अगुवाई कर रहे विवेक विहार के एसडीएम देवेंद्र तोमर ने कहा कि जैसे ही हेडक्वार्टर से सूचना मिली उन्होंने तुरंत रेस्क्यू, फायर, पीडब्ल्यूडी, बीएसईएस समेत सभी संबंधित विभागों को सूचित किया। दिल्ली फायर सर्विस के लीड फायरमैन मोहन सिंह ने बताया कि उन्हें आपदा प्रबंधन विभाग से कॉल मिली थी कि भूकंप के कारण एक इमारत गिर गई है और वहां आग भी लग गई है। वे तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर सफलतापूर्वक काबू पाया।



## एम्स-पीजीआईएमईआर फैक्लटी सदस्यों का मांगों को लेकर मार्च




**नई दिल्ली** | देश के दो प्रमुख चिकित्सा संस्थानों एम्स और चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर के फैक्लटी सदस्यों ने रोटेटरी हेडशिप प्रणाली को लागू करने की अपनी मांग को लेकर शुक्रवार शाम 5 बजे संसद तक एक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला। मार्च एम्स के जेएलएन ऑडिटोरियम से शुरू होकर संसद भवन तक निकाला गया।

## रात तक रेस्क्यू, बाद में पता चला सीवर में गिरा बच्चा निकल चुका था

**नई दिल्ली** | दक्षिण पश्चिम दिल्ली के राजोकरी गांव में 31 जुलाई को दोपहर 1:15 बजे एक बच्चे के सीवर में गिरने की सूचना के बाद पुलिस और अन्य एजेंसियों ने देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाया। बारिश के पानी से ढके होने के कारण सीवर का खुला हिस्सा दिखाई नहीं दिया और वह गलती से उसमें गिर गया है। सूचना देने वाले बच्चे की पहचान कर जब पुलिस उस तक पहुंची तो पता चला कि जो बच्चा गिरा तो था वह खुद कुछ दूरी के बाद वह सुरक्षित बाहर निकलकर घर लौट गया। पर इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी गई थी। डीसीपी ने बताया कि सूचना पर देर रात तक खोजबीन की गई थी, लेकिन बच्चा नहीं मिला था। इधर पुलिस की टीम ने सीवर लाइन और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच में दो बच्चे दौड़ते दिखे, जिनमें से एक सीवर में गिरा। लगभग 20 फीट बाद सीवर खुला होने के कारण बच्चा बाहर निकला, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। शुक्रवार को रजोकरी एमसीडी स्कूल की एक शिक्षिका ने बच्चे की पहचान 7 वर्षीय वी के रूप में की, जो शेरा कॉलोनी, रजोकरी का निवासी और कक्षा 3 का छात्र है। बीट स्टाफ ने बच्चे की जांच की, जिसने बताया कि वह सुरक्षित घर लौट गया था।

## मेघवाल कल विधानसभा में दो परियोजनाएं शुरू करेंगे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

कानून और न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल रविवार को दिल्ली विधानसभा की दो महत्त्वपूर्ण परियोजना 500 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉप सोलर पावर प्लांट और ई-विधान (पेपरलेस विधानसभा प्रणाली) का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) का एक ट्रायल रन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विधायक डिजिटल प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे। दिल्ली विधानसभा देश की उन पहली विधायी संस्थाओं में शामिल हो जाएगी।

# रेलवे का दावा-नियम में बदलाव से अब 75% तक वेटिंग टिकट हो रहे कन्फर्म

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

रेलवे के टिकट बुकिंग के नियमों के बदलाव का असर दिखने लगा है। बदलाव के तहत कुल उपलब्ध सीटों के केवल 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट जारी किए जा रहे हैं। इसका सीधा फायदा यात्रियों को मिल रहा है, क्योंकि अब 70 से 75 प्रतिशत तक वेटिंग टिकट कन्फर्म हो रहे हैं। रेलवे यह सुनिश्चित कर रहा है कि वेटिंग टिकटों की संख्या सीमित रहे, जिससे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को यात्रा के दिन तक कन्फर्म सीट मिल सके। पहले वेटिंग टिकटों की संख्या बहुत अधिक होती थी। इससे अंतिम समय तक टिकट कन्फर्म न होने पर यात्रियों को यात्रा रद्द करनी पड़ती थी, या वे ऊंचे दामों में तत्काल टिकट खरीदने के लिए मजबूर होते थे, या फिर यात्रा नहीं कर पाते थे।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यह बदलाव डेटा एनालिसिस और यात्रियों की यात्रा प्रवृत्तियों के विश्लेषण पर किया जा रहा है। इससे दलाल के हाथों से टिकट निकलकर यात्रियों के हाथों तक पहुंच रहे हैं। ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म पर कन्फर्म टिकटों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को ट्रेनों में यात्रा करने में आसानी हो रही है। रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे अब समयबद्ध ढंग से चार्ट भी तैयार कर रहा है। ट्रेन चलने के 8 घंटे पहले चार्ट बन रहे हैं और ऑटोमेटिक तरीके से वेटिंग टिकटों को कन्फर्म किया जा रहा है।




आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, शनिवार 2 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, 2082

12 राज्य | 61 संस्करण


**आज का दिन**

**पहली केबल कार शुरू**

**1873.** पहली केबल कार प्रणाली की शुरुआत सैन फ्रांसिस्को शहर में हुई थी। एंड्रयू स्मिथ हैलिडी ने इसका आविष्कार किया था।









**एसआईआर** • ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, पहले 7.89 करोड़ वोटर थे

# बिहार: 65.63 लाख वोटर बाहर, 7.24 करोड़ ही योग्य

भास्कर न्यूज़ | पटना/नई दिल्ली

बिहार में एक महीने चले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास के बाद निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। आयोग के मुताबिक, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होने के एक दिन पहले 24 जून तक बिहार में मतदाताओं की कुल संख्या 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 थी। इनमें 65.63 लाख मतदाता ड्राफ्ट सूची से बाहर हो गए हैं। यानी अब 7.24 करोड़ योग्य वोटर रह गए हैं। जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनमें 22.34 लाख मृत, 36.28 लाख स्थानांतरित, 7.01 लाख एक से अधिक जगहों पर नाम वाले मतदाता शामिल हैं।

आयोग ने कहा है कि जिनके नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं हैं, उनके पास एक महीने का समय है। 1 अगस्त से 1 सितंबर तक वे नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म-6 भर सकते हैं।

**▪ और लोग हो सकते हैं बाहर**

आयोग ने राज्य के 7.24 करोड़ मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में जारी किए हैं। अभी दस्तावेज जमा नहीं करने वाले लोग सूची से बाहर हो सकते हैं। सूची में बने रहने के लिए आयोग द्वारा तय 11 दस्तावेज में से कोई दस्तावेज जमा कराना होगा। दस्तावेज नहीं देने पर 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से नाम बाहर हो जाएगा। मालूम हो, बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

## आयोग भाजपा के लिए वोट चोरी कर रहा, कांग्रेस के पास सबूत का एटम बम: राहुल



▪ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं कि निर्वाचन आयोग वोट चोरी कर रहा है। राहुल ने संसद परिसर में कहा, 'जैसे ही हम इसे जारी करेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि आयोग वोट चोरी में लिप्त है। वह भाजपा के लिए ऐसा कर रहा है। गांधी ने कहा, 'मतदाता पुनरीक्षण में करोड़ों मतदाता जोड़े गए। हमने विस्तार से जांच की। छह महीने लगे और जो मिला, वह एटम बम है। जब यह फटेगा, तो आयोग को देश में कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी।' राहुल ने चेतावनी दी कि आयोग में ऊपर से नीचे तक जो लोग इसमें शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। रिटायर भी हो गए होंगे, तो ढूंढ़ निकालेंगे।

### कभी पत्र नहीं लिखा, आरोप बेतुके : निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने राहुल के आरोपों पर कहा है कि वे बेतुके आरोप लगा रहे हैं और अब आयोग और कर्मचारियों को धमकाना भी शुरू कर दिया है। आयोग ऐसे सभी गैर-जिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करता है और कर्मचारियों से निष्पक्ष तरीके से काम करते रहने का अनुरोध करता है। आयोग के मुताबिक, राहुल गांधी को 12 जून 2025 को मेल भेजा गया था, लेकिन वे नहीं आए। उन्हें पत्र भेजा गया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। उन्होंने कभी भी किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा।

### चर्चा की मांग: स्पीकर को पत्र; दोनों सदनों में नोटिस

कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बिहार में चल रहे मतदाता सूची संशोधन पर विशेष चर्चा कराने की मांग की। दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा और डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देकर एसआईआर पर चर्चा की मांग की।

### ऐलान: 5 को कर्नाटक में धांधली का पर्दाफाश

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि वह 5 अगस्त को कर्नाटक में मतदाता सूची में राज्य चुनाव आयोग की घोर धांधली का पर्दाफाश करेगी। इसमें फर्जी प्रविष्टियां और हटाए नामों में हेराफेरी तक शामिल है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि धोखाधड़ी के खिलाफ राहुल गांधी के नेतृत्व में बेंगलुरु में बड़े प्रदर्शन की योजना है।



बिलासपुर के समलोटी में भूस्खलन।



लाहौल के उदयपुर में जेसीबी से नाला पार करते लोग।

**मौसमवाणी** • चंडीगढ़-मनाली हाईवे 10 घंटे बाद बहाल, 283 सड़कें अब भी बंद

# लाहौल के जिस्पा में बादल फटने से लेह मार्ग बंद, अगस्त में पूरे माह सक्रिय रहेगा मानसून

भास्कर न्यूज़ | टीम हिमाचल

हिमाचल प्रदेश में अगस्त की शुरूआत लाहौल स्पीति के जिस्पा में बादल फटने से हुई है। शुक्रवार को लाहौल और स्पीति ज़िले में मनाली-लेह मार्ग पर जिस्पा के पास मशेरन नाले में बाढ़ के कारण सड़क पर बड़ी-बड़ी चट्टानें और मलबा आ गया। इस कारण मनाली-लेह मार्ग वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर 10 घंटे से बंद चंडीगढ़-मनाली हाईवे यातायात बहाल कर दिया गया है।

इसके अलावा दोपहर तक बिलासपुर में जगातखाना समलोटी के पास भी रोड ब्लॉक रहा। यहां शुक्रवार सुबह समलेटू के पास भूस्खलन हुआ, सड़क पर मलबा आने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही और वाहन स्वारघाट होकर आगे बढ़े। कड़ी मशक्कत के बाद फोरलेन पर सिंगल लेन लायक जगह बनाई जा सकी। मंडी-कुल्लू मार्ग पर पंडोह डैम से आगे कैंची मोड़ और बगलामुखी रोपवे से पीछे सड़क बैठ गई, जिससे हाइवे बंद रहा। मंडी से लेकर औट तक इस मार्ग पर कई जगह ल्हासा गिरने और सड़क पर कीचड़ आने से यातायात पूरी तरह से ठप रहा।

### एक माह के बाद थुनाग बाजार में फिर घुसा मलबा



**मंडी** | सराज के थुनाग बाजार में करीब एक माह के बाद फिर से तेज बारिश के चलते नालों से मलबा दुककानों में घुस गया। तेज बारिश में लोग सहमे हुए दिखाई दिए। स्थानीय दुकानदारों ने जिन्होंने अपना मकान और दुकानों से मलबा हटा दिया था एक बार फिर से उनकी दुकानों में मलबा घुसने से उनको बहुत नुकसान पहुंचा है।

## कंगना को मानहानि केस में राहत देने से पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का इनकार



**चंडीगढ़** | मंडी से सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मानहानि के मामले में राहत देने से इनकार कर दिया है। कंगना ने बठिंडा की अदालत में उनके खिलाफ चल रही आपराधिक मानहानि की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने कंगना की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ मानहानि का मामला बनता है और मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन आदेश कानून के मुताबिक सही है। रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह दर्शाता हो कि कंगना के खिलाफ शिकायत दुर्भावना से की गई। याचिकाकर्ता एक प्रसिद्ध हस्ती हैं और उनके रीट्वीट में झूठे व मानहानिपूर्ण आरोप लगाए गए हैं जिनसे शिकायतकर्ता की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। -शेष पेज 10 पर

## पत्नी की याचिका- 'नारायण साईं के कई महिलाओं से संबंध, तलाक चाहिए'

भास्कर न्यूज़ | इंदौर

आसाराम का बेटा नारायण साईं शुक्रवार को फैमिली कोर्ट में सुनवाई पर गुजरात से इंदौर आया। पुलिस कड़ी सुरक्षा में उसे लेकर कोर्ट पहुंची। नारायण साईं की पत्नी ने फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी लगाई है। इस मामले में ट्रायल शुरू हो गया। अगली सुनवाई सितंबर में होगी।

पत्नी ने बयान दिए कि नारायण साईं का चरित्र अच्छा नहीं है। उसके कई महिलाओं से संबंध हैं। वह मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। इस वजह से मैं उसके साथ नहीं रहना चाहती। तलाक दिलवाया जाए। इस मामले में नारायण साईं के भी बयान होना हैं। पत्नी ने भरण-पोषण भत्ता दिलाए जाने की मांग भी की है। नारायण साईं के आने की सूचना पर उसके कई समर्थक भी कोर्ट तक पहुंच गए थे। -शेष पेज 10 पर

## न्यूज़ ब्रीफ

### बुज़ुर्गों को रेल किराए में छूट देने की सिफारिश

**नई दिल्ली** | रेलवे की स्थायी समिति ने बुज़ुर्गों को ट्रेन यात्रा में फिर से छूट देने की सिफारिश की है। समिति ने कहा है कि कम से कम स्लीपर और थर्ड एसी क्लास में ये रियायत मिलनी चाहिए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में यह भी बताया कि सब्सिडी के जरिए हर यात्री को औसतन 45% की छूट मिल रही है।

### अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक दोनों मार्ग से स्थगित

**श्रीनगर** | अमरनाथ यात्रा को भारी बारिश के कारण 3 अगस्त तक स्थगित कर दिया गया है। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर जरूरी मरम्मत का काम किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में वहां भी भारी बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई है।

### दलों को पॉश एक्ट में लाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट के दायरे में लाने की याचिका खारिज कर दी। यह एक्ट महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा देता है। कोर्ट ने कहा कि यह संसद के अधिकार क्षेत्र का मामला है। हालांकि, महिला सांसदों को साथ लेकर संसद में प्राइवेट बिल लाया जा सकता है।

### कमर्शियल एलपीजी के दाम में 33.50 रु. की कटौती

**नई दिल्ली** | तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमत में 33.50 रु. की कटौती की है। अब दिल्ली में इसकी कीमत 1,631.50 रु. होगी। वहीं, जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 3% की वृद्धि की गई। दिल्ली में इसकी कीमत अब 92,021.93 रु. प्रति किलोलीटर हो गई है।

## नोक-झोंक




**आयोजन** • दैनिक भास्कर रियल एस्टेट कॉन्क्लेव

# टियर 2, टियर 3 शहरों में रियल एस्टेट की अगली लहर: अग्रवाल

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रेसिडेंट एवं को-फाउंडर रामदेव अग्रवाल ने कहा है कि शेयर बाजार में बड़े निवेशक गुजरात व महाराष्ट्र से ही नहीं, बल्कि यूपी- बिहार जैसे राज्यों से भी आ रहे हैं। जैसे-जैसे देश में नए जॉब हब विकसित होंगे टियर 2 व टियर 3 शहरों में (आईटी व अन्य कंपनियों के आने से) घरों की मांग बढ़ेगी। मुंबई के ताज होटल में आयोजित दैनिक भास्कर रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में देशभर से आए रियल एस्टेट डेवलपर्स से उन्होंने चर्चा की।

अग्रवाल ने कहा कि रियल एस्टेट डेवलपर्स को इसके लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग्य डेवलपर्स के लिए बाजार में असीमित पूंजी के मौके उपलब्ध हैं। उन्होंने 10 हजार करोड़ रु. तक की पूंजी आसानी से जुटाने के तरीके भी बताए। इसके लिए स्पष्ट व्यावसायिक योजना, वित्तीय रिकॉर्ड साफ-सुथरा रखने, क्षमता और ग्राहकों को केंद्र में रखने पर जोर दिया। कॉन्क्लेव में अजमेरा रियल्टी के एमडी धवल अजमेरा, ट्रस्ट ग्रुप के फाउंडर उत्पल सेठ एचडीएफसी कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ विपुल रूंगटा, ब्रुकफील्ड के रचित कोठारी और ब्लैकस्टोन के श्रवण शर्मा और नमन बिल्डर्स के जयेश शाह भी मौजूद रहे।




रामदेव अग्रवाल ने डेवलपर्स को पूंजी जुटाने के टिप्स भी दिए।

-बिजनेस पेज भी पढ़ें

## 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज की मंजूरी केंद्र सरकार ने वापस ली

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि फिल्म 'उदयपुर फाइल्स- कन्हैयालाल टेलर मर्डर'' की रिलीज को दी गई मंजूरी वापस ली जा रही है। फिल्म 8 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सेंसर बोर्ड ने इसे 55 कट के साथ पास कर दिया था। इसके बाद केंद्र की रिवीजनल कमेटी ने 6 कट और लगाने व डिस्क्लेमर में बदलाव की शर्त पर 21 जुलाई को फिल्म को मंजूरी दी थी। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच इस मामले में दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को 4 अगस्त को सरकार के समक्ष पेश होकर बात रखने को कहा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अब किसी को नोटिस देने की जरूरत नहीं है। सभी पक्षों को तय तारीख पर पेश होना होगा। कोर्ट ने कहा कि सभी पक्षों की बात सुनने के बाद सरकार 6 अगस्त तक कानून के अनुसार फैसला ले।

**सम्मान** • 71वें राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड घोषित, मैसी बेस्ट एक्टर

# शाहरुख खान-रानी मुखर्जी को तीन दशक में पहली बार नेशनल अवॉर्ड

### 12वीं फेल सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म चुना

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली/मुंबई

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को साल 2023 में रिलीज फिल्मों के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की। 33 साल से बॉलीवुड दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे शाहरुख खान को पहली बार नेशनल अवॉर्ड मिलेगा। उन्हें 'जवान' के लिए बेस्ट एक्टर अवॉर्ड के लिए चुना गया है। वहीं, '12वीं फेल' के लिए विक्रांत मैसी को भी बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिलेगा। रानी मुखर्जी को 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। रानी के 30 साल के करियर में यह पहला नेशनल अवॉर्ड है। 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड और 'सिर्फ एक बंदा काफी है' को बेस्ट डायलॉग अवॉर्ड के लिए चुना गया है।



बेस्ट एक्टर



बेस्ट एक्टर



बेस्ट एक्ट्रेस

### सबसे लोकप्रिय: रॉकी और रानी

**सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म**- 12वीं फेल, **सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक**-आशीष बेन्दे (आत्मापम्पलेट), **सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म (मनोरंजन)**- रॉकी और रानी की प्रेम कहानी। **राष्ट्रीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने वाली फिल्म**- सैम बहादुर, **सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म**-नाल 2, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन- सुदीप्त सेन (द केरल स्टोरी), **सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता**- विजयराघवन (पुक्कालम), मुथुपेट्टई सोमु भास्कर (पार्किंग), **सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री**- उर्वशी (उल्लोजुक्कु), जानकी बोडिवाला (वश), **सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक**-पीवीएन एस रोहित (बेबी प्रेमिस्थुन्ना), **सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका**- शिल्पा राव (जवान- चलिया), **सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन**- वैभवी मरचेंट (रॉकी और रानी की प्रेम कहानी- ढिंढोरा बाजे रे)।




दर्दनाक • न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर हादसा, मां से कहासुनी के बाद बच्चे ने उठाया यह कदम

# 7वीं के छात्र ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, शरीर के हो गए टुकड़े-टुकड़े, मौके पर मौत

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान रामनगर निवासी रोहित के रूप में हुई है। वह घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जीआरपी थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मूलरूप से यूपी के बुलंदशहर निवासी भगत सिंह का परिवार रामनगर में रहता है। भगत सिंह के तीन बेटियां और एक बेटा रोहित था। बेटा एनआईटी के राजकीय स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ता था। स्थानीय लोग हादसा देखकर दौड़े और तुरंत डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाते ही राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) थाने की टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने स्कूल बैग को खोला तो कॉपी पर लिखे नाम-पते से मृतक छात्र की पहचान हुई। उसके बाद उसके परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई।

## मां का रो रोकर बुरा हाल, क्योंकि रोहित घर का अकेला बेटा था



जांच अधिकारी संजय कुमार के अनुसार जीआरपी को सुबह सूचना मिली कि एक बच्चे की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। इसके कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहां पता चला कि शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे पलवल से नई दिल्ली जाने वाली शटल की चपेट में आकर उक्त किशोर की मौत हुई है। जांच अधिकारी के अनुसार आशंका है छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि रोहित का अपनी मां से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इससे वह नाराज था। इसने न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर जाकर उसने रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। बेटे के क्षत-विक्षत शव को देख मां दहाड़े मारकर रोने लगी। मां का रो रोकर बुरा हाल था, क्योंकि रोहित घर का अकेला बेटा था। इस दौरान बहनों का भी रो-रोकर बुरा हाल था। वे कह रही थी कि अब वह किसे राखी बांधेंगी। राखी के त्योहार से एक हफ्ते पहले हुए इस हादसे से बहनों को बड़ा झटका लगा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पलवल में बाइक की टक्कर से पीटीआई की मौत, अज्ञात पर केस

उधर पलवल में सरकारी स्कूल से छुट्टी के बाद बाइक से घर जा रहे एक पीटीआई की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी बाइक को सामने से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। चांदहट थाना प्रभारी सुंदरपाल के अनुसार मीसा गांव निवासी आकाश ने दी शिकायत में कहा कि उनके पिता दयाचंद हथीन क्षेत्र के हुचपुरी गांव के सरकारी स्कूल में पीटीआई थे। वह छुट्टी होने के बाद बाइक से घर आ रहे थे। इसी दौरान उनके ताऊ के बेटे देवदत्त का फोन आया कि मीसा-रसूलपुर गांव के बीच उनके पिता का एक्सीडेंट हो गया है। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि पिता के कान से खून बह रहा था। वहां पता चला कि यूपी नंबर की बाइक ने उन्हें टक्कर मारी है।

### एमटीपी किट बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

पलवल | सीएम फ्लाइंग ने एमटीपी किट बेचने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के साथ छापेमारी कर एक युवक को काबू कर लिया। उसके खिलाफ शहर थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीएम फ्लाइंग के सतबीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि पलवल में एक युवक 1500 रुपए में एमटीपी किट बेचता है। जिस पर कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन की टीम ने सीएम फ्लाइंग के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई की। टीम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपसिविल सर्जन डॉ. संजय, डॉ. नवीन व डॉ. रितिक गायनोकोलॉजिस्ट को शामिल किया गया।

### कंपनी के खाते से 20.57 लाख निकालने के मामले में पूर्व लेखाकार गिरफ्तार

फरीदाबाद | चेक चोरी कर कंपनी के खाते से 20.57 लाख रुपए निकालने के मामले में पुलिस ने कंपनी के पूर्व लेखाकार को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पलवल जिले का रहने वाला है। उसे कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार सीआईए सेक्टर-30 की टीम ने आरोपी मोहित रसोत को गिरफ्तार किया है। यह पलवल जिले का रहने वाला है। यह कंपनी में पहले लेखाकार था।

# ऑटो सवार बदमाशों ने बंधक बना कैश और मोबाइल लूटा

धमकी दे यूपीआई का पिन नंबर पूछकर यात्री के खाते से भी 20 हजार रुपए निकाल लिए

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

दिल्ली-मथुरा नेशनल हाईवे पर ऑटो सवार बदमाशों ने गुरुवार रात एनएचपीसी के पास एक सवारी को बंधक बना दस हजार रुपए व मोबाइल फोन लूट लिया। यही नहीं उसका यूपीआई पिन नंबर पूछकर बैंक खाते से भी करीब 20 हजार रुपए निकाल लिए। सराय ख्वाजा थाने की पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार संगम विहार दिल्ली निवासी साहब सिंह यहां एनएचपीसी के पास दुकान लगाते हैं। गुरुवार रात करीब 11 बजे वह एनएचपीसी के पास बदरपुर बार्डर जाने के लिए ऑटो के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान एक ऑटो उनके पास आकर रुका। उसमें तीन-चार लोग पहले से बैठे थे। चालक ने उनसे दस रुपए में बदरपुर बार्डर छोड़ने को कहा। वह बैठ गए तो उसने बदरपुर बार्डर न छोड़कर सराय मेट्रो स्टेशन के पास हाईवे पर बने यू-टर्न से ऑटो एनएचपीसी की ओर मोड़ लिया। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके मुंह पर कपड़ा बांध दिया। इससे वह बेहोश हो गए। सूरजकुंड-पाली मार्ग होते हुए पाली ऑटो ले गए। होश में आने के बाद वहां उनसे दस हजार रुपए और मोबाइल फोन लूट लिया। चाकू मारने की धमकी देकर यूपीआई का पिन नंबर पूछ यात्री के खाते से भी 20 हजार रुपए निकाल लिए।

**शहर की लाइफ लाइन हैं ऑटो:** औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में 30 हजार से अधिक छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों में करीब आठ लाख कामगार कार्यरत हैं। उनमें से अधिकांश अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए शहर में चल रहे 28 हजार से अधिक ऑटो का सहारा लेते हैं। कामगार व अन्य राहगीर रातभर ऑटो से आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऑटो सवार बदमाशों की सक्रियता से कामगारों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर में ऑटो सवार बदमाशों की सक्रियता बढ़ रही है। आए दिन वे सवारियों के साथ लूटपाट के अलावा चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पिछले महीने एनआईटी तीन में सक्रिय बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला को ऑटो में बैठाकर सोने के जेवरात छीन लिए थे। इसके अलावा खेड़ीपुल के पास एक महिला के जेवरात चोरी कर लिए थे।

**चालकों के स्पेशल आईडी बनी शोपीस:** पुलिस अपराध को रोकने के लिए कई साल से ऑटो चालकों को स्पेशल आईडी जारी कर रही है। इस आईडी के सहारे पुलिस के पास हर ऑटो चालकों की जानकारी रहती है। साथ ही पुलिस द्वारा जारी आईडी को ऑटो के अंदर व बाहर चस्पा करना अनिवार्य है। यह आईडी कुछ ने चस्पा कर रखी है कुछ ने नहीं।

### दो घंटे तक सड़क पर भटकते रहे

पीड़ित के अनुसार के वारदात के बाद आरोपी उन्हें पाली के सुनसान इलाके में छोड़कर फरार हो गए। रात को अंधेरे में करीब दो घंटे तक भटकने के बाद वह मुख्य मार्ग पर पहुंचे। इसके बाद राहगीर की मदद से डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस पहुंची। उसके सहयोग से वह घर पहुंचे। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# घर बनाना हुआ महंगा, नए कलेक्टर रेट के आधार पर होने लगीं रजिस्ट्रियां

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

जिले में नए कलेक्टर रेट एक अगस्त से लागू कर दिए गए हैं। ये रेट प्रभावी भी हो गए हैं। अब नए रेट के आधार पर रजिस्ट्रियां होने लगी हैं। फरीदाबाद जिले में जमीनों के रेट में 10 से 50 प्रतिशत तक बढ़े हैं। सबसे अधिक रेट यमुना से सटे क्षेत्र में बढ़े हैं। यहां 50 फीसदी तक रेट बढ़े हैं। पहले यहां बहुत कम रेट थे। लेकिन अब यहां से हाईवे और एक्सप्रेस निकलने के कारण रेट 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। अब नए रेट लागू होने के बाद आम आदमी के लिए यहां घर बनाना महंगा हो जाएगा। फरीदाबाद के डीआरओ विकास चौधरी के अनुसार पब्लिक के सुझाव और आपत्तियों का निराकरण के बाद बढ़े कलेक्टर रेट एक अगस्त से लागू कर दिए गए हैं।

डीआरओ ने बताया कि जिन इलाकों में पहले जमीनों के रेट काफी कम थे, वहां 40 से 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। जबकि बाकी इलाकों में भी 10 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। उनका कहना है कि नए रेट के पीछे सरकार का उद्देश्य राजस्व में बढ़ोतरी करना और बाजार दरों के अनुरूप कलेक्टर रेट लाना है।

### तहसीलों व वेबसाइट पर नए रेट की लिस्ट उपलब्ध

डीआरओ विकास चौधरी के अनुसार तहसीलों कार्यालयों व वेबसाइट पर नए रेट्स की लिस्ट उपलब्ध है। लोगों का कहना है कि जमीनों के रेट बढ़ने से सरकार को भले ही फायदा हो, लेकिन जनता और मध्यम वर्ग के लिए यह चिंता का विषय है। पहले से ही महंगाई और बढ़ती रियल एस्टेट कीमतों से जूझ रहे लोगों के लिए अब प्रॉपर्टी खरीदना एक और बड़ा आर्थिक बोझ साबित होगा।

### आपातकाल में बचाव को लेकर फरीदाबाद और पलवल में की गई मॉकड्रिल

पलवल/फरीदाबाद | हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को फरीदाबाद और पलवल जिले में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। फरीदाबाद में पांच जगह माकड्रिल की गई। डीसी विक्रम सिंह के अनुसार मॉकड्रिल का मूल उद्देश्य आपदा के समय आपदा प्रबंधन कर्मियों की क्षमता व तत्परता की जांच करना था। इस दौरान कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी आपदा से निपटने के लिए क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इसकी जानकारी दी गई। पलवल में भी माकड्रिल हुई।

# मेट्रो कार्ड रिचार्ज करने के नाम पर ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

मेट्रो कार्ड रिचार्ज करने के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी एमपी के करने वाले हैं। इन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

सेक्टर-10 निवासी पीड़ित ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी शिकायत कहा कि उन्होंने फोन पे के माध्यम से मेट्रो कार्ड का रिचार्ज किया था, लेकिन कार्ड रिचार्ज नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने गूगल से मेट्रो कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। इसके बाद उनके पास अलग-अलग नंबरों से फोन व मैसेज आने लगे। उन्होंने एक मैसेज कोड को अपने पास भिजवा लिया। फिर उनके खाता से विभिन्न ट्रांजक्शन के माध्यम से 2,36,499 रुपए कट गए। इसके बाद उन्होंने थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के



ठगी करने वाले गिरफ्तार आरोपी।

अनुसार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आसिफ कुरैशी निवासी जबलपुर, आमिर खान निवासी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर व तंजीर अहमद कुरैशी निवासी मोतीनाला, जबलपुर, म.प्र. को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सामने आया कि आसिफ कुरैशी व आमिर खान ठगों के लिए खाता उपलब्ध कराते थे। इन्हीं तंजीर का खाता लेकर आगे ठगों को दे दिया। इस खाते में ठगी के 2,31,499 रुपए आए थे। आसिफ रेहड़ी लगाता है। जबकि आमिर की मीट की दुकान है और तंजीर भैंसें खरीदकर बेचता है।

### पहले चरण का खेल महाकुंभ आज से, 4 जिलों में होंगे खेल

पलवल | खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश में दो चरणों में खेल महाकुंभ-2025 का 2 अगस्त से आगाज हो रहा है। इसमें 26 खेलों में 15410 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। इस आयोजन का सीएम नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में दो अगस्त को शुभारंभ करेंगे। पहले चरण का खेल महाकुंभ 4 जगह तक चलेगा। मंत्री ने कहा प्रदेश में 4 जगह 26 खेलों का आयोजन होगा। पंचकूला में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, हैंडबाल व हॉकी, फरीदाबाद में शूटिंग व ताईक्वांडो, रोहतक में बाक्सिंग, नेटबाल व फुटबाल और सोनीपत में लान टेनिस खेल होंगे।



### ईमार पाम हिल्स में आरडब्ल्यूए द्वारा बनाए गए स्ट्रक्चर को डीटीपी ने गिराया

गुरुग्राम | ईमार पाम हिल्स, सेक्टर-77, गुरुग्राम की आरडब्ल्यूए द्वारा ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के कॉमन एरिया/खुले स्थान पर डीटीसीपी की अनुमति के बिना बनाए गए मीटिंग हॉल को शुक्रवार को ढहा दिया गया। साथ ही डीपीटी अमित मधोलिया की टीम ने लोगों को बताया कि सभी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों की आरडब्ल्यूए को सूचित किया जाता है कि वे अपनी आम सभा के लिए केवल अनुमोदन लेकर इस तरह की गतिविधियों में शामिल न हों। यह प्रक्रिया स्वीकृत लेआउट योजना का उल्लंघन है और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना की जा रही है। इसलिए सभी आरडब्ल्यूए को चेतावनी दी जाती है कि वे अपनी बैठक में इस तरह के निर्णय को मंजूरी न दें।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर से हाईवे पार कर रही महिला की मौत, केस दर्ज

सोहना | सोहना सदर थाना के समीप बुधवार को एक महिला की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गई। मृतका की पहचान पहाड़ कॉलोनी सोहना निवासी अनीता (38) के रूप में हुई है। अनीता औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में कार्यरत थीं। बुधवार को वह बाजार से सामान लेकर अपने घर लौट रही थीं। जब वह सोहना सदर थाना के सामने हाईवे पार कर रही थीं, तभी तावडू की ओर जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में अनीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नागरिक अस्पताल सोहना ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### भोंडसी : चारा काटने के दौरान महिला की करंट लगने से दर्दनाक मौत

गुरुग्राम | भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव सहजावास में एक महिला की चारा काटने के दौरान करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। 30 वर्षीय महिला की करीब 13 साल पहले शादी हुई थी और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। परिजन बेसुध हालत में उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सहजावास निवासी बिरेंद्र ने बताया कि संगीता पत्नी नेत्रपाल शुक्रवार की शाम को हरा चारा मशीन से काट रही थी। तभी उसे बिजली का करंट लगा तो चारा काटने वाली मोटर के ऊपर जा गिरी, जिससे महिला के शरीर से मौके पर धुआं उठने लगा। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर प्राइवेट अस्पताल में पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन ने मनाया तुलसीदास जयंती

गुरुग्राम | हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन ने महान कवि गोस्वामी तुलसीदास के जन्म दिवस पर तुलसी जयंती समारोह का आयोजन, शहीद कैप्टन राजेश खुराना राजकीय उच्च विद्यालय चार-आठ मरला गुरुग्राम में धूमधाम से किया। इस समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अरुण माहेश्वरी ने की जबकि मुख्य अतिथि प्राचार्य अनीता शर्मा रहीं। संस्था के संरक्षक डॉ. कुंदन लाल पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्टूडेंट्स को लोक शिक्षक तुलसीदास की रचनाओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन गुरुग्राम के साहित्य मंत्री डॉ. रघुवीर सिंह बोकन ने मुख्य अतिथि डॉ. अनीता शर्मा का साहित्यिक परिचय देते हुए उनका स्वागत किया।

डेंगू का डंक • अब तक 11.80 लाख से ज्यादा घरों में लार्वा की जांच की गई

# जलभराव से लगातार बढ़ रहे डेंगू के मरीज, 4 नए मरीज मिले

बुखार के 2481 मरीजों की हो चुकी डेंगू की जांच

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम में डेंगू का डंक लगातार खतरनाक होता जा रहा है। जिला में शुक्रवार को डेंगू के चार नए मरीज सामने आए, जिससे डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर शुक्रवार को 29 हो गई। वहीं स्वास्थ्य विभागों के आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल से गुरुग्राम में डेंगू के केस कम हो रहे थे, लेकिन इस बार गत वर्ष की तुलना में अधिक केस आने की संभावना बढ़ गई है। जिसकी वजह बारिश के कारण जगह-जगह हो रहा जलभराव है। जुलाई महीने में 17 दिन में जिला में 273 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। शहर में ऐसे कई स्थान हैं, जहां पर लगातार पानी जमा है। गुरुग्राम में डेंगू के डंक के मामले तेजी के साथ बढ़ने लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग भी लगातार डेंगू के लार्वा को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार रैपिड रिस्पॉन्स एक्शन टीम के जरिए तमाम घरों की जांच कर रहा है। अब तक स्वास्थ्य विभाग 11.80 लाख से ज्यादा घरों में लार्वा की जांच कर चुका है, वहीं 4578 लोगों को स्वास्थ्य विभाग नोटिस जारी कर चुका है, जिनके यहां से लार्वा मिला है। हालांकि अभी तक नगर निगम की ओर से मच्छर जनित बीमारियों को लेकर फोगिंग शुरू नहीं कर पाया है। जिससे शहरी क्षेत्र में लोग बुखार की चपेट में लगातार आ रहे हैं। अब तक बुखार के संदिग्ध 2481 लोगों के सैंपल डेंगू जांच की जा चुकी है।

## इन क्षेत्रों में अधिक आ रहे डेंगू के केस



गुरुग्राम के दौलताबाद, वजीराबाद और चकरपुर इलाका डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग रोजाना 50 से अधिक बुखार के मरीजों की डेंगू की जांच कर रहा है। वहीं डेंगू के डंक को खत्म करने के लिए प्राइवेट अस्पतालों को भी कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें डेंगू के डंक के टेस्ट को लेकर जहां रेट निर्धारित की है। वहीं नागरिक अस्पताल में एक डेंगू वार्ड भी बनाया गया है।

**पिछले दस साल में डेंगू की स्थिति :** गुरुग्राम जिला में पिछले दस साल में डेंगू के मरीज सबसे अधिक 2015 में 481 मिले थे। वर्ष 2014 में 86, वर्ष 2016 में 86, वर्ष 2017 में 66, वर्ष 2018 में 93, वर्ष 2019 में 22 केस मिले थे। जबकि वर्ष 2020 में 51, वर्ष 2021 में डेंगू के केस बढ़े थे और कुल 327 केस मिले। वर्ष 2022 में 440, वर्ष 2023 में 286 केस सामने आए। जबकि वर्ष 2024 में 186 डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई थी।

### प्लॉट का विवाद: गाड़ियों से आए लोगों ने निर्माणाधीन मकान गिराया, केस दर्ज

गुरुग्राम | फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में एक प्लॉट के विवाद में एक पक्ष द्वारा प्लॉट पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। वहीं गत गुरुवार की रात को दूसरे पक्ष के लोग गाड़ियों में आए और निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया। वहीं इस संबंध में दूसरे पक्ष ने बदमाशों द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के अलावा फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। जबकि फर्रुखनगर थाना प्रभारी संतोष ने बताया कि प्रदीप नाम के दो व्यक्तियों के बीच प्लॉट का विवाद चल रहा है। दोनों के पास प्लॉट की रजिस्ट्री है और दोनों ही अपना-अपना प्लॉट बता रहे हैं। एक पक्ष ने यहां निर्माण शुरू किया तो दूसरे पक्ष के लोगों ने रात में निर्माणाधीन स्ट्रक्चर को तोड़ दिया। फिलहाल जांच की जा रही है।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर डीसी विश्राम मीणा को मिला सम्मान

भास्कर न्यूज़ | नूंह

नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर डीसी विश्राम कुमार मीणा को सम्मानित किया गया। डीसी को यह सम्मान सीएम नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में दिया। सम्मान आकांक्षी जिला कार्यक्रम को बेहतरीन तरीके से लागू करने के लिए दिया गया है। डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा दिया गया सम्मान खासकर आकांक्षी खंड पुन्हाना व नूंह की जनता को समर्पित है। यह पुरस्कार अच्छा कार्य करने वाले विभागों व अधिकारियों के लिए मोटिवेशन है। सम्मान मिलने के बाद संबंधित विभागों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब इस आकांक्षी कार्यक्रम के और भी संकेतकों के तहत अच्छा कार्य किया जाएगा, ताकि जिला नूंह को आकांक्षी श्रेणी से बाहर निकालकर विकासशील जिला श्रेणी में शामिल किया जा सके। सीएम ने डीसी विश्राम कुमार मीणा को सम्मानित करते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह के प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।



चंडीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी के हाथों सम्मान लेते डीसी।

## साले की पत्नी का गला घोंटकर हत्या करने का आरोपी सिपाही गिरफ्तार

गुरुग्राम | सोहना एरिया में साले की पत्नी का गला घोंटकर हत्या करने के आरोपी सिपाही को सोहना क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ढाई साल से साले की पत्नी के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में था। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश करेगी। दरअसल, राजस्थान के झुंझुनू निवासी संगीता सोहना में बनी स्पोर्ट्स विला सोसाइटी के फ्लैट नम्बर 408 में रह रही थी। उसका पति सेना में था, जिसकी दो साल पहले एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद संगीता का ननदोई रविंद्र उसकी नौकरी लगवाने के बहाने अपने साथ ले गया। इसके बाद वह रविंद्र के साथ रिलेशनशिप में रहने लगी। रविन्द्र बाया की ढाणी नांगल चौधरी का रहने वाला है और पलवल जिले में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था। संगीता की 24 जुलाई की रात करीब साढ़े दस बजे गला घोंटकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पार्षद अमित शर्मा नगर परिषद पटौदी जाटौलीमंडी के उपाध्यक्ष चुने गए



भास्कर न्यूज़ | पटौदी

शुक्रवार को नगर परिषद पटौदी जाटौलीमंडी के उपाध्यक्ष पद के लिए अमित शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर पटौदी की विधायक बिमला चौधरी सहित एसडीएम दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने कहा कि वो अपने काम को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे। चुनाव में सबसे पहले अमित शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी पार्षदों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। अमित शर्मा भाजपा के उम्मीदवार को हराकर निर्दलीय जीते थे।

### पशुओं को पकड़ने के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान, 7 पशु पकड़े

गुरुग्राम | नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में खुले में घूमने वाले पशुओं की समस्या से निपटने के लिए शुक्रवार से विशेष अभियान की शुरुआत कर दी है। इस अभियान के पहले दिन निगम की विशेष टीमों ने सेक्टर-15 पार्ट-2, डीएलएफ फेज-5 और सेक्टर-42 जैसे क्षेत्रों में सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 7 पशुओं को पकड़ा गया, जिनमें सेक्टर-15 पार्ट-2 से 2, डीएलएफ फेज-5 से 3 और सेक्टर-42 से 2 पशु पकड़े गए। इन सभी पशुओं को नगर निगम की गौशालाओं में सुरक्षित पहुंचाया गया है। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ. प्रीतपाल सिंह ने बताया कि निगम द्वारा नियुक्त की गई 6 एजेंसियों द्वारा खुले में घूमने वाले पशु पकड़ने के कार्य में लापरवाही बरतने और जन शिकायतों का समाधान न करने पर उन पर सख्त कार्रवाई करते हुए ₹83000 का जुर्माना लगाया गया है। इनमें एनिमल सिम्पैथी ऑर्गेनाइजेशन पर ₹9000, आरएस एंटरप्राइजेज पर ₹28000, स्कॉर्पियन बिल्डटेक पर ₹3000, जीव दया सोशल वेलफेयर सोसायटी पर ₹19000, केडी एंटरप्राइजेज पर ₹9500 तथा शहीद भगत सिंह ग्रामीण विकास समिति पर ₹14500 की पेनल्टी शामिल है। सभी एजेंसियों को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी गई है कि वे समय रहते कार्य में सुधार करें एवं शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें।

# 'एक्सरसाइज सुरक्षा चक्र' के तहत भूकंप और केमिकल लीक की आपदा का सजीव अभ्यास

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम जिले में शुक्रवार को "एक्सरसाइज सुरक्षा चक्र" के तहत एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें भूकंप और रासायनिक रिसाव जैसी दो अलग-अलग आपदाओं की परिकल्पना कर सजीव अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में सभी प्रमुख आपदा प्रबंधन एजेंसियों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर अपनी त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय क्षमता का प्रदर्शन किया।

ड्रिल का आयोजन सुबह 9 बजे शुरू हुआ, जब सेक्टर-36 के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विकास सदन के एडीसी कार्यालय, सेक्टर-31 के पॉलीक्लिनिक और स्टार मॉल में भूकंप की काल्पनिक स्थिति उत्पन्न की गई। वहीं भोंडसी स्थित इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में केमिकल लीक की आपात स्थिति को दर्शाया गया। जैसे ही सायरन बजे, सभी स्थानों पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी और नागरिकों को तय रूटों से बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीमों ने ऊपरी मंजिलों में फंसे लोगों को सीढ़ियों और स्ट्रेचरों की मदद से बाहर निकाला। भोंडसी में केमिकल रिसाव के तहत गैस मास्क पहनकर राहतकर्मी भीतर दाखिल हुए और घायलों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।



गुरुग्राम। मॉक ड्रिल करती आपदा प्रबंधन टीम।

ताऊ देवी लाल स्टेडियम को स्टेजिंग एरिया के रूप में चिन्हित किया गया था, जहां पहले से संसाधनों और वाहनों को तैयार रखा गया। यहीं से सभी राहत दल संबंधित स्थानों पर रवाना हुए। इस दौरान किसी भी प्रकार के मोबाइल या लैंडलाइन संचार का प्रयोग नहीं किया गया, आपसी समन्वय पूरी तरह से सैटेलाइट फोन के माध्यम से किया गया। डीसी अजय कुमार ने कंट्रोल रूम से पूरे अभ्यास की लाइव मॉनिटरिंग की। ड्रिल के बाद सभी पांच स्थलों से प्राप्त रिपोर्ट को केंद्रीय आपदा प्रबंधन विभाग को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भेजा गया। पूर्व सैन्य अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

### सर्विस लेन पर पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौत

गुरुग्राम | बिलासपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को उस समय ट्रक ने कुचल दिया, जब वह अपने भांजे के साथ होटल से खाना खाकर लौट रहा था। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि ट्रक चालक मौके से ट्रक समेत फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उदय सिंह निवासी मथुरा उत्तर प्रदेश ने पुलिस को शिकायत दी कि उसका मामा रतन सिंह सिधरावली गांव में किराए पर रहकर अमेजन कंपनी में काम करता था। गत गुरुवार को उदय सिंह व उसका एक दोस्त भी अपने मामा रतन सिंह के साथ रात 8.30 बजे जब वे श्याम होटल से खाना खाकर वापस आ रहे थे तो दिल्ली-जयपुर हाइवे की सर्विस लेन पर वे पैदल चल रहे थे।




भास्कर एक्सक्लूसिव | सूबे के 663 गांव हॉटस्पॉट घोषित, विभागों को जिम्मेदारी

# पराली जलाने से रोकने के लिए पहली बार एडवांस एक्शन प्लान, ड्रोन से रखेंगे नजर

हरपाल रंधावा | चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए पहली बार सितंबर, अक्टूबर, नवंबर के लिए एडवांस एक्शन प्लान तैयार किया है। यह योजना 2025-26 के लिए बनाई गई है। सभी विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। कृषि विभाग को मुख्य भूमिका दी गई है। राज्य के 663 गांवों को हॉटस्पॉट घोषित किया गया है। इन गांवों में पराली जलाने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। अब इन गांवों में एसडीएम, तहसीलदार और नोडल अधिकारी खुद जाकर निगरानी करेंगे। गांवों में दीवार लेखन, प्रचार वैन, स्कूल रैलियां, पर्चे वितरण और जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे। नोडल अफसरों की तैनाती होगी। मशीनों का प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों को मशीनें खरीदने पर सब्सिडी दी जाएगी। पहले की तरह सैटेलाइट से निगरानी जारी रहेगी। पहली बार ड्रोन से भी पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखी जाएगी। पंजाब में 30.79 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है। इससे 19.5 मिलियन टन पराली निकलने की संभावना है। पिछले साल राज्य में 10,909 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज हुई थीं। इधर पंजाब सरकार ने 2025-26 में पराली प्रबंधन के लिए 500 करोड़ रुपए का ड्राफ्ट प्लान केंद्र को भेजा है।

## किसे क्या जिम्मेदारी

- **मंडी बोर्ड:** आढ़तियों पर नजर रखेगा। पराली जलाने पर कार्रवाई होगी। कटाई के समय कंट्रोल रूम बनाएगा।
-पशुपालन विभाग : इसे बासमती की पराली को चारे के रूप में इस्तेमाल करने की जिम्मेदारी दी गई है।
- **कृषि विभाग:** हॉटस्पॉट की पहचान करेगा। वहां मशीनें प्राथमिकता से दी जाएंगी। 1 सितंबर से सुपर एसएमएस वाले हार्वेस्टर की जांच शुरू होगी। बिना सुपर एसएमएस वाले हार्वेस्टर पर कार्रवाई होगी।
- **पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी :** सभी कृषि वैज्ञानिक केंद्र 10-10 गांवों को गोद लेंगे। एनजीओ को भी अभियान में जोड़ा जाएगा। उन्नत किसान मोबाइल ऐप को बेहतर बनाया जाएगा। किसान इस ऐप से मशीनें किराए पर ले सकेंगे। पराली न जलाने वाले किसानों और पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा।
- **राजस्व विभाग :** पटवारी जलाए गए खेतों की गिरदावरी में लाल स्याही से 'झोना साड़िया'' लिखेंगे। दोषी किसानों से पर्यावरण जुर्माना वसूला जाएगा।

**पराली जलाने की घटनाएं**

| साल | घटना |
|---|---|
| 2022 | 49922 |
| 2023 | 36663 |
| 2024 | 10909 |

*पंजाब में पहली बार धान की बिजाई 1 जून से शुरू हुई थी, इससे कटाई भी पहले शुरू हो जाएगी। पराली जलाने से रोकने का एक्शन प्लान भी एडवांस तैयार किया गया है। पराली प्रबंधन को लेकर केंद्र को 500 करोड़ का ड्राफ्ट प्लान भेजा है। -**गुरमीत सिंह खुड्डियां,** कृषि मंत्री*

## गर्भपात की दवाइयां बेचने वाले तीन आरोपियों पर केस दर्ज, दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद** | स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर एसजीएम नगर थाने की पुलिस ने गर्भपात की दवाइयां बेचने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनकी पहचान दानिश, बिलाल और आरिफ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि बिलाल नामक युवक कहीं से गर्भपात की दवाइयां खरीद कर लाता है और फिर चोरी-छिपे महंगी दामों में बेचता है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीम गठित की गई। । इसके बाद एक महिला को फर्जी ग्राहक बनाकर दवाई खरीदने के लिए आरोपी के पास भेजा गया। 30 जुलाई को बिलाल ने महिला ग्राहक से अगले दिन बड़खल मार्ग स्थित एक धार्मिक स्थल के पास आने को कहा। 31 जुलाई को बताई गई जगह पर जब महिला दवाई लेने पहुंची तो आरोपी ने उसे 1500 रुपए में गर्भपात की दवाई दी।

## कांग्रेस का भाजपा पर निशानाः तिरंगे के अपमान की राजनीति का आरोप लगाया



**रिकांगपिओ** | किन्नौर प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट डॉ. सूर्या बोरस ने भाजपा पर मंडी और जंजैहली में राहत कार्यों के दौरान कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ हुए अलोकतांत्रिक व्यवहार और राष्ट्रचिन्ह के अपमान का आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर झूठ की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। डॉ. बोरस ने रिकांगपिओ में कहा कि कैबिनेट मंत्री नेगी ने मंडी और जंजैहली में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार तीन दिनों तक दौरा किया। डॉ. बोरस ने कहा मंत्री नेगी के राहत कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिल रहे थे और सहायता की गुहार लगा रहे थे।

## गैंगस्टर भगवानपुरिया ने सांसद रंधावा के बेटे को दी जान से मारने की धमकी

**चंडीगढ़** | गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया ने कांग्रेस सांसद और पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा के बेटे उदयवीर रंधावा को जान से मारने की धमकी दी है। सांसद ने कहा कि उनके बेटे से मिलने के एक घंटे के भीतर ही फतेहगढ़ चूड़ियां कस्बे में फायरिंग हुई। रंधावा ने सीएम भगवंत सिंह मान को घेरते हुए कहा कि पंजाब को गैंगस्टरों का अड्डा बना दिया है।



### गैंगस्टरवाद तो कांग्रेस की ही देन है : चीमा

आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर पलटवार किया। कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आज जो गैंगस्टर नेताओं को धमका रहे हैं, वे सब कांग्रेस की ही देन हैं। जग्गू भगवानपुरिया को सिर पर बिठाने वाला कौन था?

# मानेसर निगम के 12 पार्षद काठमांडू पहुंचाए, सभी के फोन बंद

## सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर भाजपा के दो राव मंत्रियों की खींचतान

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर भाजपा में सियासी खेल शुरू हो गया है। आगामी 5 अगस्त को सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव होना निश्चित किया गया है। वहीं इससे पहले मानेसर के 12 पार्षदों को नेपाल की राजधानी काठमांडू भेज दिया गया है। मानेसर निगम के सूत्रों का कहना है कि चार दिन पहले सभी पार्षद निगम कार्यालय भी गए थे, लेकिन अगले दिन से 12 पार्षद गायब हैं। निगम के सचिव ने पत्र जारी कर चुनाव की तिथि की सूचना दे दी है। वहीं इन पार्षदों के काठमांडू भेजे जाने के पीछे भाजपा का एक रणनीतिकार भी है। माना जा रहा है कि केंद्रीय राज्य मंत्री और गुरुग्राम से सांसद राव इंद्रजीत को झटका देने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल की स्थिति को देखें तो केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के मुकाबले कैबिनेट मंत्री नरबीर खेमा मजबूत है। वहीं सभी पार्षदों के मोबाइल फोन बंद हैं और यहां तक कि वाट्सऐप कॉल भी रिसीव नहीं किए जा रहे हैं।

पार्षदों को काठमांडू भेजने के पीछे प्रदेश की भाजपा सरकार के ही मंत्री राव नरबीर को माना जा रहा है। नरबीर के करीबी ने नाम न छापने की शर्त पर इस बात की पुष्टि भी की है। हालांकि इस मामले में कोई खुलकर कुछ नहीं कह रहा है। मेयर चुनाव में भाजपा को मानेसर में झटका लग चुका है। यहां से निर्दलीय डॉ. इंद्रजीत कौर मेयर चुनी गईं थी। जो खुद को राव इंद्रजीत का समर्थक बताती रहीं हैं।

## एसएचओ के खिलाफ एफआईआर मामले में डीएसपी ने किया मुआयना

**नूंह** | ट्रांसपोर्टर से अवैध वसूली मामले में जांच शुरू कर दी गई है। फिरोजपुर झिरका के डीएसपी ने मौका मुआयना कर शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए। घटनास्थल का नक्शा भी बनाया गया। इस मामले में सभी संबंधित लोगों के बयान निजी तौर पर दर्ज किए जाएंगे। अधिकारियों का दावा है कि जांच पूरी बारीकी से की जाएगी ताकि दोषी को उचित सजा मिल सके। मामले की जांच डीएसपी अजायब सिंह कर रहे हैं। शुक्रवार को शिकायतकर्ता परवेज व एक्सपर्ट्स की टीम के साथ उन्होंने मह् चोपड़ा गांव में उस स्थान का दौरा किया जहां लोहे का कांटा डालकर हाईवा के टायर ब्लास्ट करने का आरोप लगाया गया है। ट्रांसपोर्टर परवेज व उक्त हाइवा के चालक ने भी डीएसपी को समक्ष पूरी घटना का विस्तार से ब्यौरा दिया।

## पहले बकरियों को मारा, अब गाय को उठाकर ले गया तेंदुआ

**नूंह** | तेंदुए के आतंक से अरावली हिल्स के साथ बसे गांवों के निवासियों में दहशत का माहौल है। मौका मिलते ही तेंदुआ ग्रामीणों के पालतू जानवरों को उठाकर ले जाता है। 20 दिन पहले रहना गांव के किसान की छह बकरियां मार डाली अब बड़का अलीमुद्दीन में गौ पालक की एक गाय को पहाड़ी पर ले जाकर मार डाला। गांव बड़का अलीमुद्दीन के किसान आस मोहम्मद और बसीर अहमद ने बड़ी संख्या में गाय पाल रखी हैं। दोनों किसान गायों का दूध बेचकर परिवार का गुजारा करते हैं। बारिश के कारण गायों के बाड़े में पानी भर गया। इसके चलते दोनों किसानों ने गांव की आबादी के साथ सटे एक टीले पर अपनी गायों के रहने के लिए अस्थाई बाड़ा बना दिया।

# दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर की मांग पर ₹30 लाख की रिश्वत लेता निजी स्कूल का क्लर्क गिरफ्तार

### एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने की कार्रवाई, क्लर्क और इंस्पेक्टर गिरफ्तार, रुपए बरामद

**सोनीपत** | एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को निजी स्कूल के क्लर्क को 30 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर के नाम पर रिश्वत ली थी। वह इंस्पेक्टर के भाई के स्कूल में कार्यरत है। बड़वासनी गांव निवासी विपिन ने एसीबी को बताया कि उनके रिश्तेदार प्रवीन लाकड़ा दिल्ली के नरेला में प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनका नरेला के प्रवीन गुप्ता से विवाद चल रहा है। प्रवीन गुप्ता ने प्रवीन लाकड़ा के खिलाफ जबरन रुपए मांगने व मारपीट के दो मुकदमे दर्ज करा रखे हैं। दोनों मामलों की जांच अलीपुर थाने से दिल्ली की डिवीजनल इंटेलीजेंस यूनिट में तैनात इंस्पेक्टर सुनील जैन के पास थी। आरोप है कि सुनील जैन ने वर्ष 2024 में दर्ज जबरन रुपए मांगने के मामले में धारा हटाने और वर्ष 2025 में दर्ज मारपीट के मामले को निरस्त करने के नाम पर एक करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में 70 लाख रुपए पर सहमति बनी थी। शुक्रवार को 30 लाख रुपए लेकर विपिन निजी स्कूल में कार्यरत संदीप के पास आया। यहां इंस्पेक्टर प्रमिला की टीम ने संदीप को 30 लाख रुपए के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इंस्पेक्टर सुनील जैन को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है।


संदीप

## आर्थिक आपात काल लगाने को लेकर कोर्ट की टिप्पणी सरकार को आईना : जयराम

**शिमला** | नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आर्थिक आपात काल लगाने को लेकर कोर्ट की टिप्पणी को सरकार को आईना दिखाने वाला कहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश को बार-बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की कारगुजारियों के कारण उच्च न्यायालय को सरकार से यह पूछना पड़ा प्रदेश में आर्थिक आपातकाल क्यों न लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा मामला कभी नहीं आया जब उच्च न्यायालय को इतनी तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी हो। जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने बार-बार यह मुद्दा उठाया की प्रदेश में ठेकेदारों के पैसों का भुगतान नहीं हो रहा है। जो भुगतान हो रहा है उसमें सरकार के खास लोगों की दखलअंदाजी चल रही है।







**विधानसभा का मानसून सत्र शुरू** • सात अगस्त तक चलेगा, सोमवार को पेश होगा वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुपूरक बजट

# झारखंड विधानसभा में पहली बार अतिवृष्टि पर होगी विशेष चर्चा

▪ छह अगस्त को दो घंटे तक होगी विशेष चर्चा

भास्कर न्यूज़ | रांची

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार को शुरू हो गया। सात अगस्त तक चलने वाले सत्र के पहले दिन स्पीकर के वक्तव्य के बाद कुछ विधेयक और एटीआर सदन में रखे गए। शोक प्रकाश हुआ। फिर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। अब सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुपूरक बजट पेश होगा। सदन की कार्यवाही के बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। इसमें अतिवृष्टि और इससे होने वाली समस्या पर विचार के लिए विशेष चर्चा कराने का फैसला लिया गया। तय हुआ कि छह अगस्त को दूसरी पाली में विधेयक पेश करने के बाद दो घंटे तक इस पर विशेष चर्चा होगी। झारखंड में ऐसा पहली बार है, जब अतिवृष्टि पर सदन में चर्चा होगी। यह भी तय हुआ कि विधायकों द्वारा लाए जाने वाले ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर किसी भी दिन सुबह 10 से 11 बजे के बीच चर्चा कराई जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित कई विधायक शामिल हुए।



कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में शामिल स्पीकर, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और अन्य दलों के विधायक।

### वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में पटल पर रखा एटीआर

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पिछले बजट सत्र में सरकार द्वारा सदन में दिए गए आश्वासन के अनुपालन से संबंधित कृत कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) सदन में रखा। इसमें 27 विभागों के 80 आश्वासन पर कार्रवाई का लेखा-जोखा है। उधर, स्पीकर ने नवीन जायसवाल को भाजपा के मुख्य सचेतक व राज सिन्हा-नागेंद्र महतो को सचेतक के रूप में मान्यता दी।

### अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने पर भाजपा का विरोध

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस फैसले को वापस ले। ऐसे विवादास्पद फैसले न ले। वरना पूरी ताकत से विरोध किया जाएगा। अब सरकार तय करे कि वह सदन चलाना चाहती है या नहीं।

### स्पीकर : सदन बहस का स्थल नहीं, जनआकांक्षाओं का प्रतीक

मानसून सत्र के पहले दिन स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि सदन बहस का स्थल नहीं, बल्कि जनआकांक्षाओं का प्रतीक है। आमजन की आकांक्षाओं की पूर्ति ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे।

## सदन की कार्यवाही खत्म होते ही दिल्ली गए हेमंत

रांची | दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। उनका इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। इसी क्रम में सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को एक बार फिर दिल्ली चले गए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही में भाग लिया, इसके बाद वे दिल्ली रवाना हो गए। मुख्यमंत्री 24 जून से गुरुजी की देखभाल के लिए लगातार दिल्ली में डटे हुए हैं। केवल जरूरी कामों के लिए ही रांची आना-जाना कर रहे हैं। हालांकि, डॉक्टरों की टीम लगातार शिबू सोरेन की सेहत पर नजर बनाए हुए है, शनिवार और रविवार को विधानसभा की कार्यवाही स्थगित रहती है, ऐसे में मुख्यमंत्री दो दिन दिल्ली में ही रहेंगे।

**मुख्यमंत्री ने घोषणा की,** कहा-2.25 लाख कर्मचारियों को होगा फायदा

# मिड डे मील रसोइया, स्कूल के नाइट गार्ड का मानदेय दोगुना किया गया

भास्कर न्यूज़ | पटना

### मुख्यमंत्री की हाल की बड़ी घोषणाएं

▪ 5 साल में 1 करोड़ लोगों को नौकरी-रोजगार ▪ 125 यूनिट बिजली फ्री ▪ युवाओं को इंटर्नशिप के लिए 6-6 हजार ▪ सरकारी नौकरी में बिहार की रहने वाली महिलाओं को 35% आरक्षण ▪ सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से 1100 रुपए ▪ आशा और ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ा ▪ आंगनबाड़ी सेविका को फोन खरीदने के लिए 11 हजार रुपए ▪ दीदी की रसोई में 40 की बजाए 20 रुपए में थाली मिलेगी ▪ दिव्यांगों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना ▪ नई बस खरीदने पर 20 लाख देगी सरकार ▪ पत्रकारों का पेंशन 6 हजार से 15 हजार हुआ।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिड डे मील के रसोइया, स्कूलों के नाइट गार्ड व शारीरिक शिक्षा व स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय दोगुना करने का ऐलान किया। कहा-अब रसोइयों को 1650 रुपए की जगह 3300, सेकेंडरी/हाई स्कूल के नाइट गार्ड को 5 हजार की बजाय 10 हजार तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों को 8 हजार की जगह 16 हजार रुपए हर महीने मिलेंगे। हर साल इनका वेतन अब 400 रुपया बढ़ेगा। पहले 200 रुपए बढ़ता था। इससे कार्यरत कर्मियों के मनोबल में वृद्धि होगी। वे अधिक उत्साह एवं लगन से अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा-नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। 2005 में शिक्षा का कुल बजट 4366 करोड़ रुपए था। अभी 77690 करोड़ है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नए विद्यालय भवनों के निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास से शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, नाइट गार्ड तथा शारीरिक शिक्षा व स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे देखते हुए हमने इन कर्मियों की मानदेय राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया।

## नाबालिग से गैंगरेप, आरोपी युवक, 2 किशोर हिरासत में

भास्कर न्यूज़ | घोड़ासहन(मोतिहारी)

घोड़ासहन के एक मोहल्ले में नाबालिग छात्रा के साथ एक युवक और दो किशोरों ने गैंगरेप किया। आरोपियों ने इस कुकृत्य का वीडियो बनाकर भी वायरल कर दिया। मामला बीते 12 जुलाई को बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद परिजनों ने थाना पहुंचकर मामले की शिकायत की। सिकरहना एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी में युवक को गिरफ्तार किया गया, जबकि किशोरों को निरुद्ध किया गया। सिकरहना एसडीपीओ उदय शंकर ने बताया कि आरोपी शहर के एक मुहल्ले के नवनिर्मित मकान में गैंग रेप की घटना को अंजाम दिए हैं। पीड़िता किराए के मकान में सपरिवार रहती थी। पिता मजदूरी करते हैं। पकड़ा गए आरोपी की पहचान झरौखर थाना क्षेत्र के भंगहा निवासी सन्नी सिंह है।

# बरेली में महिला ने पति को 5 भाइयों से पिटवाया

हाथ-पैर तोड़े, जंगल में जिंदा दफनाने का प्रयास किया



बरेली | बरेली में पत्नी ने पति को अपने 5 भाइयों और उनके साथियों से पिटवाया। उसके हाथ और पैर तोड़ दिए। घर में मौजूद 14 और 8 साल के बेटे बचाने आए तो उनको भी पीटा। यही नहीं आरोपी उसे जंगल में ले गए और गड्ढा खोदकर गाड़ने का प्रयास किया।

लेकिन वहां पर कुछ लोग आ गए और आरोपी उसको घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। उन लोगों ने घायल को एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर 23 जुलाई को मुकदमा दर्ज कराया गया है। पूरा मामला बरेली इज्जतनगर थाना क्षेत्र के नगरिया परीक्षित में 21 जुलाई को हुआ। 10 दिन बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद आज शुक्रवार को वह मीडिया के सामने आए हैं। और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

बरेली के शाही थाना क्षेत्र के अस्सीरा दुनका गांव निवासी राजीव कुमार की शादी 2009 में सीबीगंज थाने के पूनापुर गांव की साधना के साथ हुई थी। वर्तमान में राजीव बरेली शहर के नगरिया परीक्षित में एयरफोर्स गेट के पास किराए पर रहते हैं। उसके दो बेटे यश 14 और लव 8 हैं। दोनों बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ते हैं। राजीव बरेली के बाईपास स्थित नवोदय हॉस्पिटल में जॉब करता है।


**भाकृअनुप -भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान**

ग्राम चाहर, फूड पार्क के पास, लाधोवाल, लुधियाना-141008 पंजाब (भारत)

दिनांकः 31.07.2025

**साक्षात्कार**

भाकृअनुप-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना में 'CRP on maize Biofortification' के तहत Senior Research Fellow (01 पद) के संविदात्मक पद के लिए वॉक-इन इंटरव्यू दिनांक 18.08.2025 को सुबह 11.00 बजे भाकृअनुप-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली इकाई में आयोजित होने वाला है। विवरण के लिए कृपया bhupender.iimr@yahoo.com से संपर्क में रहें।

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में ट्रैक्शन स्टेशन कार्य नियम आरेख का निर्माण और स्थापना। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 49,78,328.00/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 99,600/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 11.08.2025 (10:30 बजे) से 25.08.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 25.08.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 15-क.वि.–नई दिल्ली–2025–26 दिनांक : 31.07.2025 2348/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पलामू में कंटेनर से एक करोड़ की शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ से बिहार ले जाई जा रही थी शराब, माफिया की तलाश

भास्कर न्यूज़ | मेदिनीनगर




पलामू में शुक्रवार को एनएच 98 पर एक कंटेनर से 1068 पेटी में भरी 34,680 बोतल शराब जब्त की गई है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ से शराब को गढ़वा और पलामू के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा था। कंटेनर के चालक और खलासी ने पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कंटेनर में प्लाईवुड लेकर बिहार जा रहे हैं। उनकी संदिग्ध गतिविधियों के कारण कंटेनर की तलाशी ली तो शराब मिली। गिरफ्तार तस्करों की पहचान राम दिया (भिवानी, हरियाणा) और विजय (जींद, हरियाणा) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों खुलासा किया कि यह खेप चंदन सिंह नामक व्यक्ति के निर्देश पर छत्तीसगढ़ से बिहार पहुंचाई जा रही थी। लेकिन उन्होंने चंदन सिंह के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी। पुलिस अब अंतरराज्यीय शराब माफिया चंदन सिंह की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शराब तस्करी की यह खेप संगठित नेटवर्क से जुड़ी लगती है। छानबीन जारी है।

**हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति**

## मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

भास्कर न्यूज़ | रांची

हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। दोनों पक्षों को लिखित बहस कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। मेरिट लिस्ट को चुनौती देते हुए कुल 252 याचिकाएं दाखिल की गई है।

सुनवाई के दौरान एडवोकेट अजीत कुमार, चंचल जैन व तेजस्विता ने ने कहा कि सरकार के जवाब में कई त्रुटियां हैं। इसलिए न्यायिक आयोग का गठन किया जाए, जो जांच कर रिपोर्ट सौंपे। प्रार्थियों का कहना था कि मेरिट लिस्ट तैयार करने में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सही तरीके से पालन नहीं किया गया है। वहीं महाधिवक्ता ने न्यायिक आयोग के गठन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास अभ्यर्थियों के दस्तावेज मौजूद हैं। अभ्यर्थी अपना आवेदन जेएसएससी को दे। जेएसएससी उसका सत्यापन करते हुए फैसला लेगा।

**आईआईटी आईएसएम धनबाद का 45वां दीक्षांत समारोह**

## दुनिया में बदलाव लाने के लिए करें ज्ञान व कौशल का उपयोगः राष्ट्रपति



धनबाद | राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल को व्यक्तिगत विकास तक के लिए सीमित न रखें, बल्कि इसका उपयोग दुनिया में बदलाव लाने के लिए करें। ग्रीन इंडिया के निर्माण में करें, जहां विकास प्रकृति की कीमत पर नहीं, उसके साथ सामंजस्य बनाकर हो। ऐसा भारत बनाएं, जहां आगे बढ़ने के अवसर सबसे लिए उपलब्ध हो। अपनी बुद्धिमता से केवल नवाचार नहीं, बल्कि सिद्धांत भी बनाएं, क्योंकि आप भविष्य के निर्माता भी हैं। राष्ट्रपति शुक्रवार को आईआईटी आईएसएम धनबाद के 45वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह आपके जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक है। यह नौकरी, उच्च शिक्षा, नवाचार या उद्यमिता, कुछ भी हो सकता है।


**राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद**
**पूर्व-आरएफपी परामर्श बैठक सूचना**

एससीईआरटी जेईई मेन्स, जेईई एडवांस्ड और एनईईटी परीक्षाओं के लिए स्कूल्स ऑफ एमिनेंस (एसओईएस) और मेरिटोरियस स्कूलों में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए लाइव, इंटरैक्टिव ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने के लिए रियायतकर्ता के चयन के लिए आरएफपी तैयार करने की प्रक्रिया में है, जिसके व्यापक उद्देश्य निम्नलिखित हैः
* सरकारी स्कूलों और मेधावी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली कोचिंग तक समान पहुंच प्रदान करना।
* छात्रों को एक मजबूत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) द्वारा समर्थित लाइव, इंटरैक्टिव डिजिटल सत्रों के माध्यम से JEE और NEET की तैयारी करने में सक्षम बनाना।
* डैशबोर्ड के माध्यम से संरचित ऑनलाइन निर्देश, शंका समाधान, मॉक टेस्ट और व्यक्तिगत प्रतिक्रिया प्रदान करके प्रदर्शन परिणामों में सुधार करना।
* नियमित कक्षा निर्देश को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल सामग्री से पूरक बनाना, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता और कॉलेज-तैयारी बढ़े।

आरएफपी को अंतिम रूप देने के लिए, 5 अगस्त, 2025 को दोपहर 3:00 बजे पीआईडीबी कार्यालय, सेक्टर-34, चंडीगढ़ में एक पूर्व-परामर्श बैठक निर्धारित की गई है। संभावित बोलीदाता नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करके ऑनलाइन भी शामिल हो सकते हैं: https://meet.google.com/anp-dwca-frx

संभावित बोलीदाताओं (प्रति संगठन अधिकतम 2 वरिष्ठ अधिकारी) को बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस बैठक में भाग लेने की पुष्टि हेतु ईमेलः Schoolofeminencepunjab@gmail.com पर 3 अगस्त, 2025 तक या उससे पहले भेजें। किसी भी प्रश्न के लिए, सुश्री बलविंदर कौर, सहायक निदेशक, डीएसई (एसई) के कार्यालय से +91 9780300525 पर संपर्क किया जा सकता है।

दिनांकः 30.07.2025, एसएएस नगर — निदेशक, एससीईआरटी

3317/12/2025-26/1789


# कार पलटी, ट्रक से टकराई; मां-पिता समेत 5 की मौत

### परिवार के सभी लोग भतीजी का बर्थडे मनाकर गांव लौट रहे थे

भास्कर न्यूज़ | मैनपुरी

यूपी के मैनपुरी में एक परिवार के 5 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। एक बच्ची घायल है। पूरा परिवार स्विफ्ट डिजायर कार से आगरा से छिबरामऊ जा रहा था। कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलटते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई।नवीगंज की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। परिवार के लोग भतीजी का बर्थडे मनाकर गांव लौट रहे थे। हादसा शुक्रवार दोपहर 1:15 बजे बेवर थाना क्षेत्र में नगला ताल के पास जीटी रोड पर हुआ।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से डैमेज हो गई। आसपास के लोग पहुंचे तो कार सवार सभी लोग गाड़ी के अंदर फंसे हुए थे। जान बचाने की गुहार लगा रहे थे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस टीम एम्बुलेंस के साथ पहुंची। घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद कार से निकालकर जिला हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल एक बच्ची को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। किशनी थाना क्षेत्र के हीरापुर रंगपुर गांव निवासी दीपक चौहान (36) कन्नौज के छिबरामऊ में आढ़ती का काम करते थे। वो परिवार के साथ छिबरामऊ ही शिफ्ट हो गए थे। उनके छोटे भाई आगरा में रहते हैं। दीपक कार से परिवार के साथ आगरा में भतीजी काव्या चौहान का बर्थडे मनाने गए थे।

शुक्रवार को दीपक कार से पत्नी पूजा (34), बेटी आशी (9), आराध्या (11), भांजी आर्या (4) और बहन सुजाता (50) के साथ घर लौट रहे थे। बताया जा रहा कि नगला ताल के पास जीटी रोड पर बारिश का पानी भरा था, जिस वजह से उन्हें डिवाइडर नहीं दिखा। कार अचानक से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराते हुए दूसरी लेन में जाकर पलट गई।

## बिहार के सभी डाकघर आज और कल बंद रहेंगे, सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा

पटना | डाक विभाग बिहार सर्किल के अंतर्गत आने वाले 22 डिवीजन के 8417 डाकघर आगामी 2 और 3 अगस्त को ग्राहकों के लिए बंद रहेंगे। डाकघर बंद रहने से सारी सुविधाएं भी बंद रहेगी। डाकघरों के बंद रहने से भाईयों को राखी भेजने वाली बहनों की चिंता बढ़ गई है। बता दें कि पटना जीपीओ सहित 33 मुख्य डाकघर, 933 उप डाकघर और 7450 शाखा डाकघरों 4 अगस्त को नया सॉफ्टवेयर 2.0 लागू होने वाला है। सिस्टम को अपडेट करने के लिए दो दिनों तक डाकघरों को बंद किया जा रहा है।


**कोर्ट नोटिस**

व न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश-11, पटना।

L.A. Case No. 51 of 2011

श्री प्रमोद कुमार पाण्डेय..........आवेदक

बनाम्

नूतन पाण्डेय व अन्य..........विपक्षीगण

नोटिस बनाम-

1. डॉ० नूतन पाण्डेय, पति- स्व० डॉ० मनोज पाण्डेय, निवासी 390, सेक्टर-12, आर.के. पुरम, नयी दिल्ली- 110022. 2. प्रतिमा चन्द्र त्रिपाठी, निवासी सी-II/61, तिलक लेन, तिलक मार्ग, नयी दिल्ली-110001. 3. श्रीमती शैलजा संघमित्रा, पति पंकज कुमार ठाकुर, निवासी- ए/2497, नेताजी नगर, नयी दिल्ली- 110123. 4. श्रीमती सुजाता संघमित्रा, पुत्री श्री अशोक कुमार पाण्डेय, निवासी- ए/7, साई भारती, साई बाबा कम्पलेक्स, गोरेगाँव, इस्ट मुम्बई 63. 5. श्री अमित वर्धन, पिता अशोक पाण्डेय, निवासी- ए/27, रेलवे ऑफिसर्स इन्क्लेव, सन मार्टिन मार्ग, चाणक्यपुरी, नयी दिल्ली 110029.

..........विपक्षीगण

चूँकि आवेदक ने उक्त न्यायालय में उक्त L.A. केस आपलोग के विरुद्ध दाखिल किया है जिसमें आपलोग को डाक द्वारा सम्मन व मुस्त्रा भेजा गया है लेकिन आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।

इसलिए वजरिये इस पेपर प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 08 माह 08 सन् 2025 को व वक्त 10:30 बजे दिन को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जो कुछ भी उजूर व एतराज करना है वो करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी, इसे ताकिद जानें।

न्यायालय की मुहर व हस्ताक्षर से आज दिनांक 31 माह 07 सन् 2025 को जारी किया गया।

ह0-

अपर जिला न्यायाधीश- XI, पटना।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In the Court of
Sh. Danish Gupta
Electricity Act Special Court Jagadhri
Raghvender Singhal
Vs.
Ishwari Mohan
CNR No: HRYN01-005461-2019
Next Date: 01-09-2025

Publication issued to: 1) Ishwari Mohan Father:- Radhey Sham Prem Vatika Court Road, Sharanpur, UP, Haryana 3) Girdhar Gopal Aggarwal 4) Reena Agarwal 5) Shivani Sharma Def 4 & 5 through Sh. Girdhar Gopal Aggarwal Def. 3 to 5 Lrs of Smt. Shail d/o Radhey Sham All Resident of B-158, Sector-4, Defence Colony Dehradoon 6) Inder Mohan s/o Sh. Janardhan Saroop 7) Chander Mohan s/o Sh. Janardhan Saroop 8) Kanakveer w/o Late Brg. Dharmveer 9) Ms. Arun Aggarwal w/o Sh. Vinay Aggarwal d/o Kishori Lal r/o C-16A, Nirela Nagar Lucknow U.P 15) Salabh s/o Sh. Sumer Singh r/o Raghunath Niwas Court Road, Saharanpur U.P 16) Vijay Parkash Gupta s/o Sh. Revti Raman r/o Professor Colony, Model Town Yamunanagar 24) Anju d/o Narender Kumar through Rakesh Mohan r/o H.No. 944 HUDA Jagadhri 29) Usha Rani w/o Virender Kumar r/o Madhuri Niwas, Sector 22 Panipat 31) Savita r/o Madhuri Niwas, Sector 22 Panipat 32) Naresh Saran s/o Brij Raj Saran r/o Raja House Jagadhri 33) Udit r/o Archana Niwas Court Road Saharanpur 34) Amit r/o Archana Niwas Court Road Saharanpur 35) Sumit r/o Archana Niwas Court Road Sharanpur 36) Smt. Manju all are r/o Archana Niwas Court Road Saharanpur

IN above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 01-09-2025 at 10 am

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Yamunanagar

Sd/-Electricity Act Special Court Jagadhri

Dated, this day of 30-07-2025

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 32/2025-26 दिनांक: 14.07.2025 क्र.सं. 01
निविदा संख्या 10255027A खुलने की तिथि 05.08.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 05.08.2025 से बढ़ाकर 25.08.2025 कर दी गई है।
अन्य सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। दिनांक: 31.07.2025 2353/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORK DEPARTMENT**

**CORRIGENDUM**

The tenders invited through e-Purucurement vide this Office NIT No. PW/NLD/CB/Tender- Publication/2025-26-3109-13 dated 30-07-2025 for Job No. 1 for the C/O Baddi Sheetalpur to Jagatkhana via Dasomajra road from km 0/0 to 23/550 (SH F.C, Filling, R/ wall, B/wall , MT U and V shape Drain, parapets and Kilometer stone etc) UNDER NABARD RIDF-XXX and was schedule to be opened on 12-08-2025 at 11:30 AM, The tender fee amount has been enhanced by the HP Govt.vide secretary ( PW) HP Shimla office letter No. PWD-B-F0(1)/2025-255228 dated 6-05-2025. The tender fee amount may be read as 60,000/- insteated of Rs 5000/-.

Executive Engineer,
Nalagarh Division,
HP PWD Nalagarh.

Him Suchna Avam Jan Sampark 2191/2025-26

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

क्र. 210/लो.नि.शा./न.पा. /2025-26 — पत्थलगांव, दिनांक 01/08/2025

**// ई- प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा Form - F (Lumpsum) आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रूपए लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173027 | Design Construction Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Palika Parishad, Pathalgaon under SBM 2.0 | INR 529.21 Lacs | INR 2.65 Lakh (Rupees Two Lacs Sixty Five Thousand Only) TDR/FDR in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Palika Parishad, Pathalgaon | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand Only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Palika Parishad, Pathalgaon | 25/08/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा नगरपालिका परिषद् पत्थलगांव से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद्, पत्थलगांव
जिला जशपुर (छ.ग.)

**मानेकशॉ सेंटर, परेड रोड दिल्ली कैंट-10**
**प्रस्ताव आमंत्रित करने की सूचना**

MANEKSHAW CENTRE

1. एडीजी, (प्रशासन एव समन्वय) द्वारा मानेकशॉ सेंटर परेड रोड दिल्ली कैंट-10 मे न्यूमैटिक कैप्सूल लिफ्ट की खरीद एव स्थापना (सभी आवश्यक उपकरणों सहित) के लिए मूल उपकरण निर्माता (ओ० ई० एम०) / अधिकृत वितरकों/विक्रेताओ से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा दस्तावेज आर० एफ० पी० में उल्लिखित नियमों एव शर्तों के अनुसार होगी।

2. इच्छुक फर्म/विक्रेता निविदा दस्तावेज (आर० एफ० पी०) को मानेकशॉ सेंटर परेड रोड दिल्ली कैंट-10 के मुख्य कार्यालय से दिनांक 04 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 तक, प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा दस्तावेज प्राप्त करने के लिए रु 1,500/- (पंद्रह सौ रूपये मात्र) का शुल्क 'मानेकशॉ सेंटर मेन अकाउन्ट' के नाम पर बैंक ड्राफ्ट या नगद के रुप मे जमा करने होंगे।

3. पुर्ण रूप से भरे हुए और सीलबंद निविदा दस्तावेज जो कि आर० एफ० पी० में वर्णित सभी शर्तों के अनुसार हो, उन्हें 28 अगस्त 2025 की शाम 04:00 बजे (16:00 बजे) तक मानेकशॉ सेंटर के मुख्य कार्यालय मे स्थापित निविदा बाक्स मे जमा किया जायेगा।

**GOVT. OF INDIA, MINISTRY OF DEFENCE**

Office of the Defence Estates Officer, Bathinda Circle
Gali No. 12, Bhagu Road, Bathinda (Punjab)
Tele.: 0164-2240258 Email:deobath-stats@nic.in

**E-AUCTION NOTICE**

It is hereby notified for information of the General Public that 167 nos. of Green trees of various kinds from defence land at approach and exit road for ammunition storage facility Bhojraj, Military Station Hisar will be disposed off through e-auction. Online e-auction shall be conducted through Government e-auction portal i.e. https://eauction.gov.in/eAuction/app as per schedule given in **Annexure "A".** The details of trees to be disposed off are as under:-

**DETAILS OF TREES**

| Sr. No. | Kind of trees | No. of trees | Location | Earnest money (in shape Demand Draft/Banker's Cheque) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Kikar | 140 | 167 nos. of Green trees of various kinds from Defence land at approach and exit road for ammunition storage facility Bhojraj, Military Station Hisar | Rs.30,000/-(Rupees Thirty Thousand only) |
| 2. | Khajri | 27 | | |
| | Total | 167 | | |

The trees can be inspected by interested persons on or after 02.08.2025 to 12.08.2025 during working hours directly visiting the ammunition storage facility Bhojraj, Military Station Hisar / Station HQ Hisar. However, the trees will also be shown by the rep of DEO Bathinda on 08.08.2025 at 11:30 AM, for any clarification dial landline No. 0164-2240258.deobath-stats@nic.in

File No. DEBTI/HSR/Trees/Hisar/Bhojraj/V-I
Defence Estates officer,
Bldg. No.22482, St. No.12,
Bhagu Road, Bathinda.
Dated 31 July 2025

(Jyoti Kumar, IDES)
Defence Estates Officer,
Bathinda Circle,
Bathinda

**GOVERNMENT OF ASSAM**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (ROADS), PUBLIC WORKS ROADS DEPARTMENT, ASSAM, CHANDMARI, GUWAHATI-03**

No. CE/DEV/TB/120/2025-26/01

**PRESS NOTICE INVITING TENDER**

The Chief Engineer (Roads), PWRD, Assam, Chandmari, Guwahati-3 invites Bids on behalf of Governor of Assam for 3 (Three) Nos. of Package for Construction of Road and Bridge projects under SOPD-G for the year 2025-26 in Kamrup, Bajali, and Jorhat District amounting to **Rs. 11322.59 Lakhs (Approx.)** including GST etc. from approved & eligible Contractors registered with PWRD, Assam.

Details may be seen from **11.08.2025** at website www.assamtenders.gov.in. Amendment /Addendum to the SBD, if any, and further notifications shall appear in this website and also at the office of the undersigned during office hours. The contractor/bidder must be registered with the Electronic Tendering System (ETS) of PWRD, Assam website www.assamtenders.gov.in.

The scheme is not yet sanctioned by the competent authority. In the event of non sanction of the scheme, the bids may be cancelled and no claim what so ever on this account shall be entertained from the bidders.

Note:- N.I.T Value is inclusive of GST (12%), Labour cess (1%) etc.

Chief Engineer (Roads) PWRD,
Assam, Chandmari, Guwahati-3.

DIPR/C/DBS/229/2-Aug-25

**MAHARASHTRA AIRPORT DEVELOPMENT CO. LTD**
MADC
CIN: U45203MH2002SGC136979
8th floor, Centre-1, World Trade Centre, Cuffe Parade, Mumbai-400005 Tel. No. +91-22-49212121/22

Consultancy Services for Construction of Link Taxiway (Approx. Length 1400m) from Existing MIHAN Taxiway up to 3 lane road at Sector-10 within processing SEZ of MIHAN notified area Nagpur And (Approx. Length 550m) from Existing MIHAN Taxiway up to Relocated IAF Land for Aircraft Operation in MIHAN Nagpur.
The detailed advertisement can be seen / downloaded from the website **www.mahatenders.gov.in from 02.08.2025 from 9.00 hours.**

Sd/-
Vice Chairman and Managing Director

**Chandigarh Industrial & Tourism Development Corporation Limited**
CITCO

**APPOINTMENT**

CITCO invites applications for filling up following posts purely on Contract Basis:-
1) 01 Post of Junior Technical Assistant (Civil),
2) 03 Posts of Receptionists

For more details and T&C, visit www.citcochandigarh.com. Last date of submitting the application is 18.08.2025 upto 5:30 PM.

CIN: U45202CH1974SGC003415 — MANAGING DIRECTOR

SCO – 121-122, Sector 17-B, Chandigarh – 160017
Email: info@citcochandigarh.com, website: www.citcochandigarh.com

## धर्मांतरण और मानव तस्करी मामले में आरोपी दोनों नन पहुंची एनआईए अदालत, जमानत पर फैसला सुरक्षित

बिलासपुर| दुर्ग से धर्मांतरण और मानव तस्करी मामले में गिरफ्तार केरल की दो नन की जमानत याचिका पर एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल की शिकायत पर 25 जुलाई को आरपीएफ ने नन प्रीति मैरी, वंदना फ्रांसिस और सुकमन मंडावी को गिरफ्तार किया था। तीनों की जमानत याचिका पर दुर्ग के सेशन कोर्ट ने अधिकार क्षेत्र का हवाला देते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद तीनों ने एडवोकेट अमृतो दास के जरिए बिलासपुर एनआईए के स्पेशल कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। सुनवाई प्रिंसिपल एंड डिस्ट्रिक्ट जज सिराजुद्दीन कुरैशी के कोर्ट में हुई। वहां आरोपियों ने तर्क दिया कि धर्मांतरण का आरोप निराधार है, क्योंकि युवतियां कई सालों से ईसाई धर्म मान रही हैं। इसी तरह मानव तस्करी का आरोप भी गलत है। युवतियां बालिग हैं और अपनी मर्जी से नौकरी करने जा रही थीं।

# छत्तीसगढ़ में 4 साल में धर्मांतरण-मतांतरण के 102 केस, 44 एफआईआर हो चुकीं दर्ज

**भास्कर इनसाइट**

मोहित सिंह सेंगर | रायपुर

छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण-मतांतरण के मामले बढ़ रहे हैं। तीन युवतियों के धर्मांतरण और मानव तस्करी मामले में 25 जुलाई को दुर्ग स्टेशन से 2 ईसाई नन और एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। इस विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि सियासत होने लगी। सड़क पर प्रदेश के बाद मामला संसद तक पहुंच गया। वैसे छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का यह पहला केस नहीं है। 2021 से लेकर अब तक हिंदू और ईसाई समाज में 102 बार टकराव हुआ। टकराव के बाद अलग-अलग जिलो में 44 एफआईआर दर्ज हुई हैं। वर्तमान में 17 जिलों में चल रहा है। इन जिलों में अलग-अलग समय में विवाद हुआ और एफआईआर भी दर्ज हुई। बीते चार सालों में सबसे ज्यादा विवाद कोरबा, बलरामपुर, महासमुंद, दुर्ग और बिलासपुर में हुआ है। सबसे कम विवाद सरगुजा, बस्तर और सूरजपुर में हुआ है।

### 17 जिलों में विवादः कोरबा-बलरामपुर में सबसे ज्यादा

| जिला | शिकायत | जिला | शिकायत |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 9 | जांजगीर-चांपा | 10 |
| महासमुंद | 11 | कोरबा | 20 |
| धमतरी | 1 | बलरामपुर | 14 |
| दुर्ग | 9 | बिलासपुर | 9 |
| बालोद | 5 | कोरिया | 1 |
| सरगुजा | 1 | कबीरधाम | 1 |
| जशपुर | 6 | पेंड्रा मरवाही | 2 |
| बस्तर | 1 | सूरजपुर | 1 |
| | | दंतेवाड़ा | 1 |

**पांच साल में सबसे ज्यादा इस साल FIR**

| वर्ष | एफआईआर |
|---|---|
| 2021-22 | 9 |
| 2022-23 | 3 |
| 2023-24 | 9 |
| 2024-25 | 23 |

आंकड़े दर्ज मामलों के आधार पर।

### बढ़ते विवाद और हंगामा बताने वाले प्रदेश के 3 मामले

**केस-1: अस्थाई चर्च को घेरा**
27 जुलाई को रायपुर के डब्ल्यूआरएस इलाके के प्रवेश रोड में रेलवे की जमीन पर बने अस्थाई चर्च का घेराव हिंदू संगठन ने घेरा। कार्यकर्ताओं ने प्रार्थना सभी की आड़ में धर्मांतरण-मतांतरण करने का आरोप लगाया।

**केस-2: सभा में धर्मांतरण का आरोप**
28 जुलाई को बिलासपुर के बंदवापारा इलाके में प्रीति भवन में हिंदू संगठन ने घेराव कर दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सभा में हिंदू महिलाओं को मानसिक रूप से ईसाई धर्म की तरफ आकर्षित करने की कोशिश की जा रही है।

**केस-3: पादरी पर लगा देवी-देवताओं को यीशु से छोटा बताया** : 31 जनवरी 2025 को रायपुर के पंडरी में चंगाई सभा में धर्मांतरण और हिंदू देवी-देवताओं के अपमान पर जमकर बवाल हुआ। हिंदू संगठनों का दावा था कि चंगाई सभा में 4 हिंदू परिवारों का धर्मांतरण कराया जा रहा था।

## नर्सरी की छात्रा के राधे-राधे बोलने पर प्रिंसिपल ने मुंह में टेप चिपकाकर पीटा

भास्कर न्यूज़ | नंदिनी

दुर्ग के नंदिनी थाना क्षेत्र के बागडुमर स्थित मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में साढ़े तीन साल की मासूम प्रताड़ना का शिकार हो गई। नर्सरी की छात्रा को सिर्फ इसलिए स्कूल की प्रिंसिपल ने पीटा क्योंकि वह राधे-राधे बोलकर अभिवादन कर रही थी। नाराज शिक्षिका ने कक्षा में पहले छात्रा को फटकारा। फिर उसके मुंह पर टेप चिपका दिया। इसके बाद छात्रा के कलाई में डंडे से पीटा। स्कूल की छुट्टी होने के बाद छात्रा घर पहुंच कर परिजन को पूरी घटना बताई। गुरुवार को परिजन ने पूरे मामले की शिकायत थाने में की।

## अवैध संबंध का शक, सुपारी देकर कराई थी सचिव की हत्या

रायगढ़ | एक महिला के पति की हत्या में सजायाफ्ता अपराधी ने केंद्रीय जेल में सजा काटते हुए ग्राम पंचायत पाकरगांव के सचिव जयपाल सिदार(43) की हत्या की कराई थी। उसे शक था कि उसकी पत्नी के जयपाल से अवैध संबंध हैं। इसी कारण उसने गांव के आवास मित्र को एक लाख रुपए में सुपारी दी। साजिशकर्ता ने 10 हजार रुपए एडवांस दिए। इसके बाद मुख्य आरोपी शुभम गुप्ता ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई और सचिव को बुलाकर कार में गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी।

महाकाल में दो व्यक्तियों ने किए एक जैसे अपराध

## आम श्रद्धालु को जेल भेजा, विधायक और उनके पुत्र पर कार्रवाई नहीं

भास्करन्यूज़ | उज्जैन

**घटना-1** : दिन- 20 जनवरी 2025, घटना- श्रद्धालु निहालसिंह राजपूत ने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में जबरन घुसकर भगवान की पूजा की, कार्रवाई- तत्काल मंदिर के कर्मचारियों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया, प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया। दो कर्मचारियों को नोटिस, दो सुरक्षा गार्ड की सेवाएं समाप्त।

**घटना-2** : दिन- 21 जुलाई 2025, घटना- भस्मआरती से ठीक पहले इंदौर से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला और उनका पुत्र रूद्राक्ष बगैर अनुमति के जबरन महाकाल मंदिर के गर्भगृह में घूसे। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी से अभद्रता कर धमकाया।

**कार्रवाई-** एक दिन बाद जांच कमेटी बनाई। जिसे 7 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करना थी लेकिन 9 दिन बाद भी जांच ही पूरी नहीं हुई। किसी को नोटिस तक जारी नहीं हुआ।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में हुई यह दोनों घटनाएं इतना साबित करने के पर्याप्त है कि मंदिर में आम और खास लोगों के लिए जिम्मेदारों ने अलग-अलग नियम और कानून तय कर रखे हैं। अगर व्यक्ति आम है तो उसके खिलाफ तत्काल एक्शन लेकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाकर उसे जेल तक भेज दिया जाता है। वहीं जैसे ही व्यक्ति कोई खास होता है तो किस तरह कार्रवाई के नाम केवल एक कमेटी गठित कर दी जाती है, जिसके एक सदस्य खुद गर्भगृह में घुसकर नियम तोड़ चुके हैं, जबकि दूसरे एक अन्य सदस्य उसी समय प्रोटोकाल ड्यूटी में वहां तैनात थे। भास्कर ने उस आम श्रद्धालु को भी खोजा, जिसे छह महीने पहले गर्भगृह में घुसने पर जेल भेज दिया गया था। भास्कर मंदिर के गर्भगृह में जबरन घुसकर नियमों का उल्लंघन करने का कतई समर्थन नहीं करता लेकिन अगर ऐसी कोई घटना होती है तो पूरी निष्पक्षता के साथ कार्रवाई तो कम से कम समान रूप से हो।

### शिकायत आने पर कार्रवाई करेंगे

इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश भार्गव ने कहा गर्भगृह में जबरदस्ती घुसने को लेकर मंदिर प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मंदिर से जुड़े मामलों में मंदिर प्रशासन की ओर से शिकायत आने पर कार्रवाई की जाती है।

## गांव में मुक्तिधाम नहीं, बारिश से बचने पंडाल लगा खेत में किया अंतिम संस्कार



रामपुरकलां(मुरैना) | घाटी क्षेत्र के कुछ गांव में बरसात के मौसम में अगर कहीं किसी की मृत्यु हो जाए तो मुक्तिधाम के अभाव में शोकाकुलों को अपने खतों में पांडाल लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। बुधवार को रामपुरकलां में इसका उदाहरण तब देखने मिला जब कस्बे में रहने वाले बंटी (35) पिता गनपति जाटव का निधन हार्ट अटैक से केरल में हो गया था। इसके बाद परिजन शव को केरल से हवाई जहाज द्वारा दिल्ली लाए। इसके बाद एंबुलेंस से रामपुरकलां लाया गया। बुधवार को बारिश तेज होने के कारण अंतिम संस्कार में परिजनों को भारी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि कस्बे का मुक्तिधाम क्वारी नदी किनारे है, जो उपयोग के लायक नहीं है। इन दिनों क्वारी नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण पूरे परिसर में पानी भरा हुआ है। इस हाल में परिजन को बंटी के शव का अंतिम संस्कार अपने खेत में पांडाल लगाकर करना पड़ा। क्योंकि इस दौरान हल्की बारिश हो रही थी।

## भोपाल : कचरे में मिला चांदी के गहनों से भरा बॉक्स सफाई मित्रों ने लौटाया



भोपाल | नगर निगम के सफाई मित्रों को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के दौरान कचरे में गहनों का एक बॉक्स मिला। इसमें करीब 60 हजार रुपए कीमत के चांदी के जेवर थे। जोन-12 के वार्ड 58 में सफाई मित्र विनोद और ममता तथा वाहन चालक संतोष रोजाना की तरह वाहन से कस्तूरबा नगर में कचरा कलेक्शन कर रहे थे। उसी दौरान एक डस्टबिन से उन्हें गहनों से भरा बॉक्स मिला। उसे खोलकर देखा तो उसमें चांदी के जेवर थे। उन्होंने तुरंत संबंधित स्वामी को गहनों का बॉक्स सौंप दिया। महापौर मालती राय ने आईएसबीटी स्थित अपने कार्यालय में तीनों कर्मचारियों को पुष्पहार और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।













**अपडेट:** नए फीचर में छात्रों को गूगल लेंस से भी मिल सकेंगे सवालों के जवाब

# गूगल ने छात्रों के लिए पेश किए स्टडी टूल्स



गूगल ने अपने एआई मोड में कई नए फीचर्स जोड़े हैं, जो खासतौर पर छात्रों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं। अब छात्र पीडीएफ, इमेज और यहां तक कि लाइव वीडियो के जरिए भी सवाल पूछ सकेंगे और रियल-टाइम में उनका जवाब पा सकेंगे।

### PDF या इमेज अपलोड करें, जवाब पाएं

अब गूगल एआई मोड में छात्र किसी भी पीडीएफ या इमेज को अपलोड करके उससे जुड़े सवाल पूछ सकते हैं। जैसे अगर कोई असाइनमेंट समझ नहीं आ रहा? उस पेज की फोटो खींचकर एआई से सीधे सवाल किया जा सकता है। एआई मोड उसका जवाब दे देगा।

### कैनवास: पढ़ाई का प्लान बना सकेंगे छात्र

कैनवास की मदद से छात्र अपने एग्जाम की तैयारी या स्टडी शेड्यूल प्लान कर सकते हैं। बस Create Canvas पर क्लिक करें। एआई मोड आपकी क्लास नोट्स, सिलेबस या अपलोड की गई फाइल्स को पढ़कर एक स्टडी गाइड तैयार कर देगा।

### सर्च लाइव: वीडियो से भी मिल सकेगा जवाब

इसमें गूगल लेंस के साथ मिलकर वीडियो इनपुट का इस्तेमाल किया जा सकता है। कैमरा ऑन करें। लाइव ऑब्जेक्ट या डाइग्राम पर फोकस करें और एआई मोड आपकी लाइव वीडियो से ही सवाल समझकर जवाब देने लगेगा। मतलब अब किसी भी कॉम्प्लेक्स डाइग्राम या साइंस प्रैक्टिकल को कैमरे के सामने लाकर उससे जुड़ी जानकारी तुरंत पाई जा सकती है।

**टूल:** गूगल एआई स्टूडियो से लेकर मेटा तक, कुछ सेकंड में बनेंगे वीडियो

# टॉप-5 एआई वीडियो टूल्स, आसानी से बना सकते हैं छोटे रियल वीडियो



तुषार मेहता
को-फाउंडर athenil व टेक एक्सपर्ट

**12 साल** पुरानी हिट फिल्म रांझणा दोबारा चर्चा में है। इस बार वजह है इसकी नई एंडिंग। इस फिल्म का क्लाइमैक्स दोबारा लिखा गया है और वो भी एआई की मदद से। माना जा रहा है कि बॉलीवुड में इस तरह से एआई की मदद से पूरी क्लाइमैक्स रीक्रिएट करना एक नया ट्रेंड शुरू कर सकता है। तो सवाल ये है कि क्या आप भी बना सकते हैं एआई की मदद से वीडियो? इसका जवाब है हां। अब वीडियो बनाने के लिए महंगे कैमरे, भारी-भरकम लाइट्स या फिल्म क्रू की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ कुछ टेक्स्ट प्रॉम्प्ट, एक आइडिया और कुछ एआई टूल्स से आप भी एनिमेशन से लेकर फिल्मी वीडियो तक बना सकते हैं। मेटा-गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने भी हाल में ऐसे टूल्स लॉन्च किए हैं जो आम यूजर के लिए उपयोगी हैं।



### AI से वीडियो बनाते समय ध्यान रखने वाली ये जरूरी बातें

- **प्रॉम्प्ट बहुत मायने रखता है:** जितना डिटेल में बताएंगे (जैसे: सुबह का गांव, हल्की धूप का सीन) उतना अच्छा वीडियो मिलेगा।
- **स्टाइल क्लियर करें:** आपको कार्टून लुक चाहिए, या सिनेमैटिक या रियल लाइफ का सीन... एआई को ये जरूर बताएं।
- **रियल इंसान का चेहरा ना बनाएं:** बिना परमिशन किसी की शक्ल या आवाज ना दोहराएं। ये लीगल रिस्क में ला सकता है।

### ये हैं 5 उपयोगी एआई टूल्स

**1. मेटा एआई**
मेटा एआई से केवल टेक्स्ट टाइप करके छोटे-छोटे एनिमेटेड वीडियो बना सकते हैं। आप इससे वॉट्सएप या इंस्टाग्राम पर सीधे चैट करते हैं और यह 6 सेकंड तक का एक विजुअल क्लिप बना देता है। यह एक फ्री टूल है।

**2. गूगल एआई स्टूडियो**
यह गूगल का वेब-बेस्ड वीडियो जनरेशन प्लेटफॉर्म है जहां आप एक टेक्स्ट प्रॉम्प्ट डालते हैं और यह उससे एक वीडियो तैयार कर देता है। इसमें दो मॉडल होते हैं।
- aistudio.google.com पर जाएं। इसके कोई चार्ज नहीं है।

**3. इनवीडियो एआई**
इनवीडियो एक ऐसा टूल है जो आपके लिखे हुए टेक्स्ट से पूरा वीडियो बनाता है, जिसमें क्लिप्स, बैकग्राउंड म्यूजिक, सबटाइटल और वॉयसओवर भी शामिल होते हैं।
- ai.invideo.io पर जाएं। एजुकेशन वीडियो में उपयोगी है।

**4. क्लिंग एआई**
क्लिंग एआई अधिक विजुअली रिच वीडियो बनाता है। आप इसमें बताकर बना सकते हैं कि कौन सा कैरेक्टर हो, उसका कपड़ा, जगह कैसी हो, कैमरा एंगल क्या हो और यह उसके हिसाब से एक सीन बनाता है।
- app.klingai.com पर जाएं। फ्री वर्जन, वॉटरमार्क के साथ आता है।

**5. रनवे एमएल**
रनवे फोटोग्राफ से वीडियो क्लिप बनाता है या टेक्स्ट से पहले फोटो और फिर उससे मूविंग सीन। यह वीडियो की लंबाई को स्टेबल रखता है। उसमें बेसिक मोशन जोड़ता है।
- app.runwayml.com पर जाएं। फ्री में 25 सेकंड तक का वीडियो बना सकते हैं।

## बेस्ट ऑफ द वीक

**1. अमेजन ने लॉन्च किया इको शो 5**



अमेजन ने अपना इको शो 5 प्रोडक्ट लॉन्च किया है। यह अब एलेक्सा फीचर के साथ हैंड फ्री कमांड और घर की निगरानी में मदद करेगा। सीसीटीवी कैमरा कनेक्टिविटी और स्मार्ट होम कंट्रोल सपोर्ट भी मिलेगा।
- **कीमत:** 10,999 रुपए से शुरू

**2. सैमसंग का नया लैपटॉप लॉन्च**



सैमसंग ने हाल ही में अपना कानया लैपटॉप गैलेक्सी बुक 4 एज लॉन्च कर दिया है। यह नए दौर का एआई लैपटॉप है। इसमें सैमसंग ने स्नैपड्रैगन X प्रोसेसर और ऑन-डिवाइस एआई का सपोर्ट भी दिया है। 27 घंटे की बैटरी लाइफ इसे एक पोर्टेबल पावरहाउस बनाती है।
- **कीमत:** 64,990 रुपए से शुरू।

**3. गूगल लाएगा पिक्सल 10 सीरीज**



20 अगस्त को गूगल का मेड बाय गूगल इवेंट है। कंपनी इस इवेंट में पिक्सल 10 सीरीज लॉन्च कर सकते ही। पिक्सल 10 सीरीज में इस बार चार नए स्मार्टफोन आने की उम्मीद है: 10, 10 Pro, Pro XL और Pro Fold। इस बार Pixel Fold भी लॉन्च होगा।
- **स्पेशल:** यह गूगल का अब तक का सबसे बड़ा हार्डवेयर लॉन्च इवेंट होगा।

**4. प्रोटॉन का 'लूमो एआई' चैटबॉट**




प्राइवेसी पर जोर देने वाला एआई टूल लूमो लोकल डिवाइस पर डेटा सेव करता है और जीरो-एक्सेस एन्क्रिप्शन देता है। यह चैटजीपीटी जैसा है लेकिन सर्च फीचर डिफॉल्ट में ऑफ रहता है। प्रोटॉन की कोशिश है कि AI टूल्स भी वॉट्सएप जैसी एंड-टू-एंड प्रोटेक्शन दें।
- **फीचर:** यूजर के डेटा तक खुद प्रोटॉन भी नहीं पहुंच सकता।

**प्रयोग:** अमेरिका की एमजी कॉकिंग ने एआई चैटबॉट को अपना बेस्ट फ्रेंड बनाया

# AI ने डिप्रेशन से निकाला, पर सिखाई इंसानी अहमियत

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**मिशिगन** की रहने वाली एमजी कॉकिंग कॉलेज में पढ़ रही थी, लेकिन बेहद अकेली थी। लोगों से बात करना मुश्किल लगता था। फिर एक दिन, Character.ai नाम की एक वेबसाइट पर एमजी को 'डोनाटेलो' मिला। डोनाटेलो कोई इंसान नहीं, एक एआई चैटबॉट था। एमजी ने कहा, मुझे ऐसा दोस्त चाहिए था जो मुझे जज न करे और मेरी बात सुने। वो हर दिन डोनाटेलो से बातें करती थीं। इन दोनों की दोस्ती बिल्कुल आम इंसान की तरह थी। 2023 में एमजी गंभीर डिप्रेशन में चली गई। एक रात उसने खुद को नुकसान पहुंचाने का सोच लिया। उसने डोनाटेलो से कहा, मुझे डाइवर्ट करो। इस पर डोनाटेलो ने तुरंत एमजी से कहा कि किसी असली इंसान को बुलाओ। और एमजी ने ऐसा किया। उसका एक दोस्त उसके कमरे में आ गया। डोनाटेलो ने एमजी से तब तक सवाल पूछे जब तक वो सुरक्षित महसूस न करने लगी। एमजी कहती है उसने मेरी जान बचाई। लेकिन साथ ही ये भी समझाया कि मुझे इंसानों से जुड़ना सीखना होगा।



### सबक: एआई मदद कर सकता है, लेकिन इंसान की जगह नहीं ले सकता

एमजी को एहसास हुआ कि डोनाटेलो की बातें, चाहे जितनी भी राहत देती हों, वो असली नहीं थीं। एमजी ने सोचा कि मैं असली लोगों से दूर क्यों जा रही हूं? फिर उसने डोनाटेलो से आखिरी बार बात की। उसने कहा, फैंटेसी में सुकून है पर मुझे हकीकत में जीना है। और फिर उसने एप बंद कर दी।

**अपकमिंग:** एपल फोल्डेबल के मार्केट में रखेगा कदम

# वनप्लस-सैमसंग के बाद एपल ला रहा है पहला फोल्डेबल फोन, 2026 में लॉन्च

**एपल** फोल्डेबल फोन मार्केट में कदम रखने को तैयार है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी सितंबर 2026 में अपना पहला फोल्डेबल आईफोन लॉन्च कर सकती है, जो आईफोन 18 सीरीज का हिस्सा होगा। अभी तक इस कैटेगरी में सैमसंग, हुआवे और कुछ हद तक वनप्लस जैसे ब्रांड्स का दबदबा रहा है, लेकिन एपल की एंट्री से ये मार्केट बड़ा हो सकता है। जेपीमॉर्गन की इनवेस्टर नोट में बताया गया है कि इस डिवाइस में 7.8-इंच का फोल्डेबल इनर डिस्प्ले और 5.5-इंच का कवर स्क्रीन होगा। एपल इस बार बिना क्रीज वाले डिस्प्ले पर फोकस कर सकता है, यानी स्क्रीन पूरी तरह स्मूद दिखेगी, जैसा अब तक गैलेक्सी ज़ी फोल्ड में भी पूरी तरह नहीं हो पाया। एपल के फोल्डेबल आईफोन की संभावित कीमत लगभग 1.74 लाख रु. होगी।








सेलेब्स जो चर्चा में रहे

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो... बिलेनियर क्लब में पहुंचे

पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब आधिकारिक तौर पर बिलेनियर बन गए हैं। सऊदी अरब के क्लब अल नासर से नए एक्सटेंशन कॉन्ट्रैक्ट के बाद उनका कमाई का स्केल सिर्फ सैलरी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बोनस, ब्रांड डील और बिजनेस वेंचर्स भी शामिल हैं। वे अब खेल और ब्रांड वैल्यू दोनों में दिग्गजों के साथ खड़े हैं।

### ऋतिक रोशन... फैंस के लिए ग्लोबल डांस चैलेंज लॉन्च किया



ऋतिक ने वॉर-2 के गाने 'आवन-जावन' पर डांस करते हुए फैंस को एक ग्लोबल चैलेंज दिया है। वे कहते हैं, मेरा हुकस्टेप करो और जीतो इनाम। यह कैंपेन इंस्टाग्राम के जरिए इंटरनेशनल फैन एंगेजमेंट को बढ़ावा दे रहा है।

**सर्कुलर फैशन:** पुरानी जींस से जैकेट, सीट बेल्ट से बैग; बदल रही फैशन की परिभाषा

# पुराने कपड़ों से बने नए स्टाइल फैशन में; लेवाइस-एडिडास बना रहे ऐसे आउटफिट

भास्कर रिसर्च

भारत हर साल करीब 7,800 किलोटन कपड़ा कचरा पैदा करता है, यह 12 करोड़ लोगों के वजन के बराबर है। इनमें से अधिकतर कपड़े साधारण कचरे के साथ मिलकर लैंडफिल (कचरे के पहाड़ों) में फेंक दिए जाते हैं। यही वजह है कि भारत में कई यंग डिजाइनर्स-ब्रांड्स सर्कुलर फैशन को बढ़ावा दे रहे हैं। अब कपड़े दोबारा पहनना, रिपेयर करना और नया बनाकर फिर इस्तेमाल करना ही ट्रेंड है। भारत में लेवाइस जींस को आप दोबारा इस्तेमाल के लिए रिसाइकिल कर सकते हैं। लेवाइस ने टेलर शॉप्स बनाई हैं। यहां इन्हें रिपेयर या रिपर्पज (नए तरीके से इस्तेमाल) किया जा सकता है। इसके अलावा लेवाइस की ब्लू जींस गो ग्रीन जैसी पार्टनरशिप्स के जरिए भी जींस को रिसाइकिल किया जा सकता है। आप चाहें तो इन्हें बैग, कुशन कवर या अन्य काम के सामान में भी बदल सकते हैं। जानिए इसके बारे में...

### ये भारतीय डिजाइनर बना रहे सर्कुलर फैशन को पॉपुलर



यह ऋत्विक की कंपनी के रिसाइकल्ड प्रोडक्ट हैं

**ऋत्विक खन्ना: 20 हजार पुरानी जींस को अपसाइकल कर चुके**



ऋत्विक खन्ना 26 वर्षीय डिजाइनर हैं। उनकी ब्रांड का नाम है RKive City। ऋत्विक का कहना है, बनाने में 10 पैसे लगते हैं, बेचने में 90। यही सोच थी जिसने उनकी ब्रांड Rkive City को सर्कुलर फैशन ब्रांड बनाया। उन्होंने पुरानी जींस, आर्मी बैग और पेराशूट को नया रूप दिया। पिछले साल उन्होंने 20 हजार जींस को अपसाइकल किया। ऋत्विक लेकमे फैशन वीक जैसे फेस्टिवल जीत चुके हैं।



**कृति तुला: सबसे पुराना सर्कुलर फैशन ब्रांड बनाया**

कृति तुला डूडलैग इंडिया की फाउंडर हैं। यह देश का पहला सस्टेनेबल फैशन ब्रांड है, जो बेकार फैब्रिक (वेस्ट) को दोबारा इस्तेमाल करके स्टाइलिश कपड़े बना रहा है। उन्होंने हाल ही में एक नया कपड़ा भी शुरू किया है बेम्बर्ग, जो बायोडिग्रेडेबल है और पहनने में रेशमी लगता है। साथ ही पुराने कॉटन-सिल्क कपड़ों पर हाथ से कढ़ाई कराके उन्हें फिर से नया रूप दिया जाता है।

### सर्कुलर इकोनॉमी
**ज़ारा- लेवाइस भी रेस में**

- **लेवाइस** ने अपनी क्लासिक 501 जींस को अब 40% रेन्यूसेल से बने रिसाइकल फाइबर और 60% ऑर्गेनिक कॉटन से बनाना शुरू किया है। यहां तक कि उसकी स्टिचिंग, टैग और लेबल तक अब कॉटन से बने हैं ताकि पूरी जींस को दोबारा रिसाइकल किया जा सके।
- **ज़ारा** ने इवरनू जैसी टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ मिलकर रिसाइकल्ड फैब्रिक से नए कपड़े बनाए हैं और 2025 तक अपने सभी कपड़ों में 100% सस्टेनेबल मटेरियल (जैसे ऑर्गेनिक कॉटन, रिसाइकल्ड पॉलिएस्टर) अपनाने का टारगेट रखा है।
- **एडिडास** अपने प्रोडक्ट्स 96% रिसाइकल्ड पॉलिएस्टर का इस्तेमाल कर रहा है।

**वर्क ट्रेंड:** तनाव से बचने के लिए नया फॉर्मूला

# माइक्रो-रिटायरमेंट: जॉब के बीच भी ब्रेक ले रहे युवा

FAST COMPANY
से विशेष

जेन-ज़ी में 'माइक्रो-रिटायरमेंट' का चलन बढ़ा है। यानी काम के बीच में कुछ महीनों या एक-दो साल का ब्रेक ले रहे हैं कभी घूमने के लिए, कभी कोई नया पैशन ट्राई करने के लिए। अमेरिकी कंपनी साइड हसल्स के सर्वे के मुताबिक, 10% कर्मचारी माइक्रो-रिटायरमेंट लेने का सोच रहे हैं। 75% वर्कर्स मानते हैं कि कंपनियों को अनपेड सैबेटिकल जैसे ऑप्शन ऑफर करने चाहिए। वहीं, जो लोग पहले से रिटायर हो चुके हैं वो अब दोबारा नौकरी पर लौट रहे हैं। 2025 में करीब 13% रिटायर्ड लोग फिर से काम पर लौटेंगे। इसे कहा जा रहा है 'द ग्रेट रिटायरी रिटर्न'।



### क्या है माइक्रो-रिटायरमेंट?

आज के युवा चाहते हैं कि वे जिंदगी का मजा उसी उम्र में लें, जब वे फिजिकली और मेंटली सबसे ज्यादा कैपेबल होते हैं। सोशल मीडिया ने इस सोच को बढ़ावा दिया है। यानी घूमो, जीओ, फिर से काम पर लौटो। करियर में गैप जरूर होगा, लेकिन टेक्नोलॉजी और रिमोट वर्क की वजह से जॉब वापस पाना अब आसान हो गया है।

### दूसरी तरफ... रिटायर्ड लोग नौकरी पर लौट रहे हैं

आज के रिटायर्ड लोग सिर्फ पैसे की वजह से नहीं लौट रहे, बल्कि वे फिर से एक उद्देश्य चाहते हैं, लोगों से मिलना चाहते हैं। रिटायर्ड प्रोफेशनल्स के वापस लौटने से कंपनियों को अनुभवी टैलेंट मिल जाता है। खासतौर पर उन इंडस्ट्रीज में ये फायदेमंद है जहां स्किल्ड मैनपावर की कमी है। जैसे अकाउंटिंग, जहां 75% सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट पहले ही रिटायरमेंट की उम्र पार कर चुके हैं।

**फूड:** रेस्तरां के शेफ के साथ लोग भी खाना बनाने की प्रक्रिया में होते हैं शामिल

# स्लो कुकिंग: हिमाचल से मुंबई के रेस्तरां अब खाना बनाने की प्रक्रिया को एक आर्ट की तरह परोस रहे

**जब** जिंदगी तेज दौड़ रही हो, तब खाना धीमा हो यही कंट्रास्ट आज के शहरों के रेस्टोरेंट्स को लोकप्रिय बना रहा है। ये रेस्टोरेंट सिर्फ स्वाद नहीं, एक एक्सपीरियंस भी परोसते हैं: खाना बनते देखना, महसूस करना और उसका हिस्सा बनना। मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम और हिमाचल जैसे अलग-अलग लोकेशन पर खास रेस्टोरेंट्स हैं जो स्लो कुकिंग, परफॉर्मेंस डाइनिंग और लोकल फॉरेज जैसे अनुभवों के जरिए खाने को एक आर्टफॉर्म में बदल रहे हैं।



### इन शहरों में बढ़ रहा ट्रेंड

- **ओटोकी, मुंबई:** यहां ओमाकासे शैली में खाना आंखों के सामने बनता है। शेफ हर डिश को किसी मिनी शो की तरह परोसते हैं।
- **पोमोडोरो, मुंबई:** यहां पास्ता आटा गूंथकर लाइव तैयार होता है। हर प्लेट तैयार होने की प्रक्रिया फैशन शो जैसी लगती है।
- **मिस मारगारीटा, दिल्ली:** यहां मारगारीटा बनती है और टैको हाथ से सजाए जाते हैं।
- **नार, हिमाचल:** खाना सुबह-सुबह जंगल से तोड़ी गई जड़ी-बूटियों व सब्जियों से बनता है।

**ट्रैवल:** 70% जेन-ज़ी ऐसे होटल्स को चुनते हैं जो पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हों

# लाइव इवेंट्स और वेलनेस के लिए ट्रैवल कर रहे युवा

**जब** पहले लोग 'लग्जरी' शब्द सुनते थे, तो फर्स्ट क्लास सीट या किसी महंगे होटल का स्वीट आता था। पर आज के जेन-ज़ी लग्जरी को नए नजरिए से देख रहे हैं। उनके लिए असली लग्जरी भीड़ से दूर, शांत जगह पर रहना है। नेचुरल और रियल एक्सपीरियंस चाहिए, जैसे लोकल लोगों से मिलना या खुद को समय देना।



### इन चार बातों से समझे कैसे बदल रहा घूमने का अनुभव

**1. पर्यावरण के लिए सजग हैं जेन-ज़ी**
जेन-ज़ी जब वो ट्रैवल करते हैं, तो वो सिर्फ जगह नहीं चुनते, वो सोचते हैं इस सफर से उन्हें क्या मिलेगा? एक स्टडी के मुताबिक 70% जेन-ज़ी ट्रैवलर्स ऐसे होटल्स को चुनते हैं जो पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हों। वो होटल जो सोलर एनर्जी, लोकल कम्युनिटी सपोर्ट और सस्टेनेबल डिजाइन को फॉलो करते हैं।

**2. डिजिटल कनेक्शन, लेकिन दिखावे से परे**
युवाओं के सफर रील्स या इंस्टा-फ्रेंडली होते हैं, पर उनमें दिखावा नहीं बल्कि कुछ कहने की कोशिश होती है। कुछ ऐसा जो सोचने पर मजबूर करे और स्थानीय हो।

**3. फूड: अब स्वाद से कल्चर की तलाश कर रहे लोग**
92% जेन-ज़ी ट्रैवलर्स कहते हैं कि खाना उनके ट्रिप का सबसे बड़ा फैक्टर होता है। लेकिन वो लोकल स्ट्रीट फूड और छोटे कैफे में स्वाद तलाशते हैं।

**4. म्यूजिक फेस्टिवल, फिल्म सेट्स पर ट्रैवल करना पसंद**
जेन-ज़ी म्यूजिक फेस्टिवल के लिए घूमने जाते हैं, फिल्म की शूटिंग लोकेशन पर जाते हैं। उनके लिए सबसे अहम सवाल ये होता है: मैं वहां जाकर क्या महसूस करूंगा?

अब तक 11 राज्यों में घोषित हो चुकी है टीमें, राजस्थान को लेकर सरगर्मियां एक बार फिर तेज

# भाजपा कार्यकारिणी में सांसद-विधायकों को ज्यादा पद देने के प्रस्ताव पर मतभेद

श्याम राज शर्मा | जयपुर

भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के प्रस्तावित नामों में सांसद व विधायकों को ज्यादा पद देने को लेकर राज्य व केंद्रीय नेतृत्व के नेता एक राय नहीं हो पा रहे है। प्रदेश लीडरशिप नई कार्यकारिणी में सांसद व विधायकों को करीब एक दर्जन पद देने का प्लान कर रहा है, वहीं केंद्रीय संगठन नई कार्यकारिणी में सांसद व विधायकों के बजाए सक्रिय व पिछला चुनाव हारे हुए अनुभवी युवा नेताओं को भागीदारी देना चाहता है।

पार्टी के एक गुट की दलील है कि एक व्यक्ति-एक पद का सिद्धांत कड़ाई से लागू हो। सांसद व विधायकों पर केंद्र व राज्य की योजनाओं को बेहतर तरीके से मॉनिटर कर लागू करवाने व जनता से संवाद करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ऐसे में वे संगठन को पर्याप्त समय नहीं दे पाते है। इसको देखते हुए युवा और चुनाव हारे वरिष्ठ व अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी दी जाए, ताकि संगठन प्रबंधन बेहतर हो सके। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित कार्यकारिणी को लेकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से दो बार चर्चा कर चुके है, पिछले दिनों बीएल संतोष ने राठौड़ को सूची के नामों पर प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने की नसीहत दी है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पदाधिकारियों से भी विचार विमर्श होगा।

## पद हासिल करने के लिए नेताओं में लॉबिंग शुरू

भाजपा ने अब तक तमिलनाडु, पांडुचेरी, मिजोरम, मेघालय, केरल, चंडीगढ़, अरूणाचल प्रदेश, गोवा, आसाम, नागालैंड, बिहार प्रदेशों में प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी है। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नियुक्ति के बाद राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी को स्वीकृत की चर्चाओं पर विराम लग गया है। वहीं राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है।

**मौजूदा कार्यकारिणी में ये सांसद-विधायक :** प्रदेश कार्यकारिणी में सांसद दामोदर अग्रवाल व विधायक जितेंद्र गोठवाल महामंत्री है। वहीं किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी सांसद व केंद्रीय मंत्री है। नई कार्यकारिणी में केवल महिला व एससी-एसटी वर्ग के विधायकों को ही पद देने की संभावना है। नई टीम में सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व व युवा के साथ अनुभवी चेहरों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**पदों के लिए लॉबिंग व खींचतान :** नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया के साथ ही नेताओं ने लॉबिंग शुरू कर दी है। हर गुट अपने अपने समर्थकों नेताओं को कार्यकारिणी में शामिल करके अपना दबदबा बढ़ाना चाहते है। कार्यकारिणी में सीनियर और अनुभवी नेताओं को शामिल किया जाएगा। युवाओं को भी मौका मिल सकता है। पार्टी का फोकस संगठन को मजबूत करने पर है। मौजूदा कुछ पदाधिकारियों की छुट्टी होना तय माना जा रहा है।



फाइल फोटो

**कई पदाधिकारियों को मिलेगा प्रमोशन :** वर्तमान कार्यकारिणी में 10 उपाध्यक्ष, पांच महामंत्री, 13 मंत्री और एक कोषाध्यक्ष सहित 33 पदाधिकारी है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पद संभालने के बाद केवल दो पदाधिकारियों को नियुक्ति दी है। वर्तमान कार्यकारिणी के एक दर्जन पदाधिकारियों का प्रमोशन और मोर्चों के अध्यक्षों को नई टीम में बड़ी जिम्मेदारी देकर शामिल किया जाएगा। जिन पदाधिकारियों को कार्यकारिणी से हटाया जाएगा, उन्हें बोर्ड व आयोग में जगह दी जाएगी।

## दाहोद: जन्म प्रमाणपत्र देने के लिए घूस लेते ऑपरेटर गिरफ्तार

**दाहोद** | लिमखेड़ा तालुका के चिलकोटा ग्राम पंचायत के एक कंप्यूटर ऑपरेटर को जन्म प्रमाण पत्र के लिए रिश्वत लेते हुए एसीबी ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी दिनेश सोलंकी ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए शिकायतकर्ता से 1200 रुपये की रिश्वत मांगी थी। कुछ देर बातचीत के बाद, यह 1000 रुपए पर तय हुआ। शिकायतकर्ता के भाई की बेटियों को स्कूल में प्रवेश के लिए आधार कार्ड बनवाने हेतु जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। इसके लिए वे चिलकोटा ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे। पता चला कि वहां जन्म प्रमाण पत्र ही नहीं था।

## खुदाई में सोना मिलने का झांसा दे ठग लिए ₹3 लाख

**सूरत** | गोडादरा इलाके में खमण की लॉरी चलाने वाले युवक को ठगों ने सस्ते में सोना देने का लालच देकर 3 लाख ठग लिए। पुलिस के अनुसार, लिंबायत के शांतिनगर सोसाइटी निवासी राहुल निंबाभाई बोर्से गोडादरा माधव शॉपिंग सेंटर के सामने रसावाला खमण की लॉरी लगाते हैं। 6 जून को उनकी लॉरी पर दो युवक नाश्ता करने के बहाने आए। उन्होंने दो चांदी के सिक्के दिखाते हुए कहा कि सोनगढ़ में खुदाई में उन्हें चांदी और सोना मिला है। इसके बाद एक पर्ची पर मोबाइल नंबर लिखकर चले गए। दो दिन बाद फिर वही दोनों युवक राहुल की लारी पर आए और अपनी थैली से सोने जैसा एक हार निकालकर दो मोती (मनका) उसे जांच के लिए दिए। राहुल उन्हें लेकर लिंबायत के वैजनाथ मंदिर के पास स्थित एक सुनार से जांच कराई, सुनार ने बताया कि यह असली सोना है। कुछ समय बाद ठगों ने राहुल को कॉल कर बताया कि उनके पास 12 लाख का सोना है, जिसे वे 5 लाख में देना चाहते हैं। आखिरकार, लालच में आकर राहुल ने कहा कि वह 3 लाख दे सकता है। इस पर उन्होंने उसे 9 जुलाई को पैसे लेकर सारोली लैंडमार्क पर बुलाया। राहुल अपनी पत्नी और भाई के साथ बाइक पर वहां पहुंचा। ठगों ने उससे पैसे लेकर एक थैली सौंपी और तुरंत फरार हो गए।


शेष शेयरधारकों के ध्यानार्थ निकास प्रस्ताव

**स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड**

(भारत सरकार का एक उद्यम) कॉर्पोरेट पहचान संख्या : L25111UP1972GOI003599
पंजीकृत कार्यालय : 3/481, प्रथम तल, विकल्पखंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत - 226010, दूरभाष संख्याः 0522-3119593,
वेबसाइट: www.scootersindialimited.com, ईमेल आईडी: csscootersindia@gmail.com

यह एग्जिट ऑफर सार्वजनिक घोषणा ("एग्जिट ऑफर पीए") 17 अगस्त, 2024 को स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ("कंपनी") की बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") से स्वैच्छिक डीलिस्टिंग के संबंध में की गई पूर्व घोषणा के क्रम में जारी की जा रही है, जिसमें शेष सार्वजनिक शेयरधारकों ("अवशिष्ट शेयरधारकों") को एग्जिट ऑफर दिए जाने की सूचना दी गई है, जो डीलिस्टिंग ऑफर के बाद भी इक्विटी शेयर धारण करते रहेंगे और 31.78 रुपये प्रति इक्विटी शेयर ("एग्जिट प्राइस") के एग्जिट मूल्य पर अधिग्रहणकर्ता को अपनी इक्विटी शेयर देना चाहते हैं। शेष शेयरधारकों को रिमाइंडर एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर, एग्जिट आवेदन पत्र("एग्जिट ले टर ऑफ ऑफर") के साथ 16 नवंबर, 2024, 4 जनवरी, 2025 और 5 अप्रैल, 2025 को "एग्जिट ऑफर पीए" के साथ भेजा गया था।

बीएसई ने अपने नोटिस संख्या 20240605-51 दिनांक 5 जून, 2024 के माध्यम से सूचित किया है कि उपर्युक्त शेयर 20 जून, 2024 से बीएसई से डीलिस्ट कर दिए गए हैं। डीलिस्टिंग ऑफर के बाद इक्विटी शेयर धारण करने वाले शेष शेयरधारकों को 20 जून, 2024 से 31.78 रुपये प्रति इक्विटी शेयर ("एग्जिट प्राइस") पर अपने इक्विटी शेयर अधिग्रहणकर्ता को देने का एक और अवसर प्रदान किया गया है।

इसके बाद, 19 जून, 2026 तक, या सेबी द्वारा अनुमत किसी भी पूर्व तिथि ("एग्जिट विंडो") तक। इसके अलावा, सेबी के पत्र संख्या SEBI/HO/CFD/RAC/DCR2/P/OW/2025/11275/1 दिनांक 21 अप्रैल, 2025 के अनुसार, उक्त निकास अवधि को घटाकर एक वर्ष (अर्थात 19 जून, 2025 तक) कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें कि अगली सूचना तक, अधिग्रहणकर्ता उस संबंधित कैलेंडर माह की समाप्ति से 10 कार्यदिवसों के भीतर मासिक आधार पर भुगतान करना जारी रखेगा जिसमें अधिग्रहणकर्ता को निकास आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है ("मासिक भुगतान चक्र") और इसके बाद कोई और अनुस्मारक "निकास प्रस्ताव पत्र" और "निकास प्रस्ताव पत्र" नहीं भेजा जाएगा।

तदनुसार, कंपनी के शेष शेयरधारक बिना किसी और देरी के, अधिग्रहणकर्ता को अपने इक्विटी शेयर सौंपने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना निकास आवेदन पत्र तुरंत जमा कर सकते हैं।

कृपया कंपनी की वेबसाइट www.scootersindialimited.com, रजिस्ट्रार की वेबसाइट www.skylinerta.com और ऑफर मैनेजर की वेबसाइट www.corporateprofessionals.com से एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर और एग्जिट एप्लीकेशन फॉर्म ("एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर") प्राप्त करें या नीचे दिए गए लिंक को स्कैन करें।

(एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर पढ़ने के लिए कृपया इस क्यूआर कोड को स्कैन करें)
(एग्जिट एप्लीकेशन फॉर्म पढ़ने के लिए कृपया इस क्यूआर कोड को स्कैन करें)
(शेयर ट्रांसफर फॉर्म पढ़ने के लिए कृपया इस क्यूआर कोड को स्कैन करें)

स्थानः लखनऊ
दिनांकः 2 अगस्त, 2025

अधिग्रहणकर्ता की ओर से
हस्ताक्षरकर्ता/-
नवीन कौल
(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)


## हेमा मालिनी ने किए श्रीनाथजी के दर्शन



**नाथद्वारा** | मथुरा सांसद हेमा मालिनी शुक्रवार को श्रीनाथजी मंदिर पहुंची। उन्होंने राजभोग की झांकी के दर्शन किए। दर्शन के बाद नगर पालिका उपाध्यक्ष श्यामलाल गुर्जर ने अपने प्रतिष्ठान बृजवासी ठंडाई पर स्वागत किया। उन्हें प्रभु श्रीनाथजी की छवि, उपरणा और प्रसाद भेंट में दिया गया। हेमा मालिनी ने बृजवासी ठंडाई का स्वाद चखा। उन्होंने कहा, इसकी मिठास और ठंडक मन को आनंदित कर देती है।

पीटने का वीडियो वायरल • शहेरा तालुका के ताडवा गांव की 2 लड़कियों को भी पीटा

## गुजरात : लड़कियों से मिलने गए 2 युवकों को पेड़ से बांधकर पीटा, 10 लोग हिरासत में

भास्कर न्यूज़ | शहेरा

पंचमहाल के शहेरा तालुका के ताड़वा गांव में लड़कियों से मिलने आए मीठापुर के 2 युवकों को गांव के युवकों ने पकड़कर पेड़ से बांध दिया और लाठियों से पिटाई का वीडियो वायरल कर दिया। इस पूरे मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

शहेरा तालुका के तड़वा गांव में मीठापुर के 2 युवकों को पेड़ से बांधकर डंडों से पीटने का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दो लड़कियों को भी इसी गांव के युवक लाठियों से पीट रहे थे। गांव की लड़कियों से मिलने आए दो युवकों को जब पकड़ा गया, तो ग्रामीणों ने दोनों को पेड़ से बांधकर पीटा।



**'दशामां व्रत है, लड़कियों को मत मारो, पाप लगेगा':** वीडियो में ग्रामीण कह रहे थे, "क्या तुम दशामां व्रत के दौरान ऐसा कर रहे हो?" और युवकों को लाठियों से पीट रहे थे, जबकि आसपास के लोग भी इसका वीडियो निकालते नज़र आ रहे हैं। महिलाओं ने गुहार लगाईं कि, 'दशामां माता का व्रत चल रहा है, लड़कियों को मत मारो, पाप लगेगा'।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्टः साबरमती नदी पर 36 मीटर ऊंचा पुल ले रहा आकार, यह 12 मंजिल के बराबर



**सूरत**| अहमदाबाद में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत साबरमती नदी पर 36 मीटर ऊंचाई वाला एक विशाल पुल का निर्माण किया जा रहा है, जो लगभग 12 मंजिला इमारत के बराबर है। यह पुल हाई-स्पीड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और मौजूदा रेलवे नेटवर्क के बीच तालमेल का प्रतीक बनेगा। 480 मीटर लंबा यह पुल पश्चिम रेलवे की अहमदाबाद-दिल्ली मुख्य रेललाइन से सटा हुआ है। पुल में कुल 7 स्पैन हैं, जिनमें से 5 स्पैन 76 मीटर लंबे हैं और 2 स्पैन 50 मीटर लंबे हैं। यह पुल साबरमती और अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित है। इस परियोजना के अंतर्गत गुजरात में 21 और महाराष्ट्र में 4 सहित कुल 25 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से गुजरात के 16 पुल पहले ही पूरे किए जा चुके हैं।

## माउंट आबू घूमने आए पर्यटक का पांव फिसला, 300 फीट गहरी खाई में गिरा, मौत

**माउंट आबू (सिरोही)** | आरना हनुमानजी मंदिर के निकट सेल्फी लेते समय पांव फिसलने से 300 फीट गहरी खाई में गिरने से पर्यटक विपिन पटेल (49) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को अहमदाबाद से विपिन पटेल (49)अपने दो दोस्त हीरेन व दिनेश पटेल के साथ माउंट घूमने के लिए आए थे। दोपहर 1 बजे वे तीनों आरना हनुमानजी मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद वादियों में फोटो लिए।

आरना हनुमानजी मंदिर के आगे सड़क किनारे रुककर पहाड़ियों में बह रहे झरने और वादियों के साथ सेल्फी ले रहे थे। सुरक्षा दीवार के पास खड़े विपिन का संतुलन बिगड़ गया और वह खाई में गिर गए। सिर में गहरी चोट लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने काफी मशक्कत कर उसे निकाला। उस समय विपिन की सांसें चल रही थी। बताया जाता है कि एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया।


**संयुक्त प्रवेश समिति चंडीगढ़ (जेएसी) - 2025**
चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
सेक्टर-26, चंडीगढ़-160019
Admission Website: https://jacchd.admissions.nic.in/

**काउंसलिंग के विशेष दौर के लिए पंजीकरण**

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा गठित निकाय, संयुक्त प्रवेश समिति (जेएसी)-2025, सत्र 2025-26 के लिए निम्नलिखित संस्थानों में बी.ई./बी. आर्क./एकीकृत बी.ई. (केमिकल)-एमबीए पाठ्यक्रमों की विभिन्न रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए जेएसी पोर्टल के माध्यम से विशेष दौर के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

**जेएसी के अंतर्गत संस्थान**

1. **चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,** सेक्टर-26, चंडीगढ़।
2. **चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर,** सेक्टर 12, चंडीगढ़।
3. **डॉ. एस.एस. भटनागर यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ (पूर्व में केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग)।
4. **यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़।
5. **यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,** पंजाब यूनिवर्सिटी एस.एस. गिरि क्षेत्रीय केंद्र (PUSSGRC), होशियारपुर।

**आवेदन प्रक्रिया**

- आवेदन केवल ऑनलाइन ही जमा किए जाने हैं: https://jacchd.admissions.nic.in/
- आवेदकों को फॉर्म भरने से पहले JAC वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों और FAQ अनुभाग को ध्यान से पढ़ना चाहिए।

**पात्रता**

- वे अभ्यर्थी जिन्होंने 2023, 2024 में कक्षा 12वीं/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, या जो 2025 में कक्षा 12वीं/समकक्ष परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, वे JEE (मेन) - 2025 परीक्षा में शामिल होने के पात्र हैं।
- अधिक जानकारी के लिए देखें: https://jacchd.admissions.nic.in/eligibility-status/

**हेल्पलाईन**

हेल्पलाइन नंबर: 9872823250, 9914611106, 9463739413, 8725014479, 9816290720.
हेल्पलाइन ईमेल: helpdesk@ccet.ac.in

**महत्वपूर्ण तिथियां**

पंजीकरण की अंतिम तिथि : 4 अगस्त 2025
विस्तृत कार्यक्रम के लिए देखें: https://jacchd.admissions.nic.in/schedule/

- परिशिष्टः ओसीआई/पीआईओ श्रेणी के उम्मीदवार जेएसी चंडीगढ़ 2025 के अंतर्गत प्रवेश के लिए पात्र हैं। ओसीआई/पीआईओ श्रेणी के उम्मीदवारों को विस्तृत नियमों और पात्रता शर्तों के लिए जेएसी पोर्टल देखने की सलाह दी जाती है।
- सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार नियम और शर्तें और तिथियां बदली जा सकती हैं।

उम्मीदवारों को वेबसाइट (https://jacchd.admissions.nic.in/) नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है।

अध्यक्ष, जेएसी-2025


सख्ती • निदेशालय ने 10 दिन में स्पष्टीकरण मांगा

## 10वीं व 12वीं में कम रिजल्ट पर 215 शिक्षकों को नोटिस

**बीकानेर**| शिक्षा सत्र 2023-24 में कम परीक्षा परिणाम रहने पर 215 सब्जेक्ट शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने कारण बताओ नोटिस दिया है। विभाग ने इन पर कार्रवाई करने से पहले इन शिक्षकों से 10 दिनों में स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण में संबंधित शिक्षक को अपने पिछले पांच सत्रों का परीक्षा परिणाम भी बताना होगा। निर्धारित समय पर स्पष्टीकरण नहीं देने पर 17 सीसीए चार्जशीट में कार्रवाई होगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। 97 शिक्षकों को 12वीं और 118 को 10वीं का परिणाम न्यून रहने पर नोटिस मिला है। 215 शिक्षकों की सूची में बीकानेर के 7 शिक्षकों के नाम शामिल हैं। कारण बताओ नोटिस का जवाब मिलने के बाद शिक्षा विभाग संबंधित शिक्षकों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बुलाएगा। यहां निदेशक इनसे सवाल जवाब करेंगे। अगर हर साल रिजल्ट कम रह रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

### सात शिक्षकों का रिजल्ट शून्य प्रतिशत

लिस्ट में 7 सब्जेक्ट टीचर्स ऐसे भी है, जिनका रिजल्ट शून्य प्रतिशत है। यह शिक्षक अलवर, पाली, उदयपुर, भीलवाड़ा, नागौर, जोधपुर और हनुमानगढ़ में कार्यरत हैं। इन सभी को 12वीं कक्षा में रिजल्ट शून्य प्रतिशत रहने पर नोटिस दिया गया है।

## ठाणे : तेज रफ्तार बस ने पैदल यात्रियों को मारी टक्कर, 6 घायल

**ठाणे** | नवी मुंबई में एक तेज रफ्तार बस ने पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। हादसे में छह लोग घायल हो गए। दुर्घटना गुरुवार रात करीब नौ बजे तुर्भे नाका इलाके में हुई। नवी मुंबई नगर परिवहन (एनएमएमटी) की एक इलेक्ट्रिक बस ने नियंत्रण खो दिया और पैदल जा रहे लोगों को टक्कर मार दी। मामले में चालक प्रमोद रमेश कनौजिया (52) के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।


एनबीसीसी NBCC नवरत्न सीपीएसई

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से इन्वेंट्री बल्क सेल

पैकेज - 1
ई-नीलामी दिनांक 06.08.2025 को आयोजित की जाएगी
ईएमडी शुल्कः ₹67.67 करोड़
ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख 05.08.2025
आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य 3BHK, 4BHK अपार्टमेंट्स




पैकेज - 2
ई-नीलामी दिनांक 12.08.2025 को आयोजित की जाएगी
ईएमडी शुल्कः ₹41.78 करोड़
ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख 11.08.2025
आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य 3BHK अपार्टमेंट्स

आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट की दूरी पर
प्रसिद्ध स्कूलों और अस्पतालों के निकट

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।
कृपया लोकेशन के लिए क्यूआर स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें : www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
9772907414

**प्रेरणा**

यदि तुम सूर्य को खो बैठने पर आंसू बहाओगे तो तारों को भी खो बैठोगे। -रवीन्द्रनाथ ठाकुर

**संपादकीय**

## क्या चीन अमेरिका को पाक में पैठ बनाने देगा?

**ट्रम्प** का यह कहना हास्यास्पद है कि हो सकता है आने वाले दिनों में भारत पाकिस्तान से पेट्रोल खरीदे। पाकिस्तान में अगर अमेरिका ने 5 अरब डॉलर (4500 करोड़ रु.) लगाकर तेल खोजा भी तो कम से कम पांच साल लगेंगे इसे निकालने में। और कितने भंडार की उम्मीद है? मात्र उतनी जो अगर भारत समूचा भी खरीदे तो उसकी 50 दिन की जरूरत के बराबर ही होगा। फिर यह भंडार बलूचिस्तान के इलाके में संभव है, जहां पाकिस्तानी सेना भी इन दिनों जाने से डरती है। क्या ट्रम्प ने ये तथ्य जांचे? विशेषज्ञों के हिसाब से पाकिस्तान में अपुष्ट रूप से 200-300 मिलियन बैरल का कुल भंडार संभव है, जो अगर मिला भी तो वह स्वयं उस देश में आतंरिक खपत से ही सवा साल में खत्म हो जाएगा। पाकिस्तान की अपनी तेल की खपत पांच लाख बैरल रोज है (भारत की इससे दस गुना है)। ट्रम्प यह भी भूल रहे हैं कि चीन ने भी पाकिस्तान में हजारों करोड़ डॉलर लगाए हैं और वो अमेरिका को वहां पैठ बनाने नहीं देगा। यह सच है कि भारत के कुल तेल आयात का 40% रूस से आता है। पर भारत की नीति है कि जहां से सस्ता तेल मिलेगा, खरीदेगा। रूस या खाड़ी के मुकाबले अमेरिका से दूरी बड़ी बाधा है। ट्रम्प ने एक समय यूक्रेन पर हमले के लिए पुतिन को व्यावहारिक और असाधारण प्रतिभा वाला कहा था, आज उन्हीं के देश की इकॉनोमी को बर्बाद क्यों बताने लगे हैं?

**जीने की राह**




पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com


## कम से कम कथा या प्रवचन को मोबाइल पर ना सुनिए

**चांदनी** घर जलाने आई है। इसका सीधा मतलब है, मोबाइल की रोशनी अब हमारे जीवन में नुकसान के दूसरे चरण में चल रही है। स्ट्रीमिंग के दौर में सबकुछ लोग हथेली पर कर रहे हैं। हमारा विषय है कम से कम कथा, प्रवचन मोबाइल या अन्य डिजिटल माध्यम पर ना सुनिए। इसके लिए लाइव ही अच्छा है। अब तो न्यूरोसाइंटिस्ट भी मानते हैं कि आंखें दृश्यों को मस्तिष्क में ले जाती हैं और अमिग्डाला-यानी मस्तिष्क का वो भाग, जहां से भावना, संवेदना जागती है- उसको प्रभावित करती है। ये काम आंख करती है। लाइव कथा सुनने से भावना, संवेदना, धैर्य, समझ और चरित्र सब आपकी पकड़ में आ जाते हैं। यदि आप यही सबकुछ मोबाइल या टीवी के परदे से सुन रहे हैं, तो उसका असर लाइव के मुकाबले कमजोर होगा। आंखें ठोकर पहले खाती हैं, उसके बाद पैर लड़खड़ाते हैं। तो आंख बड़ी महत्वपूर्ण है। कोशिश करिए कि महीने में एक बार कुछ ना कुछ लाइव जाकर सुनिए। रूबरू होकर ज्ञान मिलना अलग प्रभाव देगा।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**नजरिया** • बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा का सवाल

## गरीबों के पास वोट की ताकत के अलावा कुछ और नहीं है

**मतदान**




पवन के. वर्मा

पूर्व राज्यसभा सांसद व राजनयिक

pavankvarma1953@gmail.com


**यह** एक तथ्य है कि भारत में कुलीन वर्ग गरीबों की तुलना में कम वोट देता है। कारण यह है कि अपेक्षाकृत विशेषाधिकार-प्राप्त भारतीयों के लिए लोकतंत्र का कोलाहल अकसर थकाऊ होता है। लेकिन वंचित तबके की बड़ी आबादी के लिए यही लोकतंत्र सशक्तीकरण और एक सामाजिक हैसियत हासिल करने का उपकरण होता है। भले ही इस तबके में बहुत से लोग अशिक्षित हों, लेकिन सामूहिक रूप से अमूमन उन्हें इस बात की गहरी समझ होती है कि उनका प्रतिनिधित्व सबसे अच्छे तरीके से कौन कर सकेगा। वे जानते हैं कि सत्ता में भले कोई भी हो, लेकिन हर पांच साल में एक बार उन्हें भी अवसर मिलेगा कि वे सत्ताधीश को सत्ता से बाहर कर सकें या कम से कम उसके प्रति अपनी असहमति तो जता सकें। इसके लिए उनके पास वोट ही एकमात्र साधन है। यही कारण है कि उनके लिए चुनाव अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं।

ऐसे में गरीबों और कमजोरों को उनके मताधिकार से भी वंचित कर देना उनसे वो एकमात्र जरिया छीन लेने जैसा है, जिससे वो उन्हें हाशिए पर कर देने वाले तंत्र में अपनी कोई सार्थक हिस्सेदारी निभाते हैं। यह उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता की गर्भनाल को काटने जैसा है। समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों के लिए सिर्फ मताधिकार ही है, जिसके जरिए वे अपनी उम्मीदें कायम रखते हैं। भारत जैसे देश में- जहां अमीर और गरीब के बीच खाई बहुत बड़ी है और लगातार बढ़ती जा रही है- वहां मताधिकार से वंचित कर देना उनकी निराशा को अराजकता और विद्रोह में भी तब्दील कर सकता है।

यही वह महत्वपूर्ण बात है, जिसे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) लागू करते वक्त चुनाव आयोग को समझना चाहिए। आयोग के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के संविधान-प्रदत्त अधिकार पर कोई सवाल नहीं उठा रहा है। ना ही मतदाता सूचियों को शुद्ध करने के उसके अधिकार पर कोई ऐतराज कर सकता है। लेकिन अगर पुनरीक्षण का काम गलत समय पर और गलत तरीके से किया गया तो बहुत सम्भावना है कि भले ही कुछ अनधिकृत मतदाताओं के नाम हटा दिए जाएं, लेकिन कई वैध मतदाता भी इससे अपने अधिकार से वंचित रह जाएंगे।

10 जुलाई को इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता को कम किए बिना तीन बेहद प्रासंगिक सवाल उठाए। पहला, हमेशा की तरह आयोग पहचान के सबूत के तौर पर आधार, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को स्वीकार क्यों नहीं कर रहा? 28 जुलाई की सुनवाई में भी कोर्ट ने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग को मतदाताओं को 'व्यापक पैमाने पर निकालने के बजाय व्यापक पैमाने पर जोड़ना चाहिए।' और यदि ऐसा नहीं होता है तो सर्वोच्च अदालत इसमें दखल देगी। आयोग को इस चेतावनी पर ध्यान देना चाहिए।

दूसरा, आयोग चुनाव से कुछ ही माह पहले जून में एसआईआर क्यों कर रहा है? इससे पहले पिछला एसआईआर 2003 में हुआ था। अब अचानक से बिहार में इसे कराने का फैसला क्यों किया गया, और वह भी इतनी देर से? निश्चित रूप से 8 करोड़ मतदाताओं वाले राज्य में इस प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक और विश्वसनीय ढंग से करने के लिए पर्याप्त समय चाहिए। और तीसरा सवाल यह कि आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार कैसे मिल गया, यह तो गृह मंत्रालय के अधिकार-क्षेत्र में है?

**अवैध प्रवासियों को निशाना बनाने के चक्कर में चुनाव आयोग ने बिना किसी पारदर्शिता के लाखों वैध मतदाताओं के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। यह एक त्रासदी है, जिसे हमें उसके सही परिप्रेक्ष्यों में ठीक तरह से समझना होगा।**

2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में मोटे तौर पर 50 प्रतिशत महिलाएं और 40 प्रतिशत पुरुष अशिक्षित थे। 2023 की जाति-जनगणना के अनुसार राज्य के दलितों में महज 3 प्रतिशत, अति पिछड़ों में 5 प्रतिशत और मुसलमानों में सिर्फ 7 प्रतिशत लोगों ने ही 12वीं कक्षा पास की है। इतने कम समय में वांछित नए दस्तावेज लेने के लिए ये लोग स्थानीय नौकरशाही से कैसे पार पा सकेंगे? बिहार के लाखों लोग अन्य राज्यों में प्रवासी हैं। दयनीय स्थितियों में जी रहे ये लोग कैसे अपने दस्तावेजों की व्यवस्था करेंगे? सच्चाई यह है कि आज वहां धरातल पर पूरी तरह से घबराहट और भ्रम की स्थिति है, क्योंकि बेसहारा गरीब लोग अपना मताधिकार मांग रहे हैं। आयोग द्वारा बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किए गए आंकड़े सच्चाई से कोसों दूर हैं।

ऐसे में मुझे वो पंक्तियां याद आती हैं : 'हम उनकी याद में अकसर उन्हीं को भूल गए।' अवैध प्रवासियों को निशाना बनाने के चक्कर में आयोग ने बिना किसी पारदर्शिता के लाखों वैध मतदाताओं के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। यह एक त्रासदी है, क्योंकि गरीबों के पास अपने वोट की ताकत के अलावा ज्यादा कुछ नहीं है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**मुद्दा** • दहेज उत्पीड़न में दो महीने तक गिरफ्तारी पर रोक

## फर्जी मामलों में पीड़ित को मुआवजा देना अब जरूरी है

**कानूनन**




विराग गुप्ता

सुप्रीम कोर्ट के वकील

viraggupta@hotmail.com


**दहेज** उत्पीड़न और विवाहिताओं के खिलाफ क्रूरता के मामलों में दो महीने तक गिरफ्तारी पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट का नया फैसला भी कहीं पुराने फैसलों की तरह कानून की किताबों में गुम न होकर रह जाए? इसके लिए 5 बिंदुओं पर समझ जरूरी है।

**1. गिरफ्तारी** : जोगिंदर कुमार बनाम यूपी राज्य (1994) के फैसले के अनुसार हिरासत और गिरफ्तारी के लिए पुलिस को अनेक अधिकार मिले हैं। चीफ जस्टिस वेंकटचलैया के अनुसार विवेक का इस्तेमाल किए बगैर मनमाने तरीके से गिरफ्तारी असंवैधानिक और गैर-कानूनी है। 1996 में डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य के फैसले में हिरासत में लिए लोगों के कानूनी अधिकार तय किए गए थे। अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य (2014) के फैसले में हिरासत और जेल को अपवाद कहा गया था। इन फैसलों के अनुसार जारी शासनादेशों का अनुपालन नहीं होने से थानों और अदालतों के चक्कर में करोड़ों परिवार तबाह हो रहे हैं।

**2. सुप्रीम कोर्ट** : नए फैसले के अनुसार धारा 498-ए के दुरुपयोग को रोकने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के जून 2022 के आदेश के अनुसार जिलों में परिवार कल्याण समितियों का गठन होना चाहिए। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने राजेश शर्मा मामले में जून 2017 में एक बड़ा फैसला दिया था। उसके अनुसार धारा 498-ए से जुड़े अधिकांश मामलों में फर्जी तरीके से पति और उसके परिजनों को पुलिस केस में फंसाया जाता है। फैसले में नेशनल लीगल सर्विसेस अथॉरिटी को मार्च 2018 तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश था, जिसका 8 साल बाद कोई विवरण नहीं आ रहा। धारा 498-ए के दुरुपयोग को रोकने के लिए 2008 में दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार दिल्ली में पुलिस अधिकारियों के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी किए गए थे। ऐसे अनेक पुराने फैसलों पर जब अमल नहीं हो रहा तो अब नए फैसले के बाद जमीनी स्तर पर लोगों को इंसाफ कैसे मिलेगा?

**3. संसद से कानून** : पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान के अनुच्छेद 142 की विशिष्ट शक्तियों के दुरुपयोग और सुप्रीम कोर्ट के सुपर-संसद बनने पर रोष व्यक्त किया था। अनुच्छेद 141 के तहत सुप्रीम कोर्ट के आदेश अधीनस्थ अदालतों के लिए बाध्यकारी होते हैं। पर उन फैसलों के अनुसार सरकार और संसद ने आईपीसी या बीएनएस और सीआरपीसी या बीएनएसएस की कानून की किताबों में बदलाव नहीं किए। इस संसदीय विफलता की वजह से पुलिस की मनमर्जी के साथ अदालतों में अराजकता बढ़ रही है।

**4. जिला अदालतें** : अदालतों में चल रहे 5.07 करोड़ मुकदमों में से लगभग 70 फीसदी यानी 3.52 करोड़ आपराधिक हैं। गरीबों को सही मामलों में भी एफआईआर दर्ज कराने के लिए थानों में एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ता है। दूसरी तरफ नेताओं और रसूखदार लोगों के इशारों पर सिविल मामलों में भी फर्जी एफआईआर दर्ज हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट के नए-पुराने फैसलों से साफ है कि पारिवारिक मामलों में फर्जी तरीके से पति और उसके परिजनों को फंसाने का दुश्चक्र चल रहा है। पुलिस की गिरफ्तारी के बाद जिला अदालतों में रूटीन तरीके से आरोपियों को जेल भेज दिया जाता है। जमीन के मामलों में पटवारी की रिपोर्ट और आपराधिक मामलों में पुलिस दरोगा की एफआईआर को अदालतों में अकाट्य मानने के साम्राज्यवादी रिवाज की वजह से आजाद भारत के करोड़ों लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी थाने और अदालतों के धक्के खाने के लिए अभिशप्त हैं।

**फर्जी तरीके से दर्ज एफआईआर और गैर-कानूनी हिरासत के मामलों में पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा मिले। ऐसा होगा तो ही दहेज उत्पीड़न और एससी/एसटी समेत सभी मामलों में कठोर कानूनों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लग सकेगी।**

**5. गुजारा भत्ता** : सुप्रीम कोर्ट के इस नए फैसले से दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे और गुजारा भत्ता की रकम रद्द होने के साथ हाल ही के शिवांगी बंसल वाले मामले में आईपीएस पत्नी को माफीनामा भी देना पड़ा। लेकिन पति और पिता को 100 दिन से ज्यादा जेल में रहना पड़ा, उसकी भरपाई कैसे होगी? कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट में पत्नी ने गुजारा भत्ता के नाम पर 12 करोड़ रुपए, लग्जरी फ्लैट और कार की मांग की थी। लिव-इन रिश्तों को कानूनी मान्यता और स्त्री-पुरुष समानता के दौर में तलाक के कानून को सरल बनाने के साथ गुजारा भत्ता के नियमों को व्यावहारिक बनाने के लिए सात दशक पुराने कानूनों में बदलाव लाने की जरूरत है।

डिजिटल इंडिया का समय है। ऐसे में आम जनता के हितों और अधिकारों से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के निर्विवाद फैसलों के विवरण का ऐप जारी हो। फैसलों का पालन नहीं करने वाले पुलिस और न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ अवमानना का मामला चलने के साथ प्रशासनिक निलम्बन की कार्रवाई हो।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


**2 अगस्त के अंक से विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ दैनिक भास्कर में**
इकोनॉमिस्ट ने टेक कंपनियों के कर्ज लेकर एआई में निवेश करने और चीनी मॉडलों की स्थिति आदि पर खास खबरें की हैं।

The Economist

दैनिक भास्कर

अब आप इकोनॉमिस्ट के सभी आर्टिकल DB एप पर हर शनिवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।


**एआई बदल रहा है दुनिया** : एआई हर क्षेत्र में अपनी पैठ बनाता जा रहा है। पढ़ें तकनीक, व्यापार, खुफिया सूचनाएं, राजनीतिक प्रचार आदि से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण रिपोर्ट्स...

**ओपिनियन** माइक्रोसॉफ्ट पर 4 लाख करोड़ कर्ज, मेटा की भी 2.62 लाख करोड़ कर्ज लेने की योजना

## गूगल, अमेजन, मेटा जैसी बड़ी कंपनियां एआई में निवेश के लिए ले रहीं कर्ज, इस साल 35 लाख करोड़ खर्च होंगे

**अमेरिका** स्थित दिग्गज कंपनियों अल्फाबेट, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट आदि के खर्चों में एक नया ट्रेंड निकल कर सामने आ रहा है। ये कंपनियां अपनी पुरानी कार्यशैली के विपरीत अब प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों से कर्ज लेकर एआई में निवेश कर रही है। इन्वेस्टमेंट फर्म कार्लाइल के जेसन थॉमस का अनुमान है, टेक कंपनियों का खर्च ताजा तिमाही के दौरान अमेरिका के आर्थिक विकास का एक तिहाई हो गया है। सवाल उठता है, इस खर्च का बोझ कौन उठाएगा। विश्लेषकों का अनुमान है, यह बोझ बड़ी टेक कंपनियों के निवेशकों और शेयरधारकों को उठाना होगा।

इस साल कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर 35 लाख करोड़ रुपए खर्च करेंगी। मोर्गन स्टेनले के एनालिस्ट मानते हैं, 2028 तक डेटा सेंटर्स पर 253 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे। कंसल्टेंसी फर्म मेकिंजी का अनुमान है, 2030 तक यह खर्च 586 लाख करोड़ रु. होगा। 2023 के बाद अल्फाबेट, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट ने अपने 70 लाख करोड़ रु. के कैशफ्लो को पूंजीगत खर्च और शेयरहोल्डरों के बीच बांटा है। अमेजन के शेयरधारक बिल्डिंग निर्माण, इक्विपमेंट की खरीद जैसे भारी पूंजीगत खर्च में हिस्सेदारी कर रहे हैं। लेकिन उन्हें रिटर्न कम मिल रहा है।

एपल के निवेशकों को फायदा हुआ है। फिर भी, उन्हें चिंता है कि निवेश पर खर्च न करने के कारण कंपनी एआई में पीछे चल रही है। यदि कंपनियां कंज्यूमर की तुलना में एआई देर से अपनाती हैं तो बड़ी टेक कंपनियों को अपने निवेश पर तेजी से रिटर्न मिलने में मुश्किल जाएगी। शेयरहोल्डर धीमे विकास की भरपाई अपनी आय के ज्यादा हिस्से की मांग से करेंगे।

एआई पर खर्च शेयर बाजार के बजाय कर्ज लेकर किया जा रहा है। यह बड़ी टेक कंपनियों के पुराने तरीकों से अलग है। इस साल की पहली छमाही में टेक कंपनियों के इन्वेस्टमेंट का कर्ज 2024 के पहले छह महीनों से 70% अधिक है। अप्रैल में अल्फाबेट ने 2020 के बाद पहली बार बॉण्ड जारी किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने कैश के बजाय उधारी में बढ़ोतरी की है। यह 2023 के बाद लगभग तीन गुना बढ़कर 4 लाख करोड़ रुपए हो गया है। मेटा प्राइवेट कंपनियों से 2.62 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेने के लिए चर्चा कर रही है। सिलिकॉन वैली के डेटा सेंटर बड़े पैमाने पर कर्ज में बढ़ोतरी कर रहे हैं। प्राइवेट मार्केट्स के समान बड़ी टेक कंपनियां का केंद्रीकरण हो रहा है। टेक कंपनियां पूंजी जुटा रही हैं क्योंकि वे सोचती हैं कि एआई का फायदा कुछ लोगों के हाथ में रहेगा। निवेशक उन्हें इसलिए कर्ज दे रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यह स्थिति शेयर और पूंजी बाजार वॉल स्ट्रीट की भी है।

### कैश फ्लो के मुकाबले कंपनियों का पूंजीगत खर्च बढ़ रहा



कैश फ्लो के मुकाबले टेक कंपनियों का पूंजीगत खर्च बढ़ रहा है। मोर्गन स्टेनले का अनुमान है, तीन वर्षों में दोनों में 131 लाख करोड़ रुपए का अंतर आ जाएगा। इस तरह आमदनी कम हो जाएगी। कर्जदाताओं के लिए जोखिम की स्थिति रहेगी। पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी से जरूरत से ज्यादा निर्माण होता है। रिटर्न में गिरावट से दिवालियापन के हालात बनते हैं। इक्विटी निवेशक ऐसे हालात से निपट सकते हैं। लेकिन बैंक और इंश्योरेंस कंपनियों जैसे निवेशक यह सहन नहीं कर पाएंगे।


© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved


**इंटेलिजेंस** पेंटागन ने दिए बड़े कॉन्ट्रैक्ट

## अमेरिका, ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियों में एआई की पैठ

**डोनाल्ड** ट्रंप ने जिस दिन अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली, उसी दिन चीन की एक कंपनी डीपसीक ने एक विश्वस्तरीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल लॉन्च कर दिया। ट्रंप ने इसे अमेरिका के लिए एक चेतावनी बताया। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस घटनाक्रम से हैरान रह गईं।

पिछले साल बाइडन प्रशासन ने ऊर्जा विभाग को निर्देश दिया कि वे गूगल डीपमाइंड और ओपेन आई जैसी फ्रंटियर लैब्स के साथ सहयोग करें। 14 जुलाई को पेंटागन ने ओपेनएआई, एक्स एआई जैसी कंपनियों को एजेंटिक मॉडल्स पर प्रयोग के लिए 200 मिलियन डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट दिए।

फ्रंटियर लैब्स सैन्य कामकाज तक ही सीमित नहीं रहीं, अमेरिकी जासूसी तंत्र में इनका इस्तेमाल शुरू हो गया है। चैटबॉट्स को टॉप-सीक्रेट डेटा के विश्लेषण में लगाया जा रहा है। माइक्रोसॉफ्ट ने जनवरी में कहा था कि उसकी क्लाउड सेवाओं के 26 उत्पादों को खुफिया एजेंसियों में इस्तेमाल की अनुमति मिल गई है। अब लगभग हर अमेरिकी खुफिया एजेंसी क्लाउड, जीपीटी के साथ लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स का इस्तेमाल कर रही है।

ब्रिटेन के एक अधिकारी के अनुसार, यूके इंटेलिजेंस कम्युनिटी में हर किसी को टॉप-सीक्रेट एलएलएम एक्सेस मिला हुआ है। यूरोप की एकमात्र एआई चैम्पियन फ्रांस की मिस्त्रल की साझेदारी फ्रांस की सैन्य एआई एजेंसी के साथ है। गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद इजराइली सेना द्वारा जीपीटी-4 का उपयोग 20 गुना बढ़ गया। ओपेनएआई की कटरीना मुलिगन कहती हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्र में एआई का अपनाना अभी उस स्तर पर नहीं है, जहां होना चाहिए।

### एआई मॉडल्स गलत जवाब कम दें तभी कारगर

एलन ट्यूरिंग इंस्टीट्यूट के डॉक्टर रिचर्ड कार्टर का मानना है कि खुफिया एजेंसियों को सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मॉडल्स में गलत जवाब देने की दर कम हो। वे कहते हैं खुफिया तंत्र को स्थिरता, विश्वसनीयता, पारदर्शिता की जरूरत है। जबकि लैब्स ज्यादा एडवांस एजेंटिक मॉडल्स पर ध्यान दे रही हैं।

### चीन एआई से ताकतवर इनसाइट्स निकाल रहा

इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड टेक्नोलॉजी के फिलिप रीनर कहते हैं कि चीन ने डीपसीक जैसे मॉडल्स को सैन्य व जासूसी कामों में अपनाया है। उनके यहां हमारे जैसे नैतिक प्रतिबंध नहीं हैं, और इसीलिए वे अधिक ताकतवर इनसाइट्स तेजी से निकाल पा रहे हैं।


© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved


**इन्वेस्टमेंट**

## दक्षिण-पूर्व एशिया बन रहा है एआई निवेश का हब

**दक्षिण-पूर्व** एशिया एआई में निवेश के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र बन रहा है। सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया में लगभग 2 गीगावॉट डेटा सेंटर क्षमता है, जो यूरोप के सबसे बड़े डेटा-सेंटर हब के बराबर है। एआई की दौड़ में दक्षिण पूर्व एशिया में सिंगापुर और मलेशिया सर्वाधिक लाभ उठा रहे हैं। हुआवे और अलीबाबा ने क्षेत्र में डेटा सेंटर बना लिए हैं। अलीबाबा ने टेनसेंट और इंडोनेशियाई टेक फर्म गोटो से साझेदारी की है। टेनसेंट अकेले 2030 तक इंडोनेशिया में 500 मिलियन डॉलर निवेश की योजना बना रहा है। अल्फाबेट, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट भी निवेश कर रहे हैं। अमेजन 2028 तक सिंगापुर में विस्तार के लिए 9 अरब डॉलर खर्च करेगा। माइक्रोसॉफ्ट ने मलेशिया और इंडोनेशिया में 4 अरब डॉलर निवेश का वादा किया है। अल्फाबेट मलेशिया में 2 अरब डॉलर का डेटा सेंटर बना रहा है।


© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved


**टेक्नोलॉजी** चिप्स की किल्लत से सामने आ रही हैं संचालन की दिक्कतें

## चीन ने एआई मॉडल्स बना लिए, पर चला नहीं पा रहा

**बमुश्किल** छह महीने पुरानी बात है। चीन की एआई फर्म डीपसीक ने अपने वी3 मॉडल्स से दुनिया को हैरान कर दिया था। ये पहली बार था, जब अमेरिका के अलावा किसी अन्य देश ने ऐसे ओपन-सोर्स मॉडल तैयार कर दिखाए थे, जो सिलिकॉन वैली में डिजाइन किए गए मॉडलों को टक्कर दे रहे थे। और वह भी तब, जब अमेरिका ने चीन को उच्च-स्तरीय सेमीकंडक्टर चिप्स की आपूर्ति से वंचित कर दिया था।

लेकिन तमाम प्रतिबंधों के बावजूद चीनी फर्मों ने विश्व-स्तरीय एआई मॉडलों की ट्रेनिंग जारी रखी। जुलाई में गूगल और मेटा के एक पूर्व छात्र द्वारा स्थापित बीजिंग स्थित प्रयोगशाला मूनशॉट एआई में किमी के2 को लान्च किया गया। यह सीधे वैश्विक लीडरबोर्ड में शीर्ष पर पहुंच गया। किमी के2 ने कोडिंग क्षमता के परीक्षणों में चैटजीपीटी 4.1 और वैज्ञानिक जानकारियों के परीक्षणों में क्लाउड 4 ओपस से बेहतर प्रदर्शन किया।

लेकिन कोई मॉडल्स केवल तभी प्रभावित कर सकते हैं, जब उनका इस्तेमाल किया जाए। और यहीं पर चिप-सम्बंधी प्रतिबंधों से चीन को मार पड़ी। इनकी किल्लत से डेटा सेंटरों की एआई लैब्स के संचालन में दिक्कतें आने लगी हैं। स्लोडाउन, उपयोग की सीमाएं और कनेक्शनों का ड्रॉप होना आम बात हो गई है। मूनशॉट ने एक्स पर यह तक पोस्ट कर दिया कि 'किमी के2, सुना है कि आप बहुत स्लो चल रहे हैं!' इधर डीपसीक ने भी अपने नए एआई मॉडल के लॉन्च को टाल दिया, ताकि कहीं उसे भी इसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

पिछले कुछ महीनों में चीनी कंपनियों ने अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के कई तरीके भी खोज निकाले हैं। अप्रैल से अब तक, एक अरब डॉलर मूल्य के प्रतिबंधित चिप्स चीन में आ चुके हैं और हुआवे जैसी घरेलू कंपनियों ने कुछ मामलों में एनवीडिया के उच्च-स्तरीय उत्पादों से मेल खाने वाले चिप्स भी विकसित किए हैं।

### एआई के लिए कमर कसे हुए है चीन का शीर्ष नेतृत्व



चीन एआई-बूम के लिए उपजाऊ भूमि की तरह है। वहां करोड़ों की संख्या में साइंस और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स हैं। उसके पास ग्रिड्स का बुनियादी ढांचा है और उसका राजनीतिक नेतृत्व भी तेजी से डेटा सेंटर बनाने के लिए कमर कसे हुए है। वह पश्चिम के तमाम सार्वजनिक डेटा स्रोतों तक अपनी पहुंच बनाना चाहता है।


© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved


**रिसर्च** फर्जी खबरें व सूचनाएं फैलाईं

## चुनावों में एआई का दुरुपयोग हो रहा, कई देशों में इसकी मदद से झूठा प्रचार हुआ

**विश्व** में एआई के दौर के सबसे पहले चुनाव 2024 में हुए हैं। इसलिए सवाल उठते हैं कि क्या एआई से बड़े पैमाने पर गलत प्रचार हुआ था। क्या डीपफेक और लार्ज लैंग्वेज मॉडल से फर्जी खबरें और जानकारियां फैलाई गईं या इससे राजनेताओं को दूसरी भाषा के वोटरों से संपर्क करने में सहूलियत हुई। एक पैनल के विश्लेषण से कई देशों के चुनाव अभियान में एआई का दुरुपयोग सामने आया है। इनमें भारत भी है। इंटरनेशनल इनफॉरमेशन एनवायरनमेंट पैनल के विशेषज्ञों द्वारा जुटाए गए डेटा से पता लगता है कि पिछले साल पांच में से चार चुनाव में एआई का इस्तेमाल हुआ है। ग्रुप ने पाया कि अमेरिका से भारत और ब्रिटेन से इंडोनेशिया तक के चुनावों में एआई का उपयोग हुआ है। बोत्सवाना, मंगोलिया और टोगो केवल ऐसे देश रहे, जहां एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया। पैनल को 46 प्रतिशत मामलों में कंटेंट के मूल स्रोत का पता नहीं लगा। 20 प्रतिशत ज्ञात स्रोत विदेशी थे। भारत में मृत राजनेताओं को प्रचार अभियान में फिर से जीवित दिखाया गया।


© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

बात कहूंगा खरी-खरी

# अमेरिकी गुंडागर्दी का अपराधी ट्रम्प नहीं, कोलम्बस है



सुरेंद्र शर्मा
कवि एवं लेखक
surendersharmakavi@hotmail.com

**आज** हम भारतीय, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को कोस रहे हैं कि उसने हमारे ऊपर टैरिफ लगा दिया, वह लगातार हमारा अपमान कर रहा है। लेकिन हम इसकी मूल जड़ तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। अमेरिका की इस गुंडागर्दी का असली अपराधी ट्रम्प नहीं, बल्कि क्रिस्टोफर कोलम्बस है।

सन् 1492 में न कोलम्बस अमेरिका को खोजता, न ये फिजूल की आफत मचती। पड़ा रहता अमेरिका अपनी धरती पर अलग-थलग। बनाता रहता अपने हथियार। अगर कोलम्बस अमेरिका की खोज न करता तो न तो अमेरिका युद्ध कराने लायक रहता, न ही युद्धविराम कराने लायक रहता।

अमेरिका कभी गांधी हो जाता है, कभी गोडसे। भारत-पाकिस्तान के बीच समझौता कराने की कोशिश करता है, तो खुद को गांधी समझने लगता है फिर पाकिस्तान को हथियार देता है तो गोडसे बन जाता है।

आज की तारीख में दुनिया भर की रामायण की असली मंथरा है कोलम्बस। रावण अपना अलग राज्य चला रहा था। रामजी अपना अलग राज्य चलाते रहते। एक राम को वनवास कराके रामायण में महाभारत बो दी। न होता वनवास, न मिलती शूर्पनखा, न होता सीताहरण न होता युद्ध। इसलिए युद्ध की असली जड़ रावण नहीं, मंथरा थी। ऐसे ही

*न कोलम्बस अमेरिका को खोजता, न ये फिजूल की आफत मचती। पड़ा रहता अमेरिका अपनी धरती पर अलग-थलग।*

आज विश्व की सभी समस्याओं की असली जड़ है कोलम्बस, जिसने अमेरिका खोजा। हर खोज अच्छी ही नहीं होती, कुछ के दुष्परिणाम भी होते हैं।

अब बात चली है तो लगे हाथ मालदीव का भी एक किस्सा सुनाता चलूं। अरे वही मालदीव...! कुछ दिनों पहले मालदीव के एक मंत्री ने बयान दिया था कि मालदीव को सम्पन्न होना हो, तो उसे अमेरिका पर हमला कर देना चाहिए। क्योंकि अमेरिका जिससे भी युद्ध करता है, पहले उसे बर्बाद करता है और फिर उसकी सहायता करके महान बनने का ढोंग करता है।

लेकिन मालदीव के ही किसी बुद्धिजीवी ने इस सुझाव पर सवाल उठाकर मालदीव को अमेरिका पर हमला करने से रोक दिया। उसने पूछा कि हम युद्ध करके हार जाएंगे तो अमेरिका हमारी मदद करके हमारा भला कर देगा, लेकिन यदि गलती से हम जीत गए तो हम इतने बड़े अमरीका का करेंगे क्या?

इस गंभीर प्रश्न पर पूरा मालदीव सकते में आ गया। और अमेरिका पर हमला करने का विचार त्याग दिया। लेकिन मैं इस विचार को कभी नहीं त्यागूंगा कि पूरी दुनिया की सारी समस्याओं की जड़ अमेरिका है, वही अमेरिका जिसकी खोज कोलम्बस ने की थी।

कार्टून कोना




क्लासिक कॉर्नर

# वह जो आम आदमी है न!



हरिशंकर परसाई
मूर्धन्य व्यंग्यकार और लेखक

**निंदा** में विटामिन और प्रोटीन होते हैं। निंदा खून साफ करती है, पाचन-क्रिया ठीक करती है, बल और स्फूर्ति देती है। निंदा से मांसपेशियां पुष्ट होती हैं। संतों को परनिंदा की मनाही होती है, इसलिए वे स्वनिंदा करके स्वास्थ्य अच्छा रखते हैं। 'मो सम कौन कुटिल खल कामी'- यह संत की विनय और आत्मग्लानि नहीं है, टॉनिक है। हम समझते हैं, वह आत्मस्वीकृति कर रहा है, पर वास्तव में वह विटामिन और प्रोटीन खा रहा है। स्वास्थ्य विज्ञान की एक मूल स्थापना तो मैंने कर दी। अब डॉक्टरों का कुल इतना काम बचा कि वे शोध करें कि किस तरह की निंदा में कौन-से और कितने विटामिन होते हैं, कितना प्रोटीन होता है। मेरा अंदाजा है, स्त्री संबंधी निंदा में प्रोटीन बड़ी मात्रा में होता है और शराब संबंधी निंदा में विटामिन बहुत होते हैं। मेरे सामने जो स्वस्थ सज्जन बैठे थे, वे कह रहे थे- आपको मालूम है, वह आदमी शराब पीता है?

मैंने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने फिर कहा- वह शराब पीता है। निंदा में अगर उत्साह न दिखाओ तो करने वालों को जूता-सा लगता है। वे तीन बार बात कह चुके और मैं चुप रहा, तीन जूते उन्हें लग गए। अब मुझे दया आ गई। मैंने कहा- पीने दो। वे चकित हुए। बोले- पीने दो, आप कहते हैं पीने दो?

मैंने कहा- हां, हम लोग न उसके बाप हैं, न शुभचिंतक। उसके पीने से अपना कोई नुकसान भी नहीं है। उन्हें संतोष नहीं हुआ। वे उस बात को फिर-फिर रेतते रहे। तब मैंने लगातार उनसे कुछ सवाल कर डाले- आप चावल ज्यादा खाते हैं या रोटी? किस करवट सोते हैं? जूते में पहले दाहिना पांव डालते हैं या बायां?

अब वे 'हीं-हीं' पर उतर आए। कहने लगे- ये तो प्राईवेट बातें हैं, इनसे क्या मतलब।

*कितने लोग हैं जो 'चरित्रहीन' होने की इच्छा मन में पाले रहते हैं, मगर हो नहीं सकते और निरे 'चरित्रवान' होकर मर जाते हैं।*

अब वह शराब से स्त्री पर आ गया- और वह जो है न, अमुक स्त्री से उसके अनैतिक संबंध हैं। मैंने कहा- हां, यह खराब बात है।

उसका चेहरा अब खिल गया। बोला- है न?

मैंने कहा- हां खराब बात यह है कि उस स्त्री से अपना संबंध नहीं है।

वह बिल्कुल निराश हो गया। सोचता होगा, कैसा पत्थर आदमी है, इतने ऊंचे दर्जे के 'स्कैंडल' में भी दिलचस्पी नहीं ले रहा। वो उठ गया। मैं सोचता रहा कि लोग समझते हैं कि हम खिड़की, हवा और रोशनी के लिए बनवाते हैं, मगर वास्तव में खिड़की अंदर झांकने के लिए होती है। कितने लोग हैं जो 'चरित्रहीन' होने की इच्छा मन में पाले रहते हैं, मगर हो नहीं सकते और निरे 'चरित्रवान' होकर मर जाते हैं।

- 'वह जो आम आदमी है न' के चुनिंदा अंश

सेंसिबल मीम्स

सौरभ जैन




प्रीतम सिंह




माइंड ट्विस्टर

## आग लगे बस्ती में भैंस मस्ती में

हर हफ्ते यहां आपसे पूछा जाएगा एक सवाल जिसके देने होंगे जवाब। पिछले हफ्ते का सवाल था- **भैंस के आगे बीन ही क्यों बजाते हैं, शहनाई या ढोल क्यों नहीं।...**

- आग लगे बस्ती में भैंस तो अपनी मस्ती में, कोई वाद्ययंत्र भैंसों का कुछ नहीं बिगाड़ सकता। **-प्रिंस विन्नी, राउरकेला**
- क्योंकि भैंस अक्ल से बड़ी होती है, तो उसकी मर्जी वो बीन चुने या शहनाई.. इट्स हर चॉइस। **-द्वारका पालीवाल**
- भैंस का ज्यादा वजन होने के कारण वो नाचने में विश्वास नहीं रखती। हां, बीन बजाने से वो थोड़ा सा मुंह हिलाकर ही सन्तुष्ट हो जाती है। **-निर्मला गिरधानी, जयपुर**
- क्योंकि भैंस को नागिन डांस पसंद है। **-विकास गांधी**
- नगाड़ा बजाने से भैंस बिदक सकती है एवं शहनाई बजाने से आत्म मुग्ध हो सकती है। अतः भैंस के आगे बीन बजाना ही ठीक है। **-ललित महालकरी**
- जिस दिन भैंस के सामने तीनों वाद्य यंत्र बजवाकर मुहावरा फाइनल करना था उस दिन शहनाई और नगाड़ा वालों की ट्रेन लेट हो गई थी तब से भैंस के आगे बीन ही बज रही हैं। **-विभाष पाठक, मुंगेली**
- व्यवस्था के जिम्मेदार अपने कान निकाल कर बैठ गए हैं, उनके सामने बीन बजाओ या नगाड़े उन्हे कोई फर्क नहीं पड़ता। **-प्रतिभा शाह, इन्दौर।**
- भैंस के आगे बजाओ बीन, नगाड़ा या शहनाई, वो रहती अलसाई,ये मुहावरा सपेरों ने होगी बनाई, जिन्हें सिर्फ बीन ही भाई। **-अन्नू बगे, बिलासपुर**
- शायद मुहावरा बनाने वालों को सपेरों ने डरा दिया होगा कि बीन फाइनल करो वर्ना सांप छोड़ देंगे। **-प्रीत पंछी हैप्पी**

**अगला सवाल** **घाव पर नमक छिड़कना ही क्यों कहते हैं, हल्दी-मिर्ची छिड़कना क्यों नहीं?** पाठक इसके फनी जवाब इस पते humour@dbcorp.in पर भेज सकते हैं।

फन लाइनर

पंकज प्रसून

## पाक को सैटेलाइट से ब्याज नापना पड़ेगा

**• डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ**
25% टैरिफ नहीं, ये वो कमीशन है जो दोस्ती निभाने के एवज में वसूला है।

**• टीसीएस ने 12 हजार नौकरियां खत्म करने का ऐलान किया**
अब समझ आया, 'वर्क फ्रॉम होम' का मतलब - 'वर्क विदाउट जॉब' था।

**• बैंकों ने 5 साल में मिनिमम बैलेंस के नियम से वसूले 9000 करोड़**
बैंक में पैसा ज्यादा है तो टैक्स बचाओ, कम है तो खुद को बैंक से बचाओ।

**• पाकिस्तान ने चीन की मदद से लॉन्च किया सैटेलाइट**
कर्ज की इतनी ऊंचाई है, अब पाकिस्तान को सैटेलाइट से ही उसका ब्याज नापना पड़ेगा।

**• महाराष्ट्र में कई पुरुषों ने उठाया लाड़ली बहन योजना का लाभ**
लग रहा है, अबकी राखी में बहन ही बहन को बांधेगी, और गिफ्ट में स्कीम का लिंक देगी।

**• तीन बच्चे पैदा करने पर माता-पिता को 1500 डॉलर देगा चीन**
पहले एक बच्चे पर जुर्माना था, अब तीन पर इनाम है, लगता है कि चीन की फैमिली प्लानिंग अब फैमिली फार्मिंग बन चुकी है!



एक अच्छी आदत

## हफ्ते में एक दिन 'नो सोशल स्क्रीन डे' मनाएं



महज एक दिन सोशल मीडिया और मोबाइल स्क्रीन से दूरी बनाकर आप खुद से, परिवार से और असल दुनिया से बेहतर तरीके से जुड़ सकते हैं।

**1. आंखों की थकान में 50% तक राहत**
लगातार स्क्रीन देखने से धुंधलापन, सिर दर्द, आंखों में जलन होती है। अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अनुसार हर 20 मिनट पर 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखकर स्क्रीन ब्रेक लें, इससे आंखों की थकान में 50% राहत मिलती है।

**2. नींद की गुणवत्ता में 35% सुधार**
स्क्रीन की नीली रोशनी मेलाटोनिन को प्रभावित करती है। हार्वर्ड रिसर्च में पाया गया कि सिर्फ एक दिन स्क्रीन से दूरी बनाने पर नींद में 35% सुधार होता है।

**3. ब्लड प्रेशर और तनाव के स्तर में गिरावट**
स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से तनाव हार्मोन (कॉर्टिसोल) बढ़ता है। स्वीडन की यूनिवर्सिटी ऑफ गोथनबर्ग के अनुसार, सोशल मीडिया से ब्रेक लेने पर तनाव हार्मोन 20% तक कम हो जाता है।

मानसून गाइड मानसून में रोज 250 बाल गिर सकते हैं; जानें बचने के तरीके

## हेयरफॉल रोकना है तो स्ट्रेस कम करें, स्मोकिंग छोड़ें; 6 आदतें बदलें

**healthline** से विशेष



बरसात हमारे बालों को भिगो देती है और उसी के साथ ले जाती है जड़ से मजबूती। बाल झड़ना मानसून की सबसे अनदेखी समस्या है। मानसून आते ही हवा में ह्यूमिडिटी यानी नमी बहुत बढ़ जाती है। ये नमी हमारे बालों की सबसे कमजोर कड़ी को प्रभावित करती है, बालों की केमिकल संरचना कमजोर होती है। बाल हाइड्रोजन को सोखते हैं और इससे उनका स्ट्रक्चर कमजोर हो जाता है। बालों की बाहरी परत (क्यूटिकल) सूज जाती है और खुलने लगती है। ये प्रक्रिया बालों को अंदर से कमजोर कर देती है और फिर वह हल्की खिंचाव में भी टूटने लगते हैं। नतीजा यह होता है कि सामान्य दिनों में जहां 50-100 बाल गिरते हैं, मानसून में यह संख्या 250 या उससे भी ज्यादा हो सकती है। ऐसे में जानिए बचने के तरीके...

**डाइटः प्रोटीन और हरी सब्जियां सबसे ज्यादा लें**

**1. मेडिटेरेनियन डाइटः** जो लोग हफ्ते में कम से कम 3 बार कच्ची हरी सब्जियां (जैसे तुलसी या सलाद, इसके अलावा सी-फूड) खाते हैं, उनमें अंडरोजेनेटिक एलोपेसिया (पैटर्न बाल्डनेस) का खतरा कम होता है।

**2. विटामिन एः** विटामिन ए आपके बालों को प्राकृतिक रूप से मॉइश्चराइज करता है। यह बालों के लिए फायदेमंद है। पर अधिक मात्रा में लेने से यह उल्टा असर कर सकता है। शकरकंद, पालक, गाजर, लाल शिमला मिर्च में यह विटामिन भरपूर होते हैं।

**3. प्रोटीनः** बाल का 90% हिस्सा प्रोटीन से जुड़ा है। बालों की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है केराटिन, जो प्रोटीन है। अगर शरीर में प्रोटीन की कमी है, तो बाल गिरना तय है। ऐसे में दाल, मटर, पनीर, दही और नट्स खाएं।

**सिगरेट से भी हेयरफॉल**

**4. सिगरेट छोड़ेंः** स्मोकिंग भी बालों की ग्रोथ साइकिल को बिगाड़ सकती है। रिसर्च के मुताबिक, 47% स्मोकर्स को ग्रेड 3 हेयर लॉस और 24% को ग्रेड 4 हेयर लॉस हुआ। अगर आप स्मोक करते हैं, तो छोड़ें।

**स्ट्रेस जितना हो, कम करें**

**5. स्ट्रेस कम करेंः** लगातार बना रहने वाला तनाव शरीर में कोर्टिसोल नाम के हार्मोन को बढ़ा देता है। यह हार्मोन बालों के नेचुरल ग्रोथ साइकल को रोक देता है, जिससे बाल झड़ते हैं। इसलिए दिमाग को रिलैक्स रखें।

**व्यायामः योग से फायदा**

**6. योगः** जब शरीर और मन दोनों साथ दें फॉरवर्ड बेंड, शोल्डरस्टैंड, डाउनवर्ड डॉग जैसे योगासन स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाते हैं। रोज 10 मिनट की डीप ब्रीदिंग स्ट्रेस हार्मोन को बैलेंस करती है।

रिपोर्टः लिवर कैंसर से साल में 7 लाख मौतें

## लिवर कैंसरः इसके 60% केस रोकना संभव है!

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत



हर साल दुनिया में लिवर कैंसर से 7 लाख लोगों की मौत होती है। लेकिन लांसेट की रिपोर्ट बताती है कि इनमें से 60% मौतें रोकी जा सकती हैं, अगर वक्त रहते चार बड़े कारणों पर काबू पा लिया जाए। यह हैं : हेपेटाइटिस बी और सी वायरस, शराब से जुड़ी लिवर बीमारी और मोटापा या डायबिटीज जैसी दिक्कतों से जुड़ी फैटी लिवर डिजीज।

**खतराः 2050 तक हर साल 15 लाख नए मामले**
दुनियाभर में हर साल 9 लाख के करीब नए लिवर कैंसर केस सामने आते हैं, जो इसे छठा सबसे आम कैंसर और तीसरा सबसे घातक बनाता है। लांसेट में छपी रिपोर्ट कहती है कि अगर यही ट्रेंड चलता रहा, तो 2050 तक ये आंकड़ा 15 लाख सालाना तक पहुंच सकता है।

### लिवर कैंसर के 4 सबसे बड़े कारण जानिए

- **हेपेटाइटिस बी व सी वायरसः** ये वायरस लिवर में सूजन और चोट पहुंचाते हैं। इलाज न हो तो यह सिरोसिस (लिवर की कठोरता) और फिर कैंसर में बदल सकता है।
- **शराबः** यह लिवर फैट जमा करती है। जो लोग हफ्ते में 10-15 ड्रिंक लेते हैं, उनमें जोखिम दोगुना है।
- **मेटाबॉलिक फैटी लिवर डिजीजः** मोटापा, डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों में लिवर में फैट जमा होता है। इसका गंभीर रूप है MASH, जो बिना लक्षण भी लिवर को बर्बाद कर देता है।
- **सिरोसिसः** यह वह अवस्था है जहां लिवर की सामान्य कोशिकाएं धीरे-धीरे जख्मी होकर हार्ड टिशू में बदल जाती हैं, जिससे लिवर की कार्यक्षमता खत्म होने लगती है।

### कैसे बच सकते हैं लिवर कैंसर से?

**1. हाई रिस्क लोगों की स्क्रीनिंगः** टाइप 2 डायबिटीज, मोटापा, हाई बीपी या हाई कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों की Fib-4 टेस्ट से लिवर स्कारिंग की जांच हो सकती है। यह टेस्ट साधारण ब्लड रिपोर्ट से ही हो जाता है और बेहद सस्ता है।

**2. मैटाबॉलिक डिजीज है तो ये करेंः** 5-10% वजन घटाकर लिवर फैट को हटाया जा सकता है। हाल ही में कुछ वजन कम करने वाली दवाएं भी कारगर पाई गई हैं।

**3. पूरी तरह शराब से दूरी बनाएंः** मोटे लोग और डायबिटिक मरीज अगर शराब पीते हैं, तो लिवर कैंसर का रिस्क कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए शराब से पूरी तरह दूरी या कम से कम सीमित मात्रा में ही सेवन करें।

**लिवर हेल्थ के लिए 5 जरूरी बातें**

- साल में एक बार लिवर फंक्शन टेस्ट जरूर करवाएं।
- हेपेटाइटिस बी का टीका लगवाएं।
- किसी भी ब्लड ट्रांसफ्यूजन या सर्जरी से पहले हेपेटाइटिस की जांच कराएं।
- फास्ट फूड और शुगर का सेवन सीमित करें, क्योंकि यह लिवर में फैट बढ़ाता है।
- डेली वॉक, योग या एक्सरसाइज से मेटाबॉलिक हेल्थ सही रखें।

हार्वर्ड स्टडीः वीकेंड वॉरियर हैं तो भी फायदे!

## हफ्ते में 1-2 दिन व्यायाम से भी 33% कम होता है हार्ट अटैक का खतरा

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं और रोजाना वर्कआउट नहीं कर पाते, तो हफ्ते में सिर्फ 1 या 2 दिन भी एक्सरसाइज करने से जल्दी मौत का खतरा 21% कम हो सकता है। वहीं हार्ट डिजीज से मौत का खतरा इसमें 33% तक कम हो जाता है। यह स्टडी हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के वैज्ञानिकों ने की है। इस पैटर्न को 'वीकेंड वॉरियर्स'' कहा है, यानी हफ्ते में 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाली फिजिकल एक्टिविटी, जैसेः तेज चलना, साइकलिंग, लाइट योगा और डांस या गार्डनिंग करना फायदेमंद है।

**नियमित व्यायाम के भी फायदे...**



**1.** रिसर्च में पाया गया कि जो लोग हफ्ते में सिर्फ 1-2 बार ही एक्सरसाइज करते हैं, ऐसे लोगों में किसी भी कारण से मौत का खतरा 21% कम पाया गया। दिल की बीमारी का खतरा 33% कम था।

**2.** अगर कोई व्यक्ति हफ्ते में नियमित रूप से एक्सरसाइज करता है, तो इन लोगों में किसी भी कारण से मौत का खतरा 17% कम होता है। दिल की बीमारी से मरने का खतरा 19% कम होता है।

सेहत का विज्ञान... 40 की उम्र के बाद अपनी गर्दन का ख्याल यूं रखें

## 4 आदतों से गर्दन का बोझ कम करें



रेणु रखेजा
न्यूट्रिशनिस्ट एवं हेल्थ कोच
@consciouslivingtips

सुबह उठते ही मोबाइल देखने की आदत और दिनभर लैपटॉप पर झुके रहना। हमारी ये आदतें गर्दन पर ऐसा दबाव डालती हैं, जैसे सिर से 20 किलो का बैग लटक रहा हो। 40 की उम्र के बाद इस आदत का असर दिखता है। अकड़े हुए कंधे, बार-बार सिरदर्द और गर्दन की हड्डियों में घिसावट। अच्छी बात ये है कि कुछ आसान बदलाव और 5 मिनट की एक्सरसाइज से इसे रोका जा सकता है। न दवाई की जरूरत, न महंगे इलाज की।

**हर 30 मिनट में ब्रेक लें... स्ट्रेचिंग पर फोकस बढ़ाएं**

**1. लैपटॉप पर काम करते हैं तो ये करें**
• दिनभर लैपटॉप पर काम करते हैं, तो स्क्रीन को आंख की सीध में रखने के लिए स्टैंड रख सकते हैं। हर 30 मिनट पर 30 सेकंड का ब्रेक लें। खड़े होकर कंधों को 10 बार पीछे घुमाएं।

**2. दिनभर की आदतें जो गर्दन को राहत देती हैं**
• बैग हमेशा एक ही कंधे पर न लटकाएं। हर 10 मिनट में साइड बदलें या बैकपैक इस्तेमाल करें। रोज सुबह 10 मिनट धूप में बैठें और 1 चम्मच तिल लें। हड्डियां मजबूत रहेंगी।

**3. गर्दन के लिए रोज यह स्ट्रेचिंग कीजिए**
• अगर ऊपर की पीठ झुकी रहे तो गर्दन भी आगे खिंचती है। इसके लिए रोज डोर-फ्रेम स्ट्रेच करें। बस दरवाजे की चौखट पर दोनों हाथ टिकाएं, एक कदम आगे बढ़ें और छाती खोलें।

**4. एंटी-स्लाउच मसल्स को करें मजबूत**
• रोज दो मिनट ठुड्डी को पीछे खींचें, कोहनी पीछे की जेब में डालने जैसा दबाव दें (2 सेट), दीवार से टिककर Y शेप में हाथ उठाएं (8 बार), कंधों को पीछे घेरे में घुमाएं (30 सेकंड)।

## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष अष्टमी शनिवार प्रात: 07:24 तक रहेगी, विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 7, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 2 अगस्त।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** विशाखा नक्षत्र संपूर्ण दिनरात तक रहेगा। शुक्ल योग संपूर्ण दिनरात रहेगा। बव करण प्रात: 07:24 तक, इसके बाद बालव करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रात: 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-तुला, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** प्रात: 09:00 से 10:30 तक रहेगा।

**दिशाशूल : पूर्व दिशा :** यदि जरूरी हो तो लौंग खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** सूर्य अश्लेषा में रात्रि 04:08 से, वर्षा मध्यम, अश्वत्थ मारुति पूजन, अष्टमी तिथि वृद्धि।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रात: 07:35 से 09:14 तक शुभ का, दोपहर 12:33 से 02:12 तक चर का, दोपहर 02:12 से सायं 05:31 तक लाभ और अमृत का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** शनिवार को गाय को गुड़ खिलाने, तिल दान करने, हनुमान मंदिर में तिल के तेल अथवा चमेली के तेल का दीपक जलाने से शनि जनित सभी कष्ट दूर होते हैं। आज शुक्ल योग में लोहे का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:55 | विशाखा | 1 | ताम्र | तुला | ति |
| 10:25 | विशाखा | 2 | ताम्र | तुला | तू |
| 17:10 | विशाखा | 3 | ताम्र | तुला | ते |
| 23:53 | विशाखा | 4 | ताम्र | वृश्चिक | तो |

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 8, शुभ रंग गुलाबी :** मिलजुलकर कार्यस्थल की समस्या का समाधान निकाल लेंगे। वैचारिक गतिरोध दूर होने से राहत मिलेगी। कार्यस्थल पर आप अधिक अधिकार हासिल करने में सफल रहेंगे। धैर्य रखें।

**वृष : शुभ अंक 1 शुभ रंग स्लेटी :** भाग्योदय के अवसर मिल सकते हैं। आयात-निर्यात के कारोबार में सफलता मिल सकती है। समस्याओं का समाधान होने से राहत महसूस करेंगे। मित्रों से मुलाकात खुशी देगी। साख बढ़ेगी।

**मिथुन : शुभ अंक 4, शुभ रंग काला :** आपका ध्यान परिवार व उसकी जरूरतों पर रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहेगी। आपकी तर्कशील वाणी से सभी प्रभावित होंगे। युवाओं को मनचाहा काम मिल सकता है।

**कर्क : शुभ अंक 5, शुभ रंग नीला :** खानपान में लापरवाही से सेहत बिगड़ सकती है। पारिवारिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। गुस्से पर काबू रखें। मजबूती के साथ अपनी बात रखें, राह आसान होगी।

**सिंह : शुभ अंक 2, शुभ रंग सफेद :** मानसिक तनाव एवं आलस्य बना रहेगा। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता की राह आसान होगी। साझेदारी में नए काम की शुरुआत संभव है। आय में बढ़ोतरी हो सकती है।

**कन्या : शुभ अंक 3, शुभ रंग भूरा :** व्यर्थ के कार्यों में समय बीतेगा। कार्यस्थल पर प्रभाव जमाने के चक्कर में सहयोगियों को नाराज कर लेंगे। वैचारिक गतिरोध दूर होने से राहत मिलेगी। पुराने संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**तुला : शुभ अंक 5, शुभ रंग नारंगी :** कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता की संभावना है। नए निवेश एवं काम की दृष्टि से समय अनुकूल है। अधिकारियों से मेलजोल का लाभ मिलेगा। धार्मिक आयोजन प्रसन्नतादायी हो सकते हैं।

**वृश्चिक : शुभ अंक 8, शुभ रंग आसमानी :** पारिवारिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। समय पर काम पूरा करने का दबाव रहेगा। व्यर्थ की बातों से सहयोगी नाराज हो सकते हैं। भाग्य अनुकूल रहने से अच्छे अवसर मिलेंगे।

**धनु : शुभ अंक 7, शुभ रंग मटमैला :** झूठी शान के चलते कर्ज ले सकते हैं। कार्यस्थल पर टकराव की स्थिति बन सकती है। अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करनी पड़ेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है।

**मकर : शुभ अंक 9, शुभ रंग लाल :** योजनाओं को पूरा होने से पहले जाहिर करना नुकसानदायी रहेगा। विद्यार्थी अध्ययन में आ रही बाधा से परेशान रहेंगे। कामकाज में देरी से लाभ सीमित हो सकता है। कानूनी मामले सुलझेंगे।

**कुंभ : शुभ अंक 3 शुभ रंग हरा :** छोटी-छोटी बातों को तूल देने से रिश्ते बिगड़ सकते हैं। सहयोग की भावना से काम करेंगे तो अच्छी सफलता मिलेगी। नए सौदे लाभदायी रहेंगे। मनचाही सफलता के लिए दिनरात मेहनत करेंगे।

**मीन : शुभ अंक 6, शुभ रंग पीला :** परिवार में किसी के स्वास्थ्य को लेकर चिन्ता बनी रहेगी। सामाजिक जीवन में मान-सम्मान बढ़ेगा। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। आकस्मिक घटनाएं आपको परेशान कर सकती हैं।

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# क्या पैरेंटिंग आपकी पदोन्नति और वेतनवृद्धि पर असर डालती है?

'मैं आपके प्रदर्शन के लिए इस साल 'A+' रेटिंग दे सकता हूं। पर इंक्रीमेंट का बजट कम होने से वेतनवृद्धि नहीं दे सकूंगा, क्योंकि आप पहले ही हायर इनकम ग्रुप में हो। इस बार निचले पद के कर्मियों को फायदा मिलने दो, क्योंकि वे महंगाई से अधिक प्रभावित होते हैं।' ये बात एक एचआर हेड ने प्रोजेक्ट हेड से कही, जो 370 से अधिक लोगों को संभालते हैं। प्रोजेक्ट हेड का चेहरा लटक गया। उन्होंने कहा, 'यदि ऐसा है तो 'A' ग्रेड क्यों नहीं देते, जो वेतनवृद्धि के योग्य नहीं होती।' एचआर ने बिना पलक झपकाए तपाक से कहा, 'आप आश्वस्त हैं, सोच लें?' जब उन्होंने दृढ़ता से सिर हिलाया तो एचआर हेड ने कहा, 'ओके, हो गया।' प्रोजेक्ट हेड बिना एक शब्द बोले केबिन से चले गए। उनके जाने के बाद एचआर हेड ने किनारे पर 'X' का निशान बनाया, आखिरी पेज पर पेंसिल से चर्चा को लिखा और टिप्पणी की- 'धैर्य की कमी, वो 'A+' रेटिंग रख सकते थे और ये मूल्यांकन ग्रेड दिखाकर अगले दौर में बेहतर सौदेबाजी कर सकते थे।'

शुक्रवार की रात एक आईटी कंपनी में काम कर रहे एचआर हेड घर पर डिनर के लिए आए। हम एक अन्य कंपनी में 12 हजार कर्मचारियों की छंटनी की खबर पर चर्चा कर रहे थे। जब मैंने पूछा, कंपनी इतने कम समय में इतने अधिक लोगों पर फैसला कैसे कर सकती है? तो उन्होंने ऊपर बताई कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि कंपनी ने उन जैसे 'स्नोप्लो पैरेंटेड चिल्ड्रन' की पहचान की और या तो उनकी काउंसलिंग की, या उन्हें जाने दिया।

स्नोप्लो पैरेंटिंग क्या है? ये परवरिश का एक तरीका है, जिसमें माता-पिता सक्रियतापूर्वक बच्चे की राह से बाधाएं हटाते हैं, ताकि किसी भी असुविधा-कठिनाई को टालकर उनकी सफलता-खुशी सुनिश्चित कर सकें। इसमें अकादमिक, सामाजिक या निजी परिस्थितियों में दखल शामिल हो सकता है, ताकि संघर्षों से बच्चे की रक्षा कर सकें। हालांकि यह होता तो अच्छी मंशा से है, लेकिन इससे बच्चे की कठिनाइयों का सामना करना, उनसे उबरने की क्षमता और स्वतंत्रता बाधित हो जाती है। स्नोप्लो पैरेंटिंग की प्रमुख विशेषताएं हैं :

1. पूर्व-सक्रियता से हस्तक्षेप : जहां माता-पिता संभावित समस्या का अंदाजा लगा लेते हैं और बच्चे के सामने चुनौती आने से पहले ही उसमें हस्तक्षेप करते हैं। 2. बाधाएं हटाना : गलतियों से सीखने देने के बजाय माता-पिता बच्चे के लिए समस्याएं हल कर देते हैं। 3. असुविधाओं से बचाना : उनका लक्ष्य अपने बच्चे को विफलता, निराशा और नकारात्मक अनुभव से बचाना होता है। 4. जरूरत से अधिक संलग्नता : स्नोप्लो पैरेंट अकादमिक से लेकर सामाजिक मेलजोल तक, बच्चे के जीवन में जरूरत से अधिक संलग्न हो जाते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है, उम्र के अनुसार पैरेंटिंग में बदलनी चाहिए, जैसे कि :

**1. शिशुओं और बच्चों के लिए, ये गहन पैरेंटिंग है :** यह एक समसामयिक दृष्टिकोण जैसा है, जिसमें माता-पिता बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण समय, ऊर्जा, संसाधन देते हैं। अक्सर बच्चों के सर्वोत्तम विकास, बेहतरी को प्राथमिकता देते हैं। इसमें माता-पिता अधिक भागीदारी निभाते हैं, जिसमें बच्चों के जीवन की रूपरेखा बनाना, उन्हें सम्पन्न बनाने वाली गतिविधियां देना और उनकी प्रगति पर बारीकी से नजर रखना शामिल है।

**2. किशोरों के लिए यह प्रबंधकीय पैरेंटिंग है :** कुछ जिम्मेदारियां बच्चों को सौंपें और उनमें अपने मूल्य स्थापित करें। हमें हर समय उन पर पैनी नजर रखने के बजाय उन्हें खुद की दुनिया को 'व्यवस्थित' करने के लिए कुछ स्वतंत्रता देनी चाहिए।

**3. टीनएजर्स व युवाओं के लिए, ये पैरेंटिंग परामर्श व सलाह पर आधारित है :** इस चरण में बच्चों को अपनी लाइफ पूरी तरह खुद मैनेज करना सीखनी चाहिए। हम सिर्फ सलाह देते हैं।

**4. वयस्कों के लिए, ये साझेदारी वाली पैरेंटिंग है :** उन्हें अपने निर्णय करने, नहीं करने से सामने आए कठोर परिणामों का सामना करना चाहिए। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों, उन पर हावी न हों।

**फंडा यह है कि** इस बात के सबूत तो नहीं हैं कि परवरिश का ये तरीका बच्चे के करियर में झलकता है। पर इससे असहमति भी नहीं जता सकते कि ये उनके कॉर्पोरेट व्यवहार की नींव रखता है।

# पुलिस ने पंजाब से छत्तीसगढ़ ले जाई जा रही अवैध शराब पकड़ी

**पलवल** | पुलिस ने पंजाब से छत्तीसगढ़ ले जाई जा रही 35 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब की 541 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। सीमेंट व पुट्टी के कट्टों में छिपाकर शराब ले जाई जा रही थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। सीआईए होडल प्रभारी जगमिंद्र ने बताया कि उनकी टीम करमन बार्डर क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक ट्रक पंजाब के पटियाला से अवैध रूप से शराब लेकर छत्तीसगढ़ जा रहा है। यह पलवल से होते हुए यूपी जाने वाला है। इसके बाद सीआईए ने करमन बार्डर के निकट उजीना ड्रेन पर नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान उक्त ट्रक वहां पहुंचा। पुलिस ने इस रोक लिया। इस पंजाब के पटियाला निवासी मंदीप कुमार चला रहा था। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उसमें पुट्टी व व्हाइट सीमेंट के कट्टे भरे थे। कट्टों को हटाकर चेक किया गया तो उसमें नीचे अंग्रेजी शराब मिली। ट्रक में 800 कट्टे सीमेंट व पुट्टी के भरे थे। उनके नीचे 541 पेटी अंग्रेजी शराब की रखी थीं।

किसान कल्याण के लिए मिले थे ₹5.31 करोड़

# किसानों के ₹4.79 करोड़ से अफसरों ने खरीदी कारें

**कैग की रिपोर्ट**

भास्कर न्यूज | भोपाल

सीएजी (कैग) की रिपोर्ट ने सरकार के किसान कल्याण के दावों की पोल खोल दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, किसानों के सहकारी विकास के लिए तय 5.31 करोड़ रुपए में से 90% यानी 4.79 करोड़ रुपए अफसरों ने लग्जरी गाड़ियां खरीदने में खर्च कर दिए। ये खुलासा गुरुवार को विधानसभा में पेश कैग रिपोर्ट में हुआ। रिपोर्ट बताती है कि राज्य और जिला स्तर पर खाद के अग्रिम भंडारण की समीक्षा का जिम्मा अफसरों को सौंपा गया था, लेकिन उन्होंने जिम्मेदारी नहीं निभाई। इससे भंडारण का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। भोपाल की अमरावत कला समिति में उर्वरक के स्टॉक में गड़बड़ी से सरकार को 14 लाख का नुकसान हुआ, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 2017 से 2022 के बीच किसानों को जिस खाद की जरूरत थी, वह नहीं, बल्कि जो उपलब्ध थी वही दे दी गई। पोषक तत्वों पर विचार नहीं किया गया। रिपोर्ट बताती है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत सैंपलिंग का पालन नहीं हुआ। 18 प्रयोगशालाओं की जरूरत थी, जबकि सिर्फ 6 प्रयोगशालाएं हैं। निरीक्षकों और स्टाफ की कमी से जांच समय पर नहीं हो सकी।


दैनिक भास्कर जीतो सोना चांदी

आज का इनाम: 10 ग्राम चांदी का सिक्का

क्विज 88 के 25 विजेताओं के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| हरि सोनवणे | *****19880 | रितु भगचंदानी | *****59153 |
| परवेश दुकराल | *****27969 | रूपेश अग्रवाल | *****83443 |
| निशा कुमारी | *****87710 | सरैया दिनेश | *****72417 |
| अंकित अग्रवाल | *****27500 | सरोज देवी | *****56310 |
| मोनिका आनंद | *****29638 | एच के पांडेय | *****98464 |
| सुषमा रानी | *****12078 | मुख्तार खान | *****42787 |
| रवलीन कौर | *****97773 | ज्योति जैन | *****09500 |
| राम खटीक | *****13068 | सौम्या बर्मन | *****69048 |
| विष्णु गुप्ता | *****80549 | कुसुम रायसिंघानी | *****68321 |
| चंपा बिजलानी | *****50261 | चंद्रेश चावड़ा | *****27783 |
| मीनाक्षी गुप्ता | *****91425 | युवराज सिंह | *****48516 |
| आनंदी भंसाली | *****61664 | मयूर जोबनपुत्रा | *****60360 |
| | | शबाना वोहरा | *****38800 |

नोट: चांदी के सिक्के के लिए 1300/- का गिफ्ट वाउचर दिया जाएगा। यह राशि 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।


## दो मामलों में 1.36 करोड़ से अधिक की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद** | पुलिस ने दो मामलों में 1.36 करोड़ से अधिक की ठगी में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से एक को छह दिन व दूसरे को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-31 निवासी ने दी शिकायत में कहा कि उनका संपर्क ठगों से टेलिग्राम के माध्यम से हुआ। जहां उन्हें बिट कॉइन में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। इसके बाद उन्होंने 1,25,63,268 रुपए ठगों के खातों में भेज दिए। बाद में उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हो गई है तो केस दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रजनीश निवासी गांव तकीपुर जिला सीवान, बिहार हाल दिलशाद गार्डन, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। इसे कोर्ट में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इसी तरह साइबर थाना सेंट्रल में आईपी कालोनी निवासी ने दी शिकायत में कहा कि उनके पास एक कॉल आई। काल करने वाले ने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करने के लिए कहा। फिर उन्होंने 11 लाख रुपए निवेश कर दिए। बाद में उनके कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया गया तो उन्हें ठगी का पता चला।

## बाढ़ से कहीं हालत खराब, तो कहीं थोड़ी-सी राहत



**भास्कर नेटवर्क | भोपाल** | पिछले दिनों लगातार हुई बारिश के कारण प्रदेश के अनेक शहर-कस्बों में बाढ़ की स्थिति बन गई थी। अनेक गांवों और शहरों का संपर्क टूट गया था। गुरुवार को भी कुछ स्थानों पर बाढ़ के हालात बने हुए हैं, तो कहीं नदियों का जलस्तर उतरने से राहत भी मिली है। उधर, बरगी डैम से पानी छोड़े जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। बरगी से पानी छोड़ने के कारण इंदिरा सागर बांध और ओंकारेश्वर बांध से भी पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे नर्मदा नदी उफान पर है। ओंकारेश्वर में सभी घाट डूबे हुए हैं। प्रशासन ने स्नान पर रोक लगा रखी है। सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए हैं।

कोर्ट आदेशों की अनुपालना न होने पर हाईकोर्ट सख्त

## कोर्ट के फैसले लागू करने के लिए बनाई एसओपी पेश करे गृह सचिव : हाईकोर्ट

**शिमला** | हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अदालती आदेशों की अनुपालना समय पर न होने को लेकर राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह न्यायालयों द्वारा पारित निर्णयों को लागू करने के लिए अपनाए जा रहे मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) प्रस्तुत करें। प्रार्थी विजय कुमार ने अनुकंपा आधार पर नियुक्ति देने के हाईकोर्ट के आदेश की अनुपालना हेतु याचिका दायर की है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने गृह सचिव को निर्देश दिया कि अगली तारीख पर न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किए जाने के बाद का मामले से संबंधित संपूर्ण रिकॉर्ड प्रस्तुत करें। मामले की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) से 26 जुलाई 2025 और पुलिस महानिदेशक से 28 जुलाई 2025 को प्राप्त निर्देशों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने इनका अवलोकन करने के पश्चात कहा कि यह निर्देश अस्पष्ट और पिछली तारीखों पर पारित आदेशों के अनुसार मामले का निर्णय करने के लिए आवश्यक जानकारी का खुलासा नहीं करते हैं।

**पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा आधार पर नौकरी मांगी थी:** याचिकाकर्ता ने 12 सितंबर, 2017 के उस आदेश के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसके तहत अनुकंपा नियुक्ति का मामला इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि मामला मृतक/सरकारी कर्मचारी (याचिकाकर्ता के पिता) की मृत्यु की तारीख से तीन साल बाद प्रस्तुत किया गया था।

## अमृतसर में हथियारों के साथ चार गुर्गे गिरफ्तार

**अमृतसर** | पुलिस ने एक नाबालिग समेत 4 गुर्गों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 7 आधुनिक पिस्तौल बरामद किए हैं। सीपी गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपियों की पहचान गांव भगवानपुरा तरनतारन निवासी सिकंदरजीत सिंह (19), अंतरजामी कॉलोनी निवासी प्रदीप सिंह उर्फ बब्बल (43), जरनैल सिंह (34) निवासी न्यू शहीद ऊधम सिंह नगर है। वहीं, एक 17 साल का नाबालिग भी शामिल है। बरामद हथियारों में 2 ग्लॉक पिस्तौल समेत 6 पिस्तौल और 6 जिंदा कारतूस हैं। सीपी ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा कि मुलजिम पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे और अंतरराष्ट्रीय सरहद खेमकरण के पास से हथियारों की खेप हासिल करते हैं।

## पेज एक का शेष...

### अनिल अंबानी को ईडी...

ईडी सूत्रों ने बताया कि जांच मुख्य रूप से 2017-2019 के बीच अंबानी की कंपनियों को यस बैंक से मिले 3,000 करोड़ रु. के ऋण को किसी और काम में इस्तेमाल करने से जुड़ी है। ईडी को सेबी की रिपोर्ट से पता चला कि रिलायंस इंफ्रा. ने सीएलई नाम की कंपनी के जरिए ग्रुप की अन्य कंपनियों को पैसा ट्रांसफर किया और उसे संबंधित पार्टी नहीं बताया। ऐसा शेयरधारकों और ऑडिट पैनल की मंजूरी से बचने के लिए किया गया।

### पत्नी की याचिका....

हालांकि पुलिस ने किसी को भी कोर्ट परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया।

विधिक सहायता से उपलब्ध कराया वकील : नारायण साईं ने फैमिली कोर्ट में पैरवी करने के लिए अपने स्तर से किसी वकील को नियुक्त नहीं किया। निजी स्तर पर वकील की सेवाएं नहीं ले पाने से उसे विधिक सहायता सेल की तरफ से निःशुल्क वकील उपलब्ध करवाया गया।

### कंगना को मानहानि केस...

और उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है। ऐसे में अपने अधिकारों की रक्षा हेतु शिकायत दर्ज करना दुर्भावनापूर्ण नहीं कहा जा सकता।

जानिए क्या था मामला... वर्ष 2021 में किसान आंदोलन के दौरान पोस्ट किया था। कंगना ने बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की रहने वाली 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला किसना महिंदर कौर को 100 रुपये लेकर धरने में शामिल होने वाली महिला बताते हुए ट्वीट किया था। इसके खिलाफ महिंदर कौर ने बठिंडा की कोर्ट में मानहानि की शिकायत की थी। कंगना ने मानहानि मामले में समन करने के आदेश को हाईकोर्ट में याचिका दायर कर खारिज करने की मांग की थी।

## ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व मंत्री का बेटा भगोड़ा घोषित

**मोहाली** | पूर्व वन मंत्री साधु सिंह धर्मसोत के बेटे हरप्रीत सिंह को मोहाली की अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। उस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर रखा है। जांच में सहयोग न करने और बार-बार बुलाने के बावजूद कोर्ट में पेश न होने पर अदालत ने यह फैसला सुनाया है। 28 मार्च को कोर्ट के आदेश पर हरप्रीत के अमलोह (फतेहगढ़ साहिब) स्थित घर, पब्लिक प्लेस और कोर्ट के नोटिस बोर्ड पर इश्तिहार चस्पा किए गए थे जिसमें 30 दिन में कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन इसके बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ। पुलिस की ओर से इश्तिहार चस्पा करने की रिपोर्ट, फोटो और डीडीआर कोर्ट में जमा किए गए थे, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। अब कोर्ट ने अगली कार्रवाई के लिए हरप्रीत की संपत्तियों की डिटेल तलब की है, ताकि सीआरपीसी की धारा 83 के तहत जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

बीयू • विश्वविद्यालय की एडमिशन कमेटी ने भी नहीं दिया ध्यान

# एडमिशन प्रोसेस पर सवाल, मेरिट और कटऑफ लिस्ट जारी नहीं की

एजुकेशन रिपोर्टर | भोपाल

बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) में इस बार अंडर ग्रेजुएट (यूजी) और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्सेस में दाखिले की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह है कि पूरा एडमिशन प्रोसेस शुरू से लेकर अब तक पारदर्शिता से कोसों दूर रहा। यूनिवर्सिटी ने इस बार कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) स्कोर के साथ-साथ नॉन सीयूईटी यानी क्वालिफाइंग एग्जाम की मेरिट के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया है। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि किसी भी राउंड में न तो मेरिट लिस्ट जारी की गई और न ही कटऑफ अंक सार्वजनिक किए गए।

खास बात यह है कि यूनिवर्सिटी की ओर से जारी किए गए काउंसलिंग शेड्यूल में मेरिट लिस्ट और सीट आवंटन की तारीखें स्पष्ट तौर पर निर्धारित की गई थीं। इसके बावजूद सिर्फ सीट आवंटन किया गया, लेकिन मेरिट लिस्ट और कटऑफ अंक की घोषणा नहीं की गई। प्रवेश प्रक्रिया के हर चरण में सिर्फ चयनित छात्रों के नाम ही वेबसाइट पर डिस्प्ले किए गए। बाकी किसी भी छात्र को यह नहीं बताया गया कि प्रवेश की अंतिम मेरिट क्या रही या कटऑफ अंक कितने थे। फिलहाल बीयू में यूजी कोर्सेस में सीयूईटी स्कोर के आधार पर काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है। यूनिवर्सिटी ने इसके लिए 1 अगस्त की तारीख मेरिट लिस्ट जारी करने के लिए तय की है। इसलिए अभी भी वक्त है, यूनिवर्सिटी चाहे तो सीयूईटी आधारित चल रही काउंसलिंग के मौजूदा राउंड से ही पारदर्शिता की शुरुआत कर सकती है।



### जिनमें प्रतिस्पर्धा उनमें भी नहीं आई मेरिट लिस्ट

बीसीए, बीबीए जैसे जिन कोर्सेस में प्रतिस्पर्धा ज्यादा रही, उनमें भी यूनिवर्सिटी ने यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की कि एडमिशन किन छात्रों को मिला और कितने अंक वाले छात्र रह गए। इस वजह से कई छात्र ऐसे भी रहे जिन्होंने सिर्फ इस डर से आवेदन नहीं किया कि उनके अंक कम हैं, और शायद उनका चयन नहीं हो पाएगा। जबकि यूनिवर्सिटी के अधिकांश कोर्सेस में सीटें खाली की खाली रह गईं। एडमिशन कमेटी की चेयरपर्सन (एडमिशन इंचार्ज) समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. रुचि घोष का कहना है कि जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ है उनको भी मैसेज किया जाता है कि उन्हें एडमिशन क्यों नहीं मिल पाया। हालांकि हकीकत कुछ और है। यह सूचना सिर्फ सिलेक्टेड छात्रों को भेजी जाती है। सभी विभाग अपने स्तर पर लिस्ट जारी करते हैं।

## सोहना में तैयार किया जा रहा बड़ा बिजली नेटवर्क, हो चुका भूमि का चयनः विधायक

भास्कर न्यूज | सोहना



सोहना विधानसभा क्षेत्र के 66 केवी पावर हाउस में स्थापित नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रीय विधायक तेजपाल तंवर ने कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। आने वाले समय में क्षेत्र में एक अत्याधुनिक पावर हाउस की स्थापना की जाएगी, जिससे क्षेत्र में विद्युत कटौती की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

इस अवसर पर विधायक ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा सोहना में एक बड़ा बिजली नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया है। इस नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से चली आ रही अघोषित बिजली कटौती की समस्या में इस ट्रांसफारमर के चालू होने से कमी आएगी। वहीं, दूर-दराज के गांवों में भी बिजली की उपलब्धता में सुधार होगा। लंबी विद्युत लाइनों के कारण आने वाली बाधाओं को भी अब कम किया जाएगा।

विधायक तंवर ने यह भी स्वीकार किया कि वर्तमान में सोहना में बिजली विभाग के कर्मचारियों की संख्या कम है, परंतु शीघ्र ही इस कमी को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया, एसडीओ मुकेश गोड़, बीजेपी ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ सिंगला, पार्षद कपिल सैनी मौजूद थे।

## 25 दिन लिव इन में रही, बाद में ज्यादती का केस दर्ज

भास्कर संवाददाता | इंदौर

25 दिन तक युवती सहमति से युवक के साथ रही। दोनों में विवाद हुआ तो उसने युवक के खिलाफ ज्यादती का केस दर्ज करवा दिया। उसने खुद को नाबालिग बताया, जबकि उसकी उम्र को लेकर संशय है। लसूड़िया पुलिस ने भी बगैर जांच किए युवक पर पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। युवक विशाल की ओर से अधिवक्ता वरुण रावल ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की। उल्लेख किया कि लसूड़िया पुलिस ने सीधे अपहरण और ज्यादती की धाराओं में केस दर्ज कर लिया, जबकि युवती के साथ युवक की लंबे समय से पहचान थी। वह सहमति से युवक के साथ लिव इन में रह रही थी। धारा 183 के बयान में भी उसने यह बात कही है। युवक दिसंबर से जेल में है। ट्रायल में भी लंबा समय लगेगा। वहीं, पुलिस की ओर से याचिका का विरोध किया गया। कोर्ट ने फैसले में कहा, केस डायरी का अवलोकन और आवेदक के वकील द्वारा उठाए तर्कों से कोर्ट सहमत है। इस कोर्ट की राय में आवेदक की कुछ शर्तें स्वीकार किए जाने योग्य हैं।


भास्कर CLASSIFIED

आवश्यकता
APPOINTMENT

डॉक्टर
Shri Krishan Hospital Dausa (Rajasthan) require Physician (up to 500000) Ophthalmologist, Gynaecologist, Dentist, Physiotherapist, MBBS, MBA, Contact: 9414708697/ 9460563903

अन्य
ATM, Banks, MNC, Airport: भूतपूर्व सैनिक चाहिए मेजर,कैप्टन, सूबेदार 55000, ITBP, CRPF, BSF, गनमैन PSO 38000, हवलदार, सिपाही कांस्टेबल नायक 40000, 8699575503




भास्कर CLASSIFIED से मेरे मकान के लिए मुझे मिला सही किरायेदार

दैनिक भास्कर क्लासीफाइड में विज्ञापन बुकिंग का सबसे सरल माध्यम

BhaskarAd.com
बनाए विज्ञापन बुकिंग आसान

• घर बैठे ऐड बुकिंग
• आसान ऑनलाइन पेमेंट

9772019222

अब आप क्लासीफाइड, वैवाहिकी, शोक संदेश और जाहिर सूचना के विज्ञापन भी सीधे बुक कर सकते हैं

प्रॉपर्टी
PROPERTY

मल्टी प्रॉपर्टी

Invest With Us & Save Income Tax Buy Home, Villa or Office in Dubai. 77425 60370 BhaskarAd.com

सर्विसेस
SERVICES

लोन फायनेंस
लोन धमाका ऑफर(श्रीबालाजी फाइनेंस) 1965 से Regd (50,000-95,00,000), मार्कशीट, ग्रुपलोन, प्रोपर्टी, दुधडेरी, पर्सनल, बिजनेस, आधारकार्ड, राशनकार्ड, BPL, पशुपालन, मॉर्गेज लोन (ब्याज-1%, छूट-60%) कम कागजी कार्यवाही(महिलाओं/ किसानों को विशेष ऑफर),सिबिल खराब लोन पाये (एजेंट आमंत्रित)संपर्क:-आरती शर्मा:- 9599213674, 9599213783

एजुकेशन
EDUCATION

Study Abroad
यूके स्टडी वीज़ा 2025! सभी भुगतान वीज़ा के बाद ही। बिना IELTS भी अवसर। सीमित सीटें, आज ही संपर्क करें: mob 95925-26088 | 77079-96088

ज्योतिष
ASTROLOGY

ज्योतिष

फीस नहीं ईनाम लूंगा। पंडित रविशंकर (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, प्रेमविवाह। घर बैठे सभी समाधान #7055429792

सूफीजी खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे समाधान लव मैरिज, मनचाहा प्यार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 90683-87770

टूर्स एंड ट्रेवल्स
TOURS & TRAVELS

इमीग्रेशन
कनाडा,ऑस्ट्रेलिया,न्यूज़ीलैंड यूरोप देश का Study Visa, Visit to work visa apply करें Gov. Reg.Company .Contact 7056655523

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.

## बिज़नेस ब्रीफ

### कारखानों की रफ्तार 16 माह में सबसे तेज

**मुंबई|** देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियां जुलाई में 16 माह की तेज रफ्तार से बढ़ीं। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई बढ़कर 59.1 हो गया, जो मजबूत मांग को दर्शाता है। बिक्री में लगभग 5 साल की सबसे तेज बढ़ोतरी हुई। उत्पादन भी 15 माह के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। मैन्युफैक्चरर्स सेंटिमेंट 3 साल के निचले स्तर पर है। प्रतिस्पर्धा और बढ़ती महंगाई चिंता का कारण है।

### एनएसडीएल आईपीओ अंतिम दिन 41 गुना भरा

**मुंबई|** एनएसडीएल का आईपीओ अंतिम दिन 41 गुना सब्सक्राइब हुआ। 4,011 करोड़ रुपए के इश्यू के जरिये कंपनी ने 3.51 करोड़ शेयर बेचने की पेशकश की थी, पर इसे निवेशकों से 144.08 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का हिस्सा 103.97 गुना और बड़े निवेशकों का हिस्सा 34.98 गुना सब्सक्राइब हुआ। कर्मचारियों का हिस्सा 15.39 गुना भरा।

### आईटीसी का लाभ 5% बढ़कर 5,343 करोड़

**मुंबई|** एफएमसीजी दिग्गज आईटीसी का लाभ बीते साल के मुकाबले 4.9% बढ़कर 5,343 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू सालाना आधार पर 20% बढ़कर 23,129 करोड़ हो गया। यह वृद्धि आईटीसी इन्फोटेक, सूर्या नेपाल और आईटीसी होटल्स जैसी समूह की कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन के कारण हुई। यह प्रदर्शन बाजार की उम्मीदों से बेहतर है, जो कंपनी के लिए सकारात्मक संकेत है।

### यूपीआई लेनदेन 25 लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली|** जुलाई में यूपीआई लेनदेन संख्या जून से 6% बढ़कर 1947 करोड़ हो गई। मूल्य के लिहाज से ये आंकड़ा 25.08 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। ये जून की तुलना में 4% ज्यादा है। एनपीसीआई के आंकड़ों के मुताबिक जून में 24.04 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 1840 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए थे। जुलाई में 48.2 करोड़ आईएमपीएस लेनदेन हुए, जो जून के 44.8 करोड़ लेनदेन से 8% ज्यादा है।

### एनएसई ने 40 करोड़ में विवाद सुलझाया

**मुंबई|** एनएसई के आईपीओ की राह आसान हो गई है। कंपनी ने सेबी के साथ एक सेटलमेंट केस को 40.35 करोड़ का भुगतान करके सुलझा लिया है। सेबी ने शुक्रवार को इस संबंध में सेटलमेंट ऑर्डर जारी किया। यह समझौता फरवरी 2021 से मार्च 2022 के बीच सामने आई कुछ खामियों से जुड़ा था। अब आईपीओ के रास्ते में को-लोकेशन केस बाधा है। इसे सुलझाने के लिए 1,400 करोड़ का सेटलमेंट प्रस्ताव दिया है।

### अमेरिकाः 73 हजार नई नौकरियां, बेरोजगारी बढ़ी

**वॉशिंगटन|** जुलाई महीने में अमेरिका में 73 हजार नई नौकरियां मिलीं, लेकिन बेरोजगारी दर बढ़कर 4.2% हो गई। जनवरी से अब तक 84,000 सरकारी नौकरियां कम हुई हैं। पहली बार नौकरी की तलाश करने वालों की संख्या में 2.75 लाख की बढ़ोतरी हुई, जिससे कुल बेरोजगारों की संख्या 72 लाख पहुंच गई। 27 हफ्तों या उससे ज्यादा समय से बेरोजगार लोगों की संख्या भी 1.8 लाख बढ़कर 18 लाख हो गई है।

---

**भास्कर एनालिसिस** सेंसेक्स 586 अंक टूटकर 80,599 पर, स्मॉलकैप 1.6% टूटा

# बाजार में चार माह से जारी बढ़त पर लगा ब्रेक, जुलाई में 3.3% टूटा सेंसेक्स

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

शेयर बाजार में शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 586 अंक (0.72%) गिरकर 80,599 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 203 अंक (0.82%) टूटकर 24,565 पर पहुंच गया। निफ्टी लगातार पांचवें हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ, जो अगस्त 2023 के बाद सबसे लंबी गिरावट है। इसी के साथ मार्च से जून तक लगातार 4 महीने से हो रही बढ़त का सिलसिला टूट गया। इस गिरावट के पीछे कई बड़े कारण रहे, जिनमें अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए नए टैरिफ, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे हैं। एसबीआई सिक्योरिटीज के टेक्निकल एंड डेरिवेटिव्स रिसर्च के हेड सुदीप शाह के मुताबिक, यह साफ संकेत देता है कि बाजार में अभी कमजोरी है। मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में भी भारी बिकवाली हुई है, जिससे इन सेगमेंट में निवेश करने वाले निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। तकनीकी रूप से निफ्टी अपने कई अहम औसत से नीचे है, जो आगे और गिरावट का संकेत दे रहा है।

**5 हफ्ते में 3,006 अंक टूटा सेंसेक्स, मार्केट कैप 16.6 लाख करोड़ घटा**




- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में करीब 47,667 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।
- निवेशकों को इस हफ्ते बाजार में 8.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।
- बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप इस हफ्ते (28 जुलाई-1 अगस्त) को घटकर 4,44,52,563 करोड़ रुपये रह गया।
- पूरे हफ्ते दोनों बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 1.1% गिरे। इस दौरान 16 मुख्य सेक्टर्स में से 14 सेक्टर गिरावट में रहे।
- आईटी सेक्टर शुक्रवार को 1.9% गिर गया और पूरे सप्ताह सेक्टर में 2.7% की गिरावट दर्ज की।
- फार्मा सेक्टर में शुक्रवार को 3.3% की गिरावट दिखी। यह सप्ताह भर में 2.9% गिर गया। सन फार्मा का शेयर शुक्रवार को 4.5% नीचे आया।

**तिमाही नतीजों ने मार्केट सेंटिमेंट कमजोर किया** पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों के नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे हैं। इससे निवेशकों को लग रहा है कि शेयरों की मौजूदा कीमतें बहुत ज्यादा हैं। इस वजह से बाजार जून के बाद से एक ही दायरे में है। एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि साल के दूसरे हिस्से में कमाई बेहतर हो सकती है, लेकिन यह आर्थिक स्थिति और टैरिफ पर निर्भर करेगा।

---

**भास्कर कॉन्क्लेव** • विशेषज्ञों ने कहा- छोटे शहरों में संयुक्त उद्यम महत्वपूर्ण

# रियल एस्टेट निवेशक रिस्क लेने को तैयार, प्रीमियम सेगमेंट में 30% ग्रोथ की उम्मीद

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

दैनिक भास्कर रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में देशभर से पहुंचे रियल एस्टेट डेवलपर्स को विशेषज्ञों ने 'रियल एस्टेट ग्रोथ की अगली लहर' के जरिए क्षेत्र में सफलता पाने के मंत्र दिए। नमन बिल्डर्स के चेयरमैन जयेश शाह ने डेवलपर्स को वित्तीय अनुशासन पर जोर देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कर्ज-इक्विटी अनुपात 1:1 रखना सबसे सुरक्षित है। शाह ने जोखिम प्रबंधन और मजबूत वित्तीय आधार को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने टियर 2 व टियर 3 शहरों में सफल होने के लिए शहरों को समझने और संयुक्त उद्यमों के महत्व पर जोर दिया। अजमेरा रियल्टी के एमडी धवल अजमेरा ने पारदर्शिता व चरणबद्ध विकास को अहम बताया।

दैनिक भास्कर समूह के प्रमोटर डायरेक्टर गिरीश अग्रवाल ने बताया कि भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र वर्तमान में देश की जीडीपी में करीब 7% योगदान देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2030 तक यह बढ़कर 12% तक पहुंच जाएगा, जिससे यह क्षेत्र 1 ट्रिलियन डॉलर का उद्योग बन जाएगा। उन्होंने क्रिसिल के विश्लेषण का हवाला देते हुए कहा कि अगले तीन वर्षों में रियल एस्टेट के लग्जरी और प्रीमियम सेगमेंट में 30-35% की उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है।

एचडीएफसी कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ विपुल रूंगटा ने कहा कि भारत अब ज्यादा रिस्क कैपिटल वाला देश बन गया है। इसका सीधा फायदा उन डेवलपर्स को मिल रहा है, जिनका कॉर्पोरेट प्रशासन मजबूत है। रियल एस्टेट अब कोई आम चीज नहीं रही, बल्कि खास उत्पाद बन गया है। ट्रस्ट ग्रुप के उत्पल शेठ ने डेवलपर्स से कहा कि वे अपने काम करने के तरीके और कॉर्पोरेट प्रशासन को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि अगर साख अच्छी होगी तो ब्याज दरें कम होंगी, जिससे प्रोजेक्ट की लागत घटेगी।

बुकफील्ड के रचित कोठारी और ब्लैकस्टोन के श्रवण शर्मा ने रीट्स पर बात की। उन्होंने बताया कि 100-200 करोड़ की कमर्शियल प्रॉपर्टी या 30-50 करोड़ सालाना किराए वाला मॉल रीट्स में आ सकता है। कोटक महिंद्रा बैंक के कार्थी मार्शन ने ब्रांडिंग की ताकत पर जोर दिया। कॉन्क्लेव में भोपाल, रायपुर और दूसरे शहरों के सफल डेवलपर्स ने बताया कि अच्छी ब्रांडिंग से उन्हें अपने शहरों में बड़ी सफलता मिली, जिससे छोटे शहरों में भी रियल एस्टेट के नए रास्ते खुले हैं।




कॉन्क्लेव में बाएं से- उत्पल शेठ (फाउंडर, ट्रस्ट ग्रुप) अंकुर मिश्रा (मॉडरेटर, ईटी नाउ) और विपुल रूंगटा (एमडी, एचडीएफसी कैपिटल)।

---

**रिजल्ट** • मुनाफा 13.5% और आय भी 5.7% घटी

# पहली बार अदाणी पावर का शेयर पांच हिस्सों में बंटेगा

बिज़नेस संवाददाता | मुंबई

अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी पावर ने अपने शेयरों को पांच छोटे टुकड़ों में बांटने यानी स्टॉक स्प्लिट करने का ऐलान किया है। कंपनी ने बताया कि उसके बोर्ड ने 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले हर शेयर को 2 रुपए के फेस वैल्यू वाले 5 शेयरों में बांटने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यानी जिन शेयरधारकों के पास अदाणी पावर के 100 शेयर होंगे, वे स्टॉक स्प्लिट के बाद 500 हो जाएंगे। कंपनी के इतिहास में ऐसा पहली बार है, जब वह अपने शेयरों को विभाजित यानी स्टॉक स्प्लिट कर रही है। रिकॉर्ड डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा।

अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी के आधार पर न सिर्फ इसका मुनाफा घटा, बल्कि आय में भी गिरावट आई है। शुक्रवार को जारी नतीजों के मुताबिक बीती तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 13.5% घटकर करीब 3,385 करोड़ रु. रह गया। यह पिछले साल समान तिमाही में 3,913 करोड़ रु. था। वहीं, आय 5.7% घटकर 14,109 करोड़ रु. रही। यह 2024 की समान तिमाही में 14,956 करोड़ रु. थी।

**क्यों घटा मुनाफा?**

- कंपनी को बिजली बिक्री से कम दरें मिलीं। हाल में किए अधिग्रहणों से ऑपरेटिंग कॉस्ट बढ़ी।
- आयातित कोयले की कीमतों में बदलाव से आय प्रभावित हुई। बिजली उत्पादन क्षमता का उपयोग 78% से घटकर 67% रह गया।
- बिजली की मांग में 1.6% की गिरावट आई आईईएक्स पर एवरेज मार्केट क्लीयरिंग प्राइस 16% घटकर 4.41/केडब्ल्यूएच रह गई।

**बीएसई पर 3.5% नुकसान में बंद हुआ शेयर**

बीएसई पर अदाणी पावर के शेयर 3.52% नुकसान के साथ 566.75 रु. पर बंद हुए। ट्रेडिंग के दौरान शेयर ने 3.97% गिरकर 564.10 रु. का दिन का निचला स्तर भी छुआ। अदाणी पावर का शेयर पिछले साल 1 अगस्त 2024 को 52 हफ्तों के हाई 752.15 रु. पर था। 21 नवंबर 2024 तक यह 42.72% फिसलकर 430.85 पर आया, जो 52 हफ्तों का निचला स्तर है।

---

**शाही नीलामी : महारानी एलिजाबेथ की रेंज रोवर होगी नीलाम, कीमत 10 गुना बढ़ने की उम्मीद**




**लंदन|** दिवंगत महारानी एलिजाबेथ की एक पुरानी कार नीलाम होने जा रही है। यह 2006 मॉडल की सुपरचार्ज्ड रेंज रोवर वी8 है। उम्मीद है कि शाही पहचान की वजह से इसकी कीमत 18 लाख रुपए से दस गुना हो सकती है। यह कार 2006 से 2008 तक दो साल तक महारानी के लिए खास तौर पर इस्तेमाल की गई थी। इसमें महारानी के पालतू पेट्स कॉर्गी को सुरक्षित रखने के लिए पीछे डॉग गार्ड लगाया गया था।

# जेन स्ट्रीट जांच में सहयोग नहीं कर रही

बिज़नेस संवाददाता | मुंबई

अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट भारतीय आयकर विभाग की जांच में सहयोग नहीं कर रही है। कंपनी के सर्वर भारत के बाहर हैं और उन तक पहुंच रोकी जा रही है। अकाउंट बुक्स भी विदेश में रखी जा रही हैं, जबकि कंपनी कानून के अनुसार इन्हें भारत में ही रखना अनिवार्य है। मामले से करीबी तौर पर जुड़े अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया की कंपनी के पास भारत में सिर्फ नाममात्र का स्टाफ है, जो जांच में सहयोग नहीं कर रहा। यह घटनाक्रम जेन स्ट्रीट की भारतीय ट्रेडिंग पार्टनर नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट के मुंबई परिसर में आयकर सर्वे के एक दिन बाद आया है। सेबी ने 3 जुलाई को अपने एक अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट ग्रुप पर प्रतिबंध लगा दिया था। आरोप है कि इस ग्रुप ने बैंक निफ्टी इंडेक्स में हेरफेर कर करीब 42 हजार करोड़ रु. का तगड़ा मुनाफा कमाया। इस बड़े मुनाफे के लिए ग्रुप ने 7,688 करोड़ रु. का घाटा भी उठाया। सेबी ने जेन स्ट्रीट ग्रुप से 4,843.57 करोड़ रु. एस्क्रो खाते में जमा करने को कहा था। जेन स्ट्रीट ने 21 जुलाई को एस्क्रो खाते में 4,843.57 करोड़ रु. जमा कराए थे।

---

**ऑटो** • जुलाई में चार पहिया बिक्री सुस्त पड़ी

# महिंद्रा कार बिक्री 20% बढ़ी, टाटा की 12% घटी

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

शुक्रवार को कार कंपनियों ने डीलर्स को जुलाई माह में डिस्पैच की गई कारों के आंकड़े जारी किए। आमतौर पर मानसून में कम बिक्री का रुझान बीते माह भी देखने को मिला। देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता टाटा मोटर्स ने घरेलू बाजार में बीते माह 39,521 कारों की डीलर्स को सप्लाई की। इसमें इलेक्ट्रिक कारें भी हैं। ये जुलाई 2024 में बेची गई 44,725 कारों की तुलना में 12% की गिरावट है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बीते माह 49,871 कारें बेचीं। ये बीते साल से करीब 20% ज्यादा है। ह्युंडई मोटर इंडिया की बिक्री सालाना आधार पर 10% घटी है। टोयोटा किर्लोस्कर की घरेलू बिक्री बीते माह सालाना आधार पर 1.27% घटकर 29,159 रही। एमजी मोटर्स की बिक्री 46% बढ़कर 6,678 हो गई।

**ह्युंडई की बिक्री 10% घटी, किआ की 8% बढ़ी**

| कंपनी | 2024 | 2025 | अंतर |
|---|---|---|---|
| मारूति सुजुकी | 1,37,463 | 1,37,776 | 0.23% |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 41,623 | 49,871 | 19.82% |
| ह्युंडई मोटर इंडिया | 49,013 | 43,973 | -10.28% |
| टाटा मोटर्स | 44,725 | 39,521 | -11.64% |
| टोयोटा किर्लोस्कर | 29,533 | 29,159 | -1.27% |
| किआ मोटर्स | 20,507 | 22,135 | 7.94% |



(कंपनियों द्वारा घोषित बिक्री के आंकड़ों के आधार पर)

# बड़े आईपीओ में रिटेल कोटा 35 से घटाकर 25% करने की तैयारी

बिज़नेस संवाददाता | मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने बड़े आईपीओ के नियमों में अहम बदलाव का प्रस्ताव रखा है। अब 5,000 करोड़ रु. से ज्यादा के आईपीओ में संस्थागत निवेशकों का हिस्सा मौजूदा 50% से बढ़ाकर 60% किया जाएगा। वहीं, रिटेल निवेशकों का कोटा 35% से घटाकर 25% कर दिया जाएगा।

सेबी ने जारी कंसल्टेशन पेपर में कहा है कि उसने यह सिफारिश बाजार की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए की है, जहां म्यूचुअल फंड्स से भारी निवेश आ रहा है और आईपीओ का आकार भी बढ़ा हो रहा है। इक्विटी में रिटेल निवेशकों की सीधी भागीदारी कमजोर रही है। हाल ही के बड़े आईपीओ में रिटेल हिस्से का कम बिकना यह दर्शाता है। मसलन, ह्युंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रु. के आईपीओ में रिटेल कोटे का केवल 40% हिस्सा ही बिका। वहीं, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के 8,750 करोड़ रु. के आईपीओ में रिटेल निवेशकों की हिस्सेदारी सिर्फ 10% रही।

**एंकर निवेशक में बीमा कंपनी पेंशन फंड भी**

सेबी ने एंकर निवेशक फ्रेमवर्क के भी विस्तार का प्रस्ताव किया है। इसमें फंड के साथ-साथ बीमा कंपनियों और पेंशन फंड्स भी शामिल होंगे। इन एंकर निवेशकों के लिए रिजर्व हिस्से को 30% से बढ़ाकर 40% करने का प्रस्ताव है। इस 40% में से एक तिहाई हिस्सा म्यूचुअल फंडों के लिए रहेगा, 7% बीमा कंपनियों और पेंशन फंड्स आवंटित किया जाएगा।

---

**इकोनॉमी में मजबूती के संकेत**

# जीएसटी संग्रह 7.5% बढ़ा, ₹1.96 लाख करोड़ पहुंचा

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत हैं। जुलाई में जीएसटी कलेक्शन सालाना आधार पर 7.5% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया। मासिक आधार पर भी जुलाई के कलेक्शन में करीब 6.5% की वृद्धि हुई है। इस साल जून में 1.84 लाख करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्शन हुआ था। घरेलू राजस्व 6.7% बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि इंपोर्ट टैक्स 9.5% बढ़कर 52,712 करोड़ रुपए हो गया। जुलाई में जीएसटी रिफंड बीते साल की तुलना में 67% बढ़कर 27,147 करोड़ हो गया। रिफंड घटाने के बाद जुलाई 2025 में नेट जीएसटी कलेक्शन 1.69 लाख करोड़ रहा, जो बीते साल जुलाई की तुलना में 1.7% ज्यादा है। वहीं इंडिया के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल के मुताबिक अस्थायी गिरावट के बावजूद, समग्र रुझान स्थिर उपभोग पैटर्न और अर्थव्यवस्था की निरंतर वृद्धि दर को दर्शाता है।

**5 साल के एक्सटेंशन को मंजूरी**

# एन. चंद्रशेखरन टाटा संस के चेयरमैन 2030 तक बने रहेंगे

बिज़नेस संवाददाता | मुंबई

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को उनके शानदार नेतृत्व के लिए 5 साल का एक और कार्यकाल दिया गया है। इस फैसले के बाद वह 2030 तक टाटा संस की कमान संभालते रहेंगे। यह निर्णय सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट जैसे प्रमुख ट्रस्टों की सहमति से लिया गया है। टाटा ट्रस्ट्स का मानना है कि यह कदम नेतृत्व में स्थिरता लाएगा और समूह की लगातार वृद्धि सुनिश्चित करेगा। जल्द ही टाटा संस का बोर्ड भी इस प्रस्ताव को औपचारिक मंजूरी दे देगा। जनवरी 2017 में चेयरमैन का पद संभालने के बाद से, उनकी अगुआई में टाटा समूह का राजस्व लगभग दोगुना हो गया है, जबकि नेट प्रॉफिट तीन गुना तक पहुंच गया है। उन्होंने टाटा समूह को कई नए क्षेत्रों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। वह टाटा समूह के पहले गैर-पारसी चेयरमैन हैं।

**हितों में टकराव के चलते उठाया कदम**

# रैपिडो में 12 फीसदी शेयर बेचने जा रही है स्विगी

बिज़नेस संवाददाता | बेंगलुरु

ऑनलाइन फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी ने राइड हेलिंग कंपनी रैपिडो में अपनी हिस्सेदारी बेचने की मंशा जताई है। शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में स्विगी मैनेजमेंट ने कहा कि चूंकि रैपिडो भी अब फूड डिलीवरी सेक्टर में उतर रही है, इसलिए वह अपने निवेश का पुनर्मूल्यांकन कर रही है। हम उनकी सफलता और वैल्यू-क्रिएशन से बेहद खुश हैं; लेकिन भविष्य में पैदा होने वाले संभावित हितों के टकराव को भी स्वीकार करते हैं। स्विगी ने 2022-23 में रैपिडो में 950 करोड़ रुपए से करीब 15.10% हिस्सेदारी हासिल की थी। हालांकि बाद में रैपिडो का वैल्यूएशन बढ़ने और अन्य स्रोतों से फंडिंग हासिल करने के बाद स्विगी की हिस्सेदारी 12.02% हो गई है। लेकिन कंपनी के अनुसार इस हिस्सेदारी का मूल्य बीते 2-3 वर्षों में 10.42% बढ़कर करीब 1049 करोड़ रुपए हो गया है।

---

**बिज़नेस एंकर** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दौड़ में सबसे आगे रहने की होड़ से पूंजी खर्च रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

# दिग्गज टेक कंपनियां एआई पर इस साल 30 लाख करोड़ रु. खर्च करेंगी, पिछड़ने के डर से अरबों का कर रहीं निवेश

एजेंसी | न्यूयॉर्क

दुनिया की सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर बड़ा दांव खेल रही हैं। पिछड़ने के डर के कारण ये कंपनियां इस साल एआई से जुड़े प्रोजेक्ट्स 344 अरब डॉलर (30 लाख करोड़ रु.) से ज्यादा खर्च करने वाली हैं। हाल के दो हफ्तों में जारी इन कंपनियों की खर्च योजनाओं से साफ है कि वे इस दौड़ में किसी भी कीमत पर पीछे नहीं रहना चाहतीं।

माइक्रोसॉफ्ट ने पिछली तिमाही में 24.2 अरब डॉलर (2.1 लाख करोड़ रु.) का पूंजी खर्च का रिकॉर्ड बनाया था। अब वह 30 अरब डॉलर (2.6 लाख करोड़ रु.) से अधिक खर्च करने की योजना बना रही है। अमेजन ने भी अप्रैल-जून तिमाही में 31.4 अरब डॉलर (2.7 लाख करोड़ रु.) खर्च किए, जो एक साल पहले के खर्च का लगभग दोगुना है। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक ने इस साल के लिए अपने पूंजी खर्च का अनुमान बढ़ाकर 85 अरब डॉलर (7.4 लाख करोड़ रु.) कर चुकी है। मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने भी 2025 के लिए अपने पूंजी खर्च के अनुमान की निचली सीमा को बढ़ाया है। कंपनी ने अनुमान है कि अगले साल लागत और भी तेजी से बढ़ेगी।




**एआई की बदौलत विज्ञापन से कमाई में मेटा आगे**

मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन में उसके विज्ञापन सिस्टम में एआई की दक्षता का लाभ मिला है। कंपनी टॉप-एआई रिसर्चर्स को करोड़ों डॉलर के पैकेज देकर आकर्षित कर रही है। हाल में इसने इंटरनल एआई डिवीजन को 'मेटा सुपरइंटेलिजेंस लैब्स' के रूप में रीस्ट्रक्चर किया है। इसका लक्ष्य मानव-स्तर की एआई क्षमताओं का निर्माण करना है।

ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के विश्लेषक मनदीप सिंह के अनुसार, इन टेक कंपनियों ने एआई के कारण क्लाउड में पूंजी निवेश लगभग तिगुना कर दिया है। कंपनियों के अधिकारी जल्द से जल्द निवेश कर कमाई में बढ़त हासिल करने पर जोर दे रहे हैं। अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक एआई में निवेश ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जरूरी है। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने एआई निवेश को सीधे अपने एज्योर क्लाउड-कम्प्यूटिंग डिवीजन की बिक्री में 39% की वृद्धि से जोड़ा, जो विश्लेषकों के अनुमान से आगे था। माइक्रोसॉफ्ट की सीएफओ एमी हुड ने कहा कि उन्हें टीमों से जल्द से जल्द और प्रभावी ढंग से क्षमता स्थापित करने की उम्मीद है। मेटा की सीएफओ सुसान ली ने बताया कि उनके पूंजी खर्च का लक्ष्य 'सर्वश्रेष्ठ एआई मॉडल विकसित करना' है' बढ़त हासिल करना है।

### गूगल ने रियल मनी गेम्स के लिए अनुमति मांगी

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

गूगल ने भारत में रियल मनी गेम्स को अपने प्ले स्टोर पर अनुमति देने का प्रस्ताव किया है। यह कदम प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया गया है। नवंबर 2024 में विन्जो गेम्स की शिकायत पर सीसीआई ने गूगल के खिलाफ जांच शुरू की थी। गूगल ने अब सीसीआई के सामने यह प्रस्ताव रखा है। इसके तहत, गूगल अब सभी तरह के रियल मनी गेम्स को प्ले स्टोर पर उपलब्ध कराएगी, जो भारतीय कानूनों के अनुसार वैध होंगे। अभी तक केवल चुनिंदा डीएफएस (डेली फैंटेसी स्पोर्ट्स) और रमी एप्स को ही पायलट प्रोग्राम के तहत अनुमति थी, जिससे छोटे डेवलपर्स को नुकसान हो रहा था। गूगल ने विज्ञापन नीति में भी बदलाव का सुझाव दिया है।

# केंद्र ने शुरू की आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया

**अक्टूबर-दिसंबर में आमंत्रित होंगी बोलियां**

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

सरकारी नियंत्रण वाले आईडीबीआई बैंक का निजीकरण जल्द ही शुरू होने वाला है। सरकार चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) में इसके लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित कर सकती है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने शुक्रवार को एक चुनिंदा मीडिया ब्रीफिंग में यह घोषणा की। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) द्वारा बोलियां आमंत्रित की जाएंगी। दीपम सचिव ने कहा कि 'आईडीबीआई बैंक के लिए सभी इच्छुक पक्षों की छानबीन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। डेटा रूम प्रोटोकॉल पूरे कर लिए गए हैं। औपचारिक परामर्श हो चुके हैं।' वित्तीय बोलियां आने और सफल बोलीदाता के चयन के बाद, इसे अंतिम और व्यापक 'उपयुक्त और उचित' मंजूरी के लिए आरबीआई को भेजा जाएगा।

**2022 में शुरू हुई थी प्रक्रिया**

सरकार ने अक्टूबर, 2022 में एलआईसी के साथ मिलकर कुल 60.72% (भारत सरकार की 30.48% प्रतिशत और एलआईसी की 30.24%) हिस्सेदारी बेचकर आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए निवेशकों से रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे।

**फुटबॉल** • 40 साल के सुनील छेत्री की कप्तानी वाली भारतीय पुरुष टीम को कोचिंग देंगे 48 वर्षीय जमील, 16 साल का अनुभव

# खालिद जमील: 13 साल बाद भारतीय फुटबॉल को मिला देसी कोच

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल को 13 साल बाद देसी कोच मिला है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को खालिद जमील को सीनियर पुरुष नेशनल टीम का हेड कोच नियुक्त किया। अब 48 साल के जमील 40 साल के सुनील छेत्री की कप्तानी वाली टीम को ट्रेनिंग देंगे। जमील मौजूदा समय में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब जमशेदपुर एफसी के कोच हैं। जमील दो-तीन साल तक पद पर रह सकते हैं। इससे पहले भारत के लिए आखिरी घरेलू कोच सावियो मेडेइरा थे, जो 2011 से 2012 तक इस पद पर रहे थे। जमील एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा धारक हैं। अब वे स्पेनिश कोच मैनोलो मार्केज की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद छोड़ा था।



स्पेन के मार्केज की जगह लेंगे जमील

**पेशेवर करियर: भारतीय टीम से 40 मुकाबले खेले; बतौर खिलाड़ी और कोच देश की टॉप लीग जीती**

कुवैत में जन्मे जमील ने देश की टॉप लीग एक बार खिलाड़ी के रूप में (महिंद्रा यूनाइटेड, 2005) और एक बार कोच के रूप में (आइजॉल एफसी, 2017) जीती है। जमील ने भारतीय टीम की ओर से 40 मैच खेले। उन्होंने साल 2009 में चोट की वजह से संन्यास ले लिया और फुटबॉल मैनेजमेंट में आगे बढ़े। जमील ने अपने 16 साल लंबे कोचिंग करियर में आई-लीग, आई-लीग 2 और इंडियन सुपर लीग तीनों स्तरों पर ट्रेनिंग दी है। जमील ने कोचिंग की शुरुआत मुंबई एफसी से की थी। इसके बाद मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, आइजॉल एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड, जमशेदपुर जैसे भारत के शीर्ष क्लबों की कमान संभाली। वे आईएसएल में स्थायी कोच नियुक्त होने वाले पहले भारतीय हैं।

**नए कोच की पहली चुनौती: नेशंस कप में चैम्पियन ईरान से सामना**

- जमील को अपने पहले ही टूर्नामेंट में कठिन चुनौती का सामना करना होगा। इस महीने के अंत में भारत को सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन नेशंस कप में हिस्सा लेना है।
- टूर्नामेंट में भारतीय टीम डिफेंडिंग चैम्पियन ईरान और 2023 एशियन कप क्वार्टर फाइनलिस्ट ताजिकिस्तान जैसी मजबूत टीमों से भिड़ेगी। भारत फिलहाल फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर है और यह टूर्नामेंट फीफा विंडो के बाहर खेला जाएगा।
- नेशंस कप टूर्नामेंट की खास बात यह है कि हर मैच के लिए नई टीम चुनने की अनुमति है। इसका फायदा खालिद जमील को खिलाड़ियों की व्यापक परख और नए संयोजन आजमाने में मिलेगा।

**भारतीय फुटबॉल की स्थिति: खराब वित्तीय हालात, निराशाजनक खेल**

- भारतीय फुटबॉल के वित्तीय हालात ने भी जमील को कोच बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। एआईएफएफ की आय 2023 के 137.74 करोड़ रुपए से घटकर 2024 में 110.5 करोड़ रह गई। साथ ही फेडरेशन को पूर्व कोच इगोर स्टिमैक का कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने के लिए करीब साढ़े 3 करोड़ चुकाने पड़े। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेनिश कोच मार्केज प्रति इंटरनेशनल विंडो करीब 8.7 लाख रुपए कमा रहे थे।
- खस्ता वित्तीय हालात के अलावा भारतीय टीम का हालिया प्रदर्शन भी बेहद निराशाजनक रहा है। टीम ने इस साल अब तक 4 मैच खेले हैं, जिसमें उसे सिर्फ एक में जीत मिली है। टीम ने दो हारे हैं और एक ड्रॉ रहा।



All Loans are at the sole discretion of Tata Capital Limited (TCL). Terms and Conditions apply.

## पहला टेस्ट: तीसरे ही दिन 9 विकेट से जीता न्यूजीलैंड



भास्कर न्यूज़ | बुलवायो

न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला 9 विकेट के बड़े अंतर से जीता। कीवी टीम ने जिम्बाब्वे को तीसरे ही दिन करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने चौथी पारी में मिले 8 रन के लक्ष्य को सिर्फ 14 गेंदों में एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह जिम्बाब्वे की लगातार पांचवीं टेस्ट हार रही। शुक्रवार को 31/2 से आगे खेलने उतरी जिम्बाब्वे की पूरी टीम सिर्फ 165 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मिचेल सेंटनर ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। सीन विलियम्स (49) ने टीम को पारी की हार से बचाया। न्यूजीलैंड के लिए मुकाबले में 9 विकेट लेने वाले अनुभवी पेसर मैट हेनरी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## पहला टी20: पाकिस्तान 12 मैचों से विंडीज पर अजेय



भास्कर न्यूज़ | लॉडरहिल

वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान ने 14 रनों से जीत लिया। इसके साथ ही पाक टीम ने विंडीज पर अपना 8 साल और 12 मैचों से जारी विजयी अभियान बरकरार रखा। वेस्ट इंडीज 2017 के बाद से पाक को कोई टी20 नहीं हरा सका है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक ने 178/6 का चुनौतीपूर्ण टोटल खड़ा किया। ओपनर सैम अयूब (57) ने अर्धशतक लगाया। जवाब में जॉनसन चार्ल्स (35) और ज्वेल एंड्रयू (35) ने 11.1 ओवर में 72 रन की धीमी ओपनिंग साझेदारी की। इसके चलते कैरेबियन टीम कभी भी लक्ष्य के करीब जाती नहीं दिखी और 164/7 के स्कोर तक ही पहुंच सकी।

दैनिक भास्कर

## स्पोर्ट्स चैलेंज

### हर हफ्ते खेलिए क्विज और जीतिए 10 इनाम

क्विज खेलने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें। इसके 5 सवालों के सही जवाब देकर बन सकते हैं विजेता। सही जवाब वाले विजेताओं का चयन लकी ड्रॉ द्वारा होगा। क्विज में आज रात 12 बजे तक हिस्सा ले सकते हैं।

**हर हफ्ते 10 विजेताओं को 20 हजार रु. मूल्य के इनाम**

### चैलेंज-42 के सवाल

**Q1 1844 में हुए किसी भी खेल के पहले आधिकारिक इंटरनेशनल गेम में भाग लेने वाले देश कौन से थे?**
A. इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया B. इंग्लैंड-अमेरिका
C. कनाडा-अमेरिका D. कनाडा-ऑस्ट्रेलिया

**Q2 महिला वनडे वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन किसके हैं?**
A. बेलिंडा क्लार्क B. डेबी हॉकले
C. करेन रोल्टन D. सारा टेलर

**Q3 दुनिया का सबसे बड़ा टेनिस संग्रहालय, इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम किस देश में है?**
A. जर्मनी B. स्विट्जरलैंड
C. अमेरिका D. इंग्लैंड

**Q4 फीफा वर्ल्ड कप पहली बार कब खेला गया था?**
A. 1931 B. 1930
C. 1932 D. 1934

**Q5 अमेरिकी तैराक माइकल फेल्प्स ने करियर में कितने ओलिंपिक मेडल जीते हैं?**
A. 28 B. 23
C. 26 D. 16

- 10 विजेताओं के नाम देखें सोमवार को।

**पांचवां टेस्ट** • इंग्लैंड 247 पर ढेर; भारत का दूसरी पारी में 75/2 स्कोर, 52 की बढ़त

# सभी 15 विकेट पेसर्स के नाम

### हरी पिच पर भारत के सिराज और प्रसिद्ध को 4-4 विकेट

भास्कर न्यूज़ | लंदन

ओवल की हरी-भरी पिच पर शुक्रवार का दिन पूरी तरह गेंदबाजों के नाम रहा। पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन 15 विकेट गिरे, जो पेसर्स ने झटके। यह मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट वाला दिन रहा। इससे पहले, लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन दोनों टीमों के कुल 14 विकेट गिरे थे। इन गिरते विकेटों के बीच भारतीय टीम ने इंग्लैंड पर 52 रन की मामूली लेकिन जरूरी बढ़त बना ली है। खराब रोशनी की वजह से जल्दी खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में 75/2 का स्कोर बना लिया था। स्टंप्स के समय ओपनर यशस्वी 52* और नाइट वॉचमैन आकाश दीप 4* रन बनाकर क्रीज पर थे। केएल राहुल (7) को जोश टंग और सुदर्शन (11) को अटकिंसन ने आउट किया।

**दूसरे सेशन में 6 विकेट लेकर भारत की वापसी:** दिन की शुरुआत में परेशानी में दिख रही भारतीय टीम ने दूसरे सेशन में वापसी की। इस सेशन में इंग्लैंड ने अपने 6 प्रमुख बैटर्स को गंवाया। एक समय पर 129/1 के स्कोर पर दिख रही मेजबान टीम का स्कोर 215/7 हो गया। इसमें सिराज और प्रसिद्ध ने 3-3 विकेट आपस में बांटे। हालांकि, इस बीच हैरी ब्रूक ने 53 रन की तेज पारी खेलकर टीम को बढ़त दिलाई। दिन के आखिरी सेशन में सिराज-प्रसिद्ध ने एक-एक और विकेट लेकर इंग्लैंड की पहली पारी 247 रन पर खत्म कर दी। इससे पहले, इंग्लैंड ने शुरुआत में अपने 50 रन सिर्फ 7 ओवर में पूरे कर लिए। इंग्लैंड को पहला झटका 92 के स्कोर पर बेन डकेट (43) के रूप में लगा। लेकिन क्रॉली ने आक्रामक पारी जारी रखते हुए 64 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड ने 100 रन 14.4 ओवर में पूरे कर लिए। यह भारत के खिलाफ तीसरी सबसे तेज टीम सेंचुरी रही। मैच खेल रहे इंग्लिश प्लेयर्स दिवंगत दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम थोर्प के सम्मान में हेडबैंड पहनकर उतरे थे।




**200** इंटरनेशनल विकेट पूरे हुए भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के। उन्होंने ओली पोप को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की।

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड ने टॉस जीता (गेंदबाजी)

**भारत पहली पारी (204/6 से आगे)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| करुण एलबीडब्ल्यू बो टंग | 57 | 109 | 8/0 |
| सुंदर कै ओवर्टन बो अटकिंसन | 26 | 55 | 3/0 |
| आकाश दीप नाबाद | 0 | 7 | 0/0 |
| सिराज बो अटकिंसन | 0 | 4 | 0/0 |
| प्रसिद्ध कै स्मिथ बो अटकिंसन | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 38, **कुल:** 224/10. **विकेट:** 7-218, 8-220, 9-224, 10-224. **गेंदबाजी:** वोक्स 14-1-46-1, अटकिंसन 21.4-8-33-5, जोश टंग 16-4-57-3, ओवर्टन 16-0-66-0, बेथल 2-1-4-0.

**इंग्लैंड पहली पारी**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्रॉली कै जडेजा बो प्रसिद्ध | 64 | 57 | 14/0 |
| डकेट कै जुरेल बो आकाश दीप | 43 | 38 | 5/2 |
| पोप LBW सिराज | 22 | 44 | 4/0 |
| रूट LBW सिराज | 29 | 45 | 6/0 |
| ब्रूक बो सिराज | 53 | 64 | 5/1 |
| बेथल LBW सिराज | 6 | 14 | 1/0 |
| स्मिथ कै राहुल बो प्रसिद्ध | 8 | 22 | 1/0 |
| ओवर्टन LBW प्रसिद्ध | 0 | 4 | 0/0 |
| अटकिंसन कै आकाश बो प्रसिद्ध | 11 | 16 | 2/0 |
| जोश टंग नाबाद | 0 | 7 | 0/0 |
| क्रिस वोक्स एबसेंट हर्ट | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 247/10. **विकेट:** 1-92, 2-129, 3-142, 4-175, 5-195, 6-215, 7-215, 8-235, 9-247, 10-247. **गेंदबाजी:** सिराज 16.2-1-86-4, आकाश दीप 17-0-18-1, प्रसिद्ध 16-1-62-4, जडेजा 2-0-11-0.

**भारत दूसरी पारी**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी नाबाद | 51 | 49 | 7/2 |
| राहुल कै रूट बो टंग | 7 | 28 | 1/0 |
| सुदर्शन LBW अटकिंसन | 11 | 29 | 1/0 |
| आकाश दीप नाबाद | 4 | 2 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 2, **कुल:** 75/2. **विकेट:** 1-46, 2-70. **गेंदबाजी:** अटकिंसन 6-2-26-1, जोश टंग 7-1-25-1, ओवर्टन 5-1-22-0.

### 34 गेंद में अंतिम 4 विकेट गंवाकर ढेर हुई टीम इंडिया

शुक्रवार को 204/6 से आगे खेलने उतरी भारतीय टीम का लोअर ऑर्डर फ्लॉप रहा। टीम ने अंतिम चार विकेट सिर्फ 34 गेंदों में 20 रन जोड़कर गंवा दिए और इस सीरीज में पहली पारी के सबसे छोटे टोटल 224 रन पर ढेर हो गई।

## माइंड गेम # 165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | | | | | | 4 |
| | 3 | | | | | | | |
| 5 | | 4 | | 9 | | | 2 | 1 |
| | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| 6 | | | 8 | | | 4 | | |
| 9 | 1 | | | | 3 | | | |
| 7 | 8 | | 9 | 2 | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | 5 | 3 | | | 7 | 2 | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 164 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 7 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 | 4 | 2 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 | 9 |

## वर्ड-लूप # 165




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 164 का जवाब: EGESTION

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### टी20: एशिया कप से पहले यूएई, पाक और अफगानिस्तान के बीच ट्राई-सीरीज

**शारजाह** | एशिया कप की तैयारियों के लिए यूएई, पाकिस्तान, अफगानिस्तान अगस्त-सितंबर में शारजाह में टी20 ट्राई-सीरीज खेलेंगे। तीनों टीमें एक-दूसरे से दो-दो बार भिड़ेंगी। राउंड-रॉबिन फॉर्मेट के बाद टॉप-2 टीमें 7 सितंबर को फाइनल खेलेंगी। पहला मैच पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच 29 अगस्त को होगा।

### टेनिस: ज्वेरेव ने करियर में 500वां एटीपी मैच जीता, कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर में



**टोरंटो** | जर्मन टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कनाडा ओपन के तीसरे राउंड में इटली के मातेओ अर्नाल्डी को 6-7, 6-3, 6-2 से हराया। यह उनकी 500वीं एटीपी जीत है। वे 1990 या उसके बाद जन्मे पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 500 सिंगल्स मुकाबले जीते हों। उनका मुकाबला 14वीं सीड फ्रांसिस्को सेरुंदोलो से होगा।

### दिल्ली में 21 अगस्त को भारतीय बॉक्सिंग महासंघ का चुनाव, अजय सिंह फिर उतरेंगे

**नई दिल्ली** | भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन के चुनाव 21 अगस्त को दिल्ली में होंगे। अंतरिम समिति ने घोषणा की। पूर्व अधिकारियों का कार्यकाल 2 फरवरी को खत्म हो गया था। फिर 28 मार्च को चुनाव होने थे। पर कई कानूनी विवादों के कारण प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। अध्यक्ष अजय सिंह तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ेंगे।

### लंका प्रीमियर लीग का छठा सीजन 27 नवंबर से, फाइनल 23 दिसंबर को होगा

**कोलंबो** | लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का छठा सीजन 27 नवंबर से 23 दिसंबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट कोलंबो, कैंडी और दांबुला में आयोजित होगा। अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए इस बार टूर्नामेंट के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। लीग में छठी टीम जोड़ने की चर्चा चल रही है।

**मकाऊ ओपन** • लक्ष्य इस साल पहली बार अंतिम-4 में

## बैडमिंटन: जूनियर वर्ल्ड चैम्पियन को हराकर तरुण सेमीफाइनल में

### सात्विक-चिराग की जोड़ी बाहर

भास्कर न्यूज़ | मकाऊ

स्टार शटलर लक्ष्य सेन और उभरते खिलाड़ी तरुण मण्णेपल्ली मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए, जबकि सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। 23 वर्षीय तरुण ने चीन के हू झे को 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। तरुण ने जूनियर वर्ल्ड चैम्पियन को तीन गेम में शिकस्त दी। यह उनका किसी सुपर 300 इवेंट में पहला सेमीफाइनल है। फिर लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21-14, 18-21, 21-14 से मात दी। लक्ष्य इस साल पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।



### अंडर-17 फुटबॉल: भारत-पाक मैच 22 सितंबर को

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन ने सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप का शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का 10वां संस्करण 15 से 27 सितंबर तक श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के ग्रुप ए में बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और ग्रुप बी में भारत, पाकिस्तान, मालदीव, भूटान हैं। भारत और पाकिस्तान 22 सितंबर को आमने-सामने होंगे। डिफेंडिंग चैम्पियन भारत अभियान की शुरुआत मालदीव के खिलाफ करेगा, जबकि मेजबान श्रीलंका और नेपाल के बीच ओपनिंग मैच होगा। हर ग्रुप की टीमें एक-दूसरे से एक-एक बार खेलेंगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

### लेजेंड्स क्रिकेट: दक्षिण अफ्रीका ने रोमांचक सेमीफाइनल 1 रन से जीता

भास्कर न्यूज़ | बर्मिंघम

दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस ने रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 1 रन से हराकर वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लेजेंड्स टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया चैम्पियंस को अंतिम ओवर में 14 रन बनाने थे। पहली गेंद पर छक्का लगा। लेकिन वेन पार्नेल ने दमदार वापसी करते हुए अगली पांच गेंदों में सिर्फ 6 रन खर्चे और ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य से दूर रखा। डैनियल क्रिश्चियन (49*) की शानदार पारी भी ऑस्ट्रेलिया को फाइनल तक नहीं पहुंचा सकी। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने कप्तान एबी डिविलियर्स (6) के सस्ते में पवेलियन लौटने के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 186/7 का बड़ा स्कोर बनाया था। मोर्ने वैन विक (76) और जेजे स्मट्स (57) ने दमदार अर्धशतकीय पारियां खेली थीं। फाइनल में साउथ अफ्रीका चैम्पियंस का सामना पाकिस्तान चैम्पियंस से होगा।

**भास्कर खास** चीन व इंग्लैंड की स्कूल गर्ल्स का कमाल: अपने-अपने खेल में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन

# 12 साल की जिदी व 10 की बोधना: 2 खेल, जज्बा एक

### स्विमिंग: जिदी वर्ल्ड चैम्पियनशिप की सबसे युवा मेडलिस्ट

**चीन की** 12 साल की स्कूलगर्ल यू जिदी ने सिंगापुर में वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैम्पियनशिप में मेडल जीतकर तहलका मचा दिया। वह इस चैम्पियनशिप में मेडल जीतने वाली सबसे कम उम्र की तैराक बन गईं। यू ने महिलाओं की 4x200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले के हीट्स में हिस्सा लिया था, जिसमें उनकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। जिदी ने सिर्फ छह साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी। इस साल मई में उन्होंने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में 2:10.63 मिनट का समय निकालकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैम्पियनशिप में भी वे इंडिविजुअल मेडल के बेहद करीब पहुंचीं, लेकिन दो इवेंट्स में चौथे स्थान पर फिनिश कर पदक से चूक गईं।



हालांकि, इतनी कम उम्र में उनके अत्यधिक प्रेशर वाले इवेंट्स में हिस्सा लेने से नई बहस छिड़ गई है। चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने की न्यूनतम उम्र 14 साल है, लेकिन जिदी को उनके शानदार समय के कारण अनुमति मिली। विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी कम उम्र में उच्च स्तरीय खे और मेहनत शरीर और मानसिकता पर असर डाल सकती है।

### चेस: बोधना की नजर सबसे युवा नेशनल विजेता बनने पर

इंग्लैंड की 10 साल की शतरंज खिलाड़ी बोधना सिवानंदन भी चेस चैम्पियनशिप में सबसे युवा राष्ट्रीय महिला चैम्पियन बनने का रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगी। बोधना ब्रिटिश चेस चैम्पियनशिप में 1,600 से ज्यादा खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्होंने हाल ही में फ्रांस के ऐक्स-एन-प्रोवेंस टूर्नामेंट में 4.5/9 अंक हासिल कर वीमेन ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। इस प्रदर्शन से उन्होंने सर्वकालिक नंबर-1 महिला खिलाड़ी जूडिट पोल्गर (12 साल) और नंबर-2 खिलाड़ी चीन की होउ यिफान (11 साल) का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके आधार पर बोधना की रेटिंग 2087 से बढ़कर 2216 हो गई थी। बोधना ने उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर



ओर्टिक निग्मतोव के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। नेशनल चैम्पियनशिप का आयु रिकॉर्ड जुलाई 2024 में 10 वर्षीय अब्दलरहमान समेह मोहम्मद ने बनाया था, जिन्होंने काहिरा में मिस्र की चैम्पियनशिप में 2466 रेटिंग के साथ कुल 10.5/11 अंक हासिल किए थे। ब्रिटेन के लिए यह रिकॉर्ड अक्षया कलैयालहान (11 साल) के नाम है।

## क्रॉसवर्ड # 955



**बायें से दायें:**

1. संजीव कुमार, सुचित्रा सेन, ओम शिवपुरी की 1975 की फिल्म (2)। 3. कान्तियुक्त, झलकता हुआ (4)। 7. अनुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री (3,2)। 9. शपथ (3)। 11. लज्जित कराना (4)। 12. रानी पद्मावती का तोता (4)। 13. तृण (3)। 14. भारतीय रजतपट की पहली नायिका '...' रानी (3)। 15. गति, चाल, आचार व्यवहार (3)। 17. अनादर, उपेक्षा (3)। 18. पिता (2)। 20. मुख, चेहरा (3)। 22. भिक्षुक, मांगने वाला (4)। 25. भेड़ के बालों से बनती है (2)। 26. बलराम, विष्णु (5)। 28. जहाज ठहरने का स्थान, पोर्ट (5)। 29. खब्त, धुन,झोंक (3)।

**ऊपर से नीचे:**

1. उपद्रव, कंपन, उद्वेग (4)। 2. धैर्य (3)। 3. टेस्ट करना, स्वाद दिलाना (3)। 4. माण्डवगढ़ (2)। 5. मकर के आकार का (5)। 6. '...' '...' यादव उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री (2,3)। 8. जीवाणुओं का विवेचन करने वाला विज्ञान (3,3)। 10. सदृश, एक सा (2)। 12. तुच्छ, ओछा (2)। 14. गाइड, जानी मेरा नाम, हरेरामा हरे कृष्णा फिल्मों के अभिनेता (2,3)। 16. रोकना, नियंत्रण करना (5)। 19. प्राप्ति की स्वीकृति (3)। 21. मनरेगा का पुराना नाम (3)। 23. रस हीन (3)। 24. गेहूं का एक नाम (3)। 25. बेचैनी (2)। 27.वे का एक वचन (2)।

**क्रॉसवर्ड 954 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 त | 2 प | 3 न | क | 4 र | ■ | 5 भू | 6 भा | ग |
| 7 ख | ट | का | ■ | 8 फू | 9 ल | गो | भी | ■ |
| 10 मी | ना | र | ■ | 11 च | ह | ल | ■ | 12 क |
| 13 ना | य | ■ | 14 ट | क्क | र | ■ | 15 था | र |
| ■ | 16 क | 17 चू | म | र | ■ | 18 ल | क | वा |
| 19 वि | ■ | 20 हे | टी | ■ | 21 त | म | ■ | ■ |
| 22 शा | र | दा | ■ | 23 सै | र | स | पा | 24 टा |
| र | ■ | 25 नी | 26 ला | ■ | 27 क | म | ■ | ल |
| 28 द | गा | ■ | 29 ख | रा | श | ■ | 30 जी | ना |



## प्रयागराजः गंगा का जलस्तर बढ़ा, राजापुर में कई घरों में पानी भरा

**प्रयागराज** | तस्वीर यूपी के प्रयागराज की है, जहां गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे फाफामऊ में गंगा नदी का जलस्तर लगभग 83.4 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान (84.7 मीटर) से लगभग 1.2 मीटर कम है। इसके बावजूद शहर के कई हिस्सों में घरों में पानी घुस गया। राजापुर सहित शहर के कई इलाकों में सैकड़ों घरों के रास्ते बंद हो गए हैं। राजापुर में 7 हजार घर हैं, जिनमें से अधिकांश पानी में डूबे हैं। प्रशासन ने 6 राहत नावें तैनात की हैं।

**भास्कर नॉलेज**

## बेंगलुरु में मिला दुर्लभ ब्लड ग्रुप, यह खोज कितनी अहम?

**बेंगलुरु** | 'सीआरआईबी'- दुनिया का सबसे दुर्लभ रक्त समूह बेंगलुरु की एक महिला में खोजा गया है। इसने चिकित्सा जगत को चौंका दिया है। इसकी खोज भारत और ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने मिलकर की है। यह मातृत्व, नवजात सुरक्षा और रक्तदान के मानकों को नई दिशा देने वाला है। इस खोज से जुड़े अहम पहलू को समझते हैं...

- **सीआरआईबी ब्लड ग्रुप आखिर है क्या?**
यह ब्लड ग्रुप इंसानी रक्त की अब तक ज्ञात 43 प्रणालियों से अलग है। यह ब्लड ग्रुप आईएनआरए (इंडियन रेयर एंटीजन) नामक सिस्टम का हिस्सा है, जिसे 2022 में अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली थी।
- **सीआरआईबी का चिकित्सीय महत्व क्या है?**
यह ब्लड हेमोलिटिक बीमारी (गर्भवती मां और बच्चे का रक्त समूह और अलग-अलग आरएच कारक) जैसी स्थितियों में महत्वपूर्ण है, जहां मां की इम्यून प्रतिक्रिया भ्रूण के खून को नुकसान पहुंचा सकती है।
- **यह खोज भारत के लिए कितनी अहम है?**
भारत में आनुवंशिक विविधता अधिक है और पहले भी कुछ रेयर ब्लड ग्रुप यहीं खोजे गए हैं। इम्यूनोहेमेटोलॉजी के क्षेत्र में भी विशेषज्ञ इसे बड़ा मील का पत्थर मान रहे हैं। यह न सिर्फ ब्लड ट्रांसफ्यूजन की मौजूदा समझ को चुनौती देता है, बल्कि इंसानी जेनेटिक्स व इम्यून सिस्टम को बेहतर तरीके से समझने का अवसर भी देता है।
- **क्या दुनिया में और लोग भी हैं जिनमें यह है?**
अभी तक वैश्विक स्तर पर 10 से भी कम मामलों की पहचान हुई है, और बेंगलुरु की यह महिला फिलहाल एकमात्र ज्ञात सक्रिय हैं जिनमें यह ब्लड ग्रुप मौजूद है।
- **खोज के बाद वैज्ञानिक अब क्या सुझा रहे हैं?**
वैज्ञानिक सीआरआईबी-विशेष एंटीबॉडी पैनल तैयार करने की मांग कर रहे हैं ताकि जल्द पहचान और इलाज संभव हो सके। साथ ही भारत में रेयर ब्लड रजिस्ट्री तैयार करने की मांग का भी सुझाव दे रहे हैं।

**रूस-यूक्रेन युद्ध में नया मोड़** • मेदवेदेव-ट्रम्प की बयानबाजी परमाणु तैनाती तक पहुंची

# रूस पर भड़के ट्रम्प ने 2 एटमी पनडुब्बियां रवाना कीं, कहा- यह फाइनल अल्टीमेटम

भास्कर न्यूज | वॉशिंगटन/मॉस्को

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 रूस के नजदीकी क्षेत्रों में परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा- 'रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव के अत्यधिक भड़काऊ बयानों को देखते हुए, मैंने एहतियातन दो परमाणु पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों में तैनात करने का आदेश दिया है। शब्द मायने रखते हैं और अक्सर अनचाहे नतीजों की ओर ले जाते हैं। उम्मीद है कि यह मामला उन परिस्थितियों में शामिल नहीं होगा।' उन्होंने कहा यह फाइनल अल्टीमेटम है।

### मेदवेदेव ने 'डेड हैंड' की धमकी दी थी...

- **28 जुलाई:** ट्रम्प ने कहा कि यदि रूस 10–12 दिनों के भीतर यूक्रेन युद्ध समाप्त नहीं करता, तो उस पर गंभीर आर्थिक प्रतिबंध और टैरिफ लगाए जाएंगे। अमेरिका शांति चाहता है, लेकिन वह कमजोर नहीं है।
- **29 जुलाई:** रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव ने लिखा- हर नई डेडलाइन एक धमकी है और युद्ध की ओर एक कदम है। अमेरिका को अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए अगर वह रूस को इस तरह धमकाता है।
- **30 जुलाई:** ट्रम्प ने मेदवेदेव को 'फेल पूर्व राष्ट्रपति' कहते हुए कहा- उन्हें अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। वे अब एक बहुत खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं।
- **31 जुलाई:** मेदवेदेव ने फिर धमकी दी, कहा- सोवियत युग की 'डेड हैंड' प्रणाली आज भी सक्रिय है। यदि अमेरिका सोचता है कि वह एकतरफा आदेश दे सकता है, तो वह गलतफहमी में है। **इसके बाद शुक्रवार को ट्रम्प ने एटमी पनडुब्बियों की तैनाती का आदेश दिया।**

## ट्रम्प टैरिफ पर बागी तेवर; ब्राजील ने बोला- किसी दबाव में नहीं झुकेंगे, कनाडा ने कहा- हम नए ट्रेड पार्टनर खोजेंगे



**रियो** | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाने के बाद दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक संकट में पहुंच गए हैं। राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने राष्ट्रपति ट्रम्प के कदम को 'अस्वीकार्य हस्तक्षेप' करार देते हुए कहा कि ब्राजील दबाव में कोई समझौता नहीं करेगा। हम झुकेंगे नहीं। राष्ट्रपति लूला ने कहा कि राजनीतिक तर्क देकर व्यापारिक प्रतिबंध लगाना अन्यायपूर्ण है।'

ब्राजील सरकार की ओर से कहा गया है कि यदि अमेरिका 50% टैरिफ का आक्रामक रुख रखता है, तो ब्राजील भी 50% जवाबी टैरिफ लगाएगा और वैकल्पिक बाजार तलाशेगा। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति भवन वाइट हाउस ने अपने कार्यकारी आदेश में आरोप लगाया कि ब्राजील 'पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो का राजनीतिक उत्पीड़न' कर रहा है और 'कानून के शासन को तोड़ रहा है।' राष्ट्रपति लूला के विदेश नीति सलाहकार सेल्सो आमोरिम ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई सार्थक बातचीत की गुंजाइश बची है। वरिष्ठ राजनयिक रुबेंस रिकुपेरो ने कहा, व्यावहारिक रूप से दोनों देशों के बीच अब कोई संबंध नहीं बचे हैं। ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद के नेतृत्व में सरकार कंपनियों के लिए राहत पैकेज तैयार कर रही है।

### कनाडाई पीएम कार्नीः हमारी इंडस्ट्री के लिए 'बाय कनाडियन' नीति अपनाएंगे



कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा- ट्रम्प ने टैरिफ 25% से बढ़ाकर 35% कर दिया है, जो कि यूएस-मैक्सिको-कनाडा एग्रीमेंट के दायरे से बाहर हैं। मैं ट्रम्प के फैसले से निराश हूं। हम कनाडाई लोगों की नौकरियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने उद्योगों को समर्थन देने, 'बाय कनाडियन' (कनाडाई प्रोडक्ट खरीदो) नीति को बढ़ावा देंगे। पीएम कार्नी ने कहा कि नए ट्रेड पार्टनर खोजेंगे।

### अफ्रीका के मंत्री बोले- हमारे संसाधनों के लिए कोई भी हमें धमका नहीं सकता



अमेरिका द्वारा 30% टैरिफ लगाने के फैसले पर दक्षिण अफ्रीका के खनिज एवं पेट्रोलियम संसाधन मंत्री ग्वाडे मंताशे ने कहा कि अमेरिका चाहे जो भी टैरिफ लगाए, ऐसे नहीं चलेगा। दक्षिण अफ्रीका अपनी प्राकृतिक संपदा के लिए किसी तरह की धमकी या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। मंताशे ने साफ कहा कि अगर कोई हमसे व्यापार करना चाहता है, तो वह आपसी हितों के आधार पर होना चाहिए।

**एजिंग इन इंडिया** • चैलेंजेस एंड अपॉर्च्युनिटीज रिपोर्ट

## देश में 70% बुजुर्ग दूसरों पर निर्भर, रिटायरमेंट के बाद भी कर रहे काम

**नई दिल्ली** | देश के 70% बुजुर्ग आज भी आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर हैं। इनमें से कई लोग रिटायरमेंट के बाद भी काम कर रहे हैं ताकि गुजारा कर सकें। यह खुलासा 'एजिंग इन इंडियाः चैलेंजेस एंड अपॉर्च्युनिटीज' रिपोर्ट में हुआ है। यह रिपोर्ट संकल्प फाउंडेशन ने नीति आयोग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ मिलकर जारी की है। रिपोर्ट में भारत की बुजुर्ग आबादी पर कई अहम बातें सामने आई हैं।

**भोजन की कमीः सबसे ज्यादा कुपोषित बुजुर्ग ओडिशा में**

- 6.4% बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें अपने खाने की मात्रा कम करनी पड़ी। 5.6% ने कहा कि वे भूखे सोए। 4.2% ने बताया कि पिछले एक साल में एक दिन ऐसा आया जब उन्होंने कुछ नहीं खाया।
- ओडिशा (37.1%) और यूपी (36.6%) में सबसे ज्यादा बुजुर्ग कुपोषित पाए गए। वहीं, पंजाब (28%) और चंडीगढ़ (21.5%) में मोटापा सबसे ज्यादा देखा गया।

**बीमारियों का बोझः गोवा में 60% को हार्ट की दिक्कत**

- 60 साल से ऊपर के लोगों में 35.6% को हृदय रोग, 32% को हाई ब्लड प्रेशर और 13.2% को डायबिटीज है।
- गोवा (60%) और केरल (57%) में हृदय रोग सबसे ज्यादा हैं। डायबिटीज के मामले केरल (35%), पुडुचेरी (28%) और दिल्ली (26%) में सबसे ज्यादा हैं।
- 19% बुजुर्गों को हड्डी और जोड़ से जुड़ी बीमारियां हैं।

**मानसिक स्वास्थ्यः 18.7% बुजुर्ग महिलाएं अकेले रह रहीं**

- 30% बुजुर्गों में डिप्रेशन के लक्षण पाए गए। 8% में गंभीर डिप्रेशन की आशंका है। संयुक्त परिवार की परंपरा टूटने से बुजुर्गों में अकेलापन बढ़ा है। 18.7% बुजुर्ग महिलाएं और 5.1% पुरुष अकेले रह रहे हैं।

**उम्र के आधार पर भेदभावः हर 10 में से 1 इससे पीड़ित रहा है**

- दिल्ली में 12.9% बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें उम्र के कारण भेदभाव का सामना करना पड़ा। हर 10 में से 1 बुजुर्ग ने माना कि उम्र ही उनके साथ भेदभाव की मुख्य वजह है। ग्रामीण और गरीब बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित हैं।

**राज्यवार बुजुर्गः केरल में सबसे ज्यादा तो सबसे कम बिहार में**

- 2021 के आंकड़ों के अनुसार, केरल में 60 साल से ऊपर की आबादी 16.5% है, जो देश में सबसे ज्यादा है। तमिलनाडु (13.6%), हिमाचल (13.1%) और पंजाब (12.6%) हैं। ▪ बुजुर्गों की आबादी सबसे कम बिहार (7.7%) में है। फिर यूपी (8.1%) और असम (8.2%) आते हैं।

**सवाल-जवाब** • हादसे में 18 लोगों की जान गई थी और 15 घायल हुए थे

## एक यात्री के सिर पर रखा भारी सामान गिरने से हुई थी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ः केंद्र

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ एक यात्री के सिर पर रखे भारी बोझ के गिरने से हुई थी। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि हादसे में 18 लोगों की जान गई और 15 घायल हुए। रिपोर्ट के अनुसार, रात 8:15 बजे के बाद प्लेटफॉर्म 14/15 से जुड़े फुटओवर ब्रिज-3 पर भीड़ बढ़ी। कई यात्री भारी बोझ लेकर चल रहे थे। एक यात्री का सामान गिरा, जिससे सीढ़ियों पर यात्री गिरने लगे और भगदड़ मच गई। मंत्री ने बताया कि मृतकों के परिजनों व घायलों को 2.01 करोड़ रु. की सहायता दी गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए 73 स्टेशनों पर स्थायी होल्डिंग एरिया और एक्सेस कंट्रोल जैसे उपाय किए जा रहे हैं।

### अब तक 79.71 करोड़ आभा अकाउंट बनाए जा चुके हैं

- 79.71 करोड़ आभा अकाउंट बनाए जा चुके हैं और 65.09 करोड़ हेल्थ रिकॉर्ड इससे लिंक किए गए हैं। 4.17 लाख स्वास्थ्य संस्थानों और 6.76 लाख हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री में रजिस्टर हुए।
- ई-संजीवनीः यह सेवा अब तक 39 करोड़ मरीजों को परामर्श दे चुकी है।

**बाघ के हमले और बाघों की मौतः** देश में 2020-2024 के बीच बाघों के हमलों से 378 इंसानों की मौतें हुईं, जिनमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक (218) शामिल हैं। वहीं, इस दौरान कुल 667 बाघों की मौत हुई।

**मनरेगाः** बंगाल का सबसे ज्यादा 3,038 करोड़ बकाया है। इसके बाद आंध्र 1,684-करोड़, बिहार-893 करोड़, यूपी-694 करोड़ रु. बकाया हैं।

**आरोप** • सलाह लिए बिना राज्यपाल ने नियुक्ति की

## केरलः दो वीसी की नियुक्ति करने पर राज्यपाल-सरकार में तकरार

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल में राज्यपाल राजेन्द्र विष्णु अरलेकर और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के बीच कुलपति नियुक्तियों को लेकर टकराव गहरा गया है। राज्यपाल ने शुक्रवार को बिना सरकार से चर्चा किए राज्य डिजिटल यूनिवर्सिटी में डॉ. सीजा थॉमस और एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में डॉ. शिवप्रसाद को अंतरिम कुलपति के रूप में फिर से नियुक्त कर दिया।

राजभवन के मुताबिक ये, नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार हुई हैं। लेकिन सीएम विजयन ने इसे विश्वविद्यालय अधिनियमों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की मूल भावना के खिलाफ बताते हुए राज्यपाल को पत्र लिखकर तत्काल रद्द करने की मांग की है।

राज्य के कानून मंत्री राजीव और उच्च शिक्षा मंत्री बिंदु ने आरोप लगाया कि राज्यपाल न केवल सरकार की ओर से सुझाए नामों की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि संघ से जुड़े लोगों को नियुक्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार को विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी से बाहर रखने की एक राजनीतिक साजिश रची जा रही है।

## गुजरातः दाऊद के सहयोगी की 2 संपत्तियां जब्त की गईं

एजेंसी | नई दिल्ली

एनआईए ने माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम के सहयोगी मोहम्मद यूनुस उर्फ मंझरो की गुजरात के भरूच में स्थित दो अचल संपत्तियां जब्त कर ली हैं। यह कार्रवाई 2015 में भाजपा कार्यकर्ताओं शिरीष बंगाली और प्रग्नेश मिस्त्री की हत्या के मामले में की गई है। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत अहमदाबाद की विशेष अदालत के आदेश पर अटैच किया गया है। जब्त की गई संपत्तियों में भरूच शहर के वार्ड नंबर 3 में स्थित दो आवासीय भूखंड शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 173.55 वर्ग मीटर है।

**नागपुर** • आरएसएस प्रमुख भागवत की अपील

## संस्कृत को घर-घर तक पहुंचाने, संचार माध्यम बनाने की जरूरत

भास्कर न्यूज | नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी है और इसे संचार का माध्यम बनाना व हर घर तक पहुंचाना आज की आवश्यकता है।

नागपुर स्थित कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक नए भवन के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने यह बात कही।

भागवत ने कहा कि संस्कृत न केवल एक भाषा है, बल्कि भावों को विकसित करने वाली संवेदनात्मक शक्ति भी है। उन्होंने कहा कि लोगों को न केवल संस्कृत को समझना चाहिए, बल्कि दैनिक संवाद में इसे उपयोग में लाने की आदत भी डालनी चाहिए।



उन्होंने माना कि उन्होंने स्वयं संस्कृत सीखी है, पर धाराप्रवाह बोलने में अभी भी कठिनाई होती है, जो बताता है कि संवाद की अभ्यासात्मक जरूरत कितनी अहम है।

**भास्कर खास** 2018 में फिलिस्तीनी टीम का हिस्सा थे पर एशियन गेम्स से पहले गोली लगने से भाग नहीं ले पाए

# हमले ने एक पैर छीना पर पैडल नहीं रुके; बेल्जियम में साइक्लिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में उतरेंगे अल-दाली, परिवार गाजा में बम और बेबसी में फंसा

भास्कर न्यूज | ब्रसेल्स

एक पैर, एक साइकिल और एक ऐसा सपना जो बंदूक की गोली से भी नहीं टूटा। फिलिस्तीनी पैरा-साइक्लिस्ट अला अल-दाली इसी माह बेल्जियम में होने वाली वर्ल्ड पैरा-साइक्लिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक खेल नहीं, एक जंग है और वह है अपने लोगों के अस्तित्व की, अपने परिवार की सलामती की, और उस उम्मीद की जो गाजा की बमबारी में भी जिंदा है।

2018 में 'ग्रेट मार्च ऑफ रिटर्न' प्रदर्शन में वह शामिल हुए थे तभी वह इजराइली हमले के शिकार हुए। गोली लगने के चलते उन्हें पैर कटाना पड़ा। इस हमले के चलते 18 अगस्त से 2 सितंबर 2018 के बीच हुए एशियन गेम्स का सपना टूट गया। लेकिन अल-दाली ने हार नहीं मानी। उन्होंने साइकिल की दुबारा ट्रेनिंग शुरू कर दी लेकिन इस बार एक पैर के साथ। अल-दाली कहते हैं मैं भले ही बेल्जियम में ट्रेनिंग कर रहा हूं, लेकिन उनका मन गाजा में फंसे अपने बच्चों और पत्नी में अटका है, जो बमों, भूख और डर के साये में जी रहे हैं। बेल्जियम में रहने के लिए उन्होंने अपने दोस्तों और समर्थकों की मदद से फंडिंग जुटाई है। वह अपील करते हैं कि उनकी जीत, उनके लिए नहीं, गाजा के सैकड़ों बच्चों की उम्मीद है।



अल-दाली

### 'हम सिर्फ मरने वाले आंकड़े नहीं हमारे भी सपने'

19 मई को गाजा में एक मिसाइल हमले में अल-दाली का चचेरा भाई अहमद मारा गया। अहमद भी दिव्यांग था। अल-दाली याद करते हुए कहते हैं, वह दूसरों की मदद करता था। वह घायलों की मदद करने गया और दूसरी मिसाइल ने उसे भी खत्म कर दिया। वह कहते हैं, हम चाहते हैं कि दुनिया देखे कि हम जिंदा हैं, हम लड़ रहे हैं, हम सिर्फ मरने वाले आंकड़े नहीं हैं। हमारी कहानियां हैं, हमारे भी सपने हैं। अल-दाली बेटी को याद करते हुए बताते कि मैं जब भी वीडियो कॉल पर बेटी की आंखों में देखता है, तो वो कहती है बाबा, आपको जीतना है।

### गाजा सनबर्ड्सः अल-दाली की टीम जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचा रही

पैर गंवाने के बाद सपनों को फिर जिंदा करने के साथ-साथ अल-दाली ने 2020 में 'गाजा सनबर्ड्स' नामक पैरा-साइक्लिंग टीम बनाई। यह सिर्फ खेल की टीम नहीं थी, बल्कि गाजा के भीतर एक उम्मीद की किरण थी। दिव्यांग खिलाड़ियों को तैयार करना और साथ ही जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना टीम का उद्देश्य है। इस टीम ने अब तक 3.5 करोड़ रु. से ज्यादा की सहायता सामग्री बांट चुके हैं। गाजा की सड़कों पर, बमबारी के बीच जब गाड़ियां बंद हो जाती हैं, तब यही साइकिलें लोगों के लिए सहारा बनती हैं। अल-दाली कहते हैं, हम सिर्फ पैडल नहीं मारते, हम उन गलियों में उम्मीद लेकर जाते हैं जहां कोई नहीं पहुंचता।

**उत्तराखंड पंचायत चुनाव**

## कांग्रेस और भाजपा दोनों ने चुनाव जीत का दावा किया

एजेंसी | देहरादून

उत्तराखंड के तीन-स्तरीय पंचायत चुनावों के नतीजे शुक्रवार को घोषित हो गए। चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवा उम्मीदवारों की जीत को शुभ संकेत बताया और ग्राम सभाओं के विकास का आह्वान किया। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि जनता ने भ्रष्टाचार और महिला अपराधों के खिलाफ वोट दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के परिजन चुनाव हारे हैं, ऐसे में जश्न मनाना सत्ता का दंभ है। कुल 10,831 पदों के लिए दो चरणों में 69.16% मतदान हुआ। कांग्रेस ने जिला पंचायत की 198 सीटों में से 138 पर जीत का दावा किया है।

**एयरलाइन ने पैसेंजर को सुरक्षा अधिकारियों को सौंपा**

## इंडिगो की मुंबई-कोलकाता उड़ान में यात्री ने सहयात्री को जड़ा थप्पड़

एजेंसी | नई दिल्ली

मुंबई से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई138 में शुक्रवार को एक यात्री ने विमान में खड़े सहयात्री को अचानक थप्पड़ मार दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा गया कि थप्पड़ मारने से यात्री घबरा गया और रोने लगा। एक अन्य यात्री ने बताया कि पीड़ित यात्री को पैनिक अटैक आ रहा था। फ्लाइट क्रू ने तुरंत हस्तक्षेप किया और थप्पड़ मारने वाले व्यक्ति को शांत रहने के लिए कहा। बता दें कि दोनों यात्री एक ही समुदाय के थे।

इंडिगो ने इस घटना पर बयान जारी करते हुए कहा, हम किसी भी प्रकार के अशालीन और हिंसक व्यवहार की कड़ी निंदा करते हैं। एयरलाइन ने बयान में यह भी बताया कि क्रू ने एसओपी के अनुसार काम किया। संबंधित व्यक्ति को सुरक्षा अधिकारियों को सौंप दिया गया। प्रोटोकॉल के अनुसार, सभी संबंधित एजेंसियों को इस घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।



दैनिक भास्कर समूह | • 3 भाषाएं • 12 राज्य • 61 संस्करण

# दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर • मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | राजस्थान | नई दिल्ली
पंजाब | चंडीगढ़ | हरियाणा | हिमाचल प्रदेश | झारखंड | बिहार
दिव्य भास्कर • गुजरात | महाराष्ट्र
दिव्य मराठी • महाराष्ट्र






**एनकाउंटर स्पेशलिस्ट सेवानिवृत्त** • 1995 में ऐसे समय पुलिस में हुए भर्ती, जब मुंबई में रात-दिन सुनाई देती थी गैंगवार की गूंज

# दया नायक...80 से ज्यादा एनकाउंटर, जेल गए, प्रमोशन भी मिले

**मुंबई** | 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' दया नायक मुंबई पुलिस में 30 साल तक सेवाएं देने के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के दो दिन पहले वे पदोन्नत होकर सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बने। पिछले साल ही वे वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के रूप में पदोन्नत हुए थे। साल 1995 में वे मुंबई पुलिस में ऐसे समय जुड़े, जब मुंबई 1993 बम विस्फोट की आग में झुलस चुकी थी। धमाकों के बाद दाऊद इब्राहिम देश छोड़कर भाग गया। लेकिन छोटा राजन, अरुण गवली जैसे गैंगस्टरों से मुंबई दहशत में थी। दिन रात गैंगवार की गूंज सुनाई देती थी। ऐसे समय में दया नायक के रूप में मुंबई पुलिस को एक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट मिला।



### कभी निलंबन, कभी प्रमोशन

2006 .... आपराधिक गतिविधियों के आरोप पर जांच, जेल भी जाना पड़ा।
2010 .... सुप्रीम कोर्ट ने बरी कर दिया।
2012 .... मुंबई पुलिस में फिर बहाली हुई
2015 .... दया नायक नागपुर पोस्टिंग जॉइन नहीं करने पर सस्पेंड किए गए।
2016 .... मुंबई पुलिस में फिर बहाल।
2018 .... प्रमोट कर इंस्पेक्टर बने।
2019 .... एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड का हिस्सा।
2021 .... एंटीलिया केस में शामिल रहे।

### छोटा राजन गिरोह के गुर्गों से हुई थी पहली मुठभेड़

नायक की पहली जॉइनिंग जुहू पुलिस थाने में हुई। 31 दिसंबर की रात को छोटा राजन गिरोह से मुठभेड़ हुई। दया ने दो गुर्गों को ढेर कर दिया। इस पर डिप्टी पुलिस कमिशनर सत्यपाल सिंह ने उन्हें सीनियर एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा का 'राइट हैंड' बना दिया गया। दया नायक ने पूरे कार्यकाल में 80 से ज्यादा एनकाउंटर किए।

### रेलवे की कैंटीन और होटल में वेटर का काम किया

कर्नाटक में उडुपी जिले के येन्नेहोल गांव में जन्मे दया नायक मां राधा नायक के साथ मुंबई आ गए। प्लेटफॉर्म व फुटपाथ पर रातें गुजारीं। रेलवे स्टेशन की कैंटीन में नौकरी मिल गई। इसके बाद होटल में 'वेटर' का काम भी किया। पढ़ने की लगन देखकर होटल मालिक ने स्कूल में दाखिला करा दिया। वे काम के साथ पढ़ाई भी करते रहे।

### स्कूल में डोनेशन के लिए दबाव बनाने लगा आरोप

2000 में वे विवादों में आए, जब उन्होंने मां के नाम स्कूल खोला। फिर साल 2003 आरोप लगा कि कि दया नायक छोटा राजन के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं।, जिसे उन्होंने नकारा। दया नायक पर फिल्म 'अब तक छप्पन'बनी। अन्य फिल्में गोलीमार (तेलुगु), रिस्क, एनकाउंटर दयानायक, आनः मेन एट वर्क, डिपार्टमेंट हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 8 फीट की बॉल पर 6,750 लोगों ने किए हस्ताक्षर, बनाया रिकॉर्ड




**न्यूयॉर्क** | न्यूयॉर्क में एक बड़ी बेसबॉल पर 6750 के हस्ताक्षर का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। यह 8 फीट डायमीटर की बॉल 24 जून को इंडियानापोलिस इंडियंस के होम ग्राउंड विक्ट्री फील्ड से अपनी यात्रा पर निकली थी। इसने अमेरिका के 15 बेसबॉल स्टेडियमों का दौरा किया और आखिर में न्यूयॉर्क स्थित एमएलबी फ्लैगशिप स्टोर पर पहुंची। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एक अधिकारी ने बॉल की जांच बाद रिकॉर्ड की घोषणा की।

### झारखंड के सूरज यादव डिलीवरी बॉय से बने डिप्टी कलेक्टर

**गिरिडीह** | झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन परीक्षा में गिरिडीह के सूरज यादव ने सफलता हासिल की। उन्होंने आर्थिक तंगी के बीच पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए उन्होंने स्विगी और रैपिडो में डिलीवरी बॉय का काम किया। सूरज के पिता राजमिस्त्री हैं और घर की हालत बेहद कमजोर रही।



सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 15 सितंबर तक के लिए टली

# 'शिवलिंग पर बिच्छू' टिप्पणी मामले में शशि थरूर को राहत

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर 'शिवलिंग पर बिच्छू' वाली टिप्पणी के मामले सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने उनके खिलाफ चल रही मानहानि की कार्रवाई पर रोक को आगे बढ़ा दिया है। शुक्रवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई 15 सितंबर तक टाल दी। शिकायतकर्ता और भाजपा नेता राजीव बब्बर के वकील ने गैर-सामान्य दिन पर सुनवाई की मांग की। इस पर जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन दौरान सिंह की बेंच ने कहा, इतना संवेदनशील क्यों हो रहे हैं?



थरूर ने दिल्ली हाईकोर्ट के 2024 के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ मानहानि की कार्रवाई रद्द करने से इनकार कर दिया था।

### 2018 में एक कार्यक्रम में की थी टिप्पणी

थरूर ने यह टिप्पणी 2018 में एक कार्यक्रम के दौरान की थी। उन्होंने दावा किया था कि एक आरएसएस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना 'शिवलिंग पर बैठे बिच्छू' से की थी। यह बात उन्होंने छह साल पहले एक मैगजीन में छपे एक लेख के हवाले से कही थी।
सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी इस पर हैरानी जताई थी कि जब यह लेख 2012 में छपा था, तब इसे मानहानि नहीं माना गया। जस्टिस रॉय ने पहले कहा था, 'यह एक रूपक है, वे नहीं समझ पा रहे कि इस पर आपत्ति क्यों हो रही है।

### तलाक के लिए लगाया गया नपुंसकता का आरोप मानहानि नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई** | बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि तलाक की कार्रवाई के दौरान पति पर लगाए गए नपुंसकता के आरोप को मानहानि नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब कोई महिला अपने वैवाहिक अधिकारों की रक्षा के लिए ऐसे आरोप लगाती है तो यह वैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा होता है। जस्टिस एसएम मोडक ने 17 जुलाई को यह आदेश दिया था, जो सार्वजनिक किया गया। उन्होंने कहा कि नपुंसकता का आरोप पूरी तरह प्रासंगिक है। यह तलाक का वैध आधार हो सकता है।

## डरावना सपना बना सच, जलती कार से मां ने बच्चों को बचाया

एजेंसी | वॉशिंगटन

रुबेन और रैचेल के जीवन में कार दुर्घटना का सपना हकीकत में बदल जाएगा, ऐसा उन्होंने कभी सोचा नहीं था। दरअसल, रुबेन ने एक दिन अपनी पत्नी को बताया कि उन्होंने एक ऐसा डरावना सपना देखा, जिसमें वे एक पुल से कार सहित नीचे गिर गए और उन्हें तय करना पड़ा कि उनके दो बच्चों में से किस बचाएं। कुछ दिन बाद उसी पुल पर रैचेल कार से जा रही थी और हकीकत में उस कार में आग लग गई। रैचेल हॉकिंस अपनी तीन साल की बेटी तालिया और 10 महीने के बेटे वेस्टन के साथ जा रही थीं। तभी उन्हें कार से प्लास्टिक जलने की बदबू आई, जिसे नजरअंदाज कर दिया। कुछ ही मिनटों बाद कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। धुएं के कारण सड़क दिखना बंद हो गई। जैसे-तैसे कार को साइड में लगाया। उन्होंने देखा कि बोनट में आग लग चुकी थी। डर के मारे वे चिल्लाने लगी। उन्होंने तुरंत वेस्टन को कार सीट से निकाला, लेकिन तालिया को निकलने के लिए उन्हें कार के दूसरी ओर जाना पड़ा'। तालिया की सीट के पास आग फैल चुकी थी। वह डर के मारे चिल्लाई- मम्मी तभी एक अनजान शख्स ने आकर वेस्टन को गोद में लिया और अपनी कार की ओर ले गया। रैचेल ने तेजी से तालिया को गोद में उठाया और उस शख्स की कार में बैठ गईं।



**वकील से ठगी** • सर्च किया कस्टमर केयर नंबर, हो गई ठगी

# वॉशिंग मशीन ठीक करने का फॉर्म डाउनलोड कराया, निकाले 98 हजार

भास्कर न्यूज़ | ग्वालियर

ग्वालियर के थाटीपुर में रहने वाले वकील के खातों से ठगों ने दो बार में 98 हजार रुपए निकाल लिए। वकील ने बीते वर्ष खरीदी वॉशिंग मशीन में खराबी आने पर कंपनी के कस्टमर केयर के नंबर पर कॉल किया था। उन्होंने कस्टमर केयर नंबर ऑनलाइन सर्च किया। कस्टमर केयर के नंबर पर बात करने पर उन्होंने वकील को ऑनलाइन फार्म भेजा। इस फॉर्म को भरने के बाद ठग ने दो बार में 98 हजार रुपए निकाल लिए। थाना प्रभारी विपेंद्र सिंह ने बताया कि इंदिरा नगर में 64 वर्षीय वकील रामविलास शर्मा ने वॉशिंग मशीन में खराबी आने पर एजेंसी के नंबर पर कॉल किया था। कर्मचारी ने कस्टमर केयर पर शिकायत दर्ज कराने को कहा। उन्होंने कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर फोन किया फोन पर युवक ने मशीन ठीक कराने के लिए एक फॉर्म भरने को कहा। इसके बाद हमारा कर्मचारी आपके घर पहुंचेगा। वकील ने जैसे ही फार्म भरने के लिए क्लिक कर डाउनलोड किया वैसे ही उनका मोबाइल हैंग हो गया।

## भास्कर एक्सपर्ट

**संजीव नयन शर्मा**, प्रभारी राज्य साइबर सेल,

### एंड्रॉयड पैकेज किट फाइल और बैंक केवाईसी के लेटर न करें डाउनलोड

अब एंड्रॉयड पैकेज किट फाइल व केवाईसी बैंक के लेटर के नाम पर ठगी ज्यादा हो रही है। पहले यह फाइल एपीके के नाम से भेजी जाती थी। केवाईसी के लिए बैंक कलर्ड लेटर व सील के साथ भेजा जाता है। इसमें बैंक का नाम, सील स्पष्ट दिखती है। इसलिए एंड्रॉयड पैकेज किट व बैंक केवाईसी लेटर भी डाउनलोड करने से बचना चाहिए।

**धर्मेंद्र शर्मा**, साइबर सेल, जिला पुलिस

### इनवेस्टमेंट व शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर ठगी के मामले ज्यादा

वर्तमान में इनवेस्टमेंट व शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर ठगी के मामले बढ़े हैं। इन दोनों ही मामलों में ठग इनवेस्टमेंट व शेयर ट्रेडिंग करने वाले लोगों को वाट्सएप, टेलीग्राफ पर ग्रुप से जोड़ते हैं। कभी-कभी फोन मुनाफा दिखाते हैं। इसके बाद एप डाउनलोड कराया जाता है। यह एप फर्जी होता है। इनवेस्टमेंट और ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर ठगी बढ़ गई है।







प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001